ताजा खबरों के लिए देखें
prabhatmantra.com e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26 पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये

# प्रभात मंत्र

हिन्दी दैनिक

रांची, सोमवार | 28.04.2025 | वर्ष 12, अंक 116 | RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

औकात से ज्यादा अगर बिना मेहनत के मिल जाए, तो आँखे अंधी और आत्मा बहरी हो जाती है!

## क्विक न्यूज

### आईपीएल टिकट की कालाबाजारी करते दो गिरफ्तार

**जयपुर :** सवाई मानसिंह स्टेडियम में 28 अप्रैल (सोमवार) को राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला गुजरात टाइटंस से होगा। इस मैच के टिकटों की कालाबाजारी कर दो आरोपितों को लाल कोठी थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों से 56 टिकट रिकवर किए गए हैं। एक कार भी बरामद की है।पुलिस उपायुक् जयपुर पश्चिम तेजस्वनी गौतम ने बताया कि आईपीएल मैच में टिकटों की कालाबाजारी को रोकने के लिए सभी थानों को निर्देशित किया गया था। 26 अप्रेल को सीएसटी के कॉन्स्टेबल प्रदीप की सूचना पर संदीप नाटाणी (45) पुत्र गोविंद दास नाटाणी निवासी चौड़ा रास्ता थाना कोतवाली जयपुर और चंद्र प्रकाश (26) पुत्र नारायण निवासी कंवर नगर थाना ब्रह्मपुरी को पकड़ा गया।संदीप नाटाणी के पास मिले सफेद लिफाफे को चेक किया तो उसमें 28 अप्रैल को होने वाले आईपीएल मैच के 40 टिकट थे। हर टिकट 2400 रुपये का था। इनके सीरियल नंबर 164433 से 164472 तक थे। चन्द्र प्रकाश के पास मिले सफेद लिफाफे को चेक किया तो उसमें 28 अप्रैल के मैच के 16 टिकट प्रत्येक टिकट 3200 रुपये के मिले। जिसके सीरियल नंबर 164543 से 164558 तक कुल 16 टिकट मिले। दोनों ने पूछताछ में बताया कि 2400 रुपए के टिकट ये लोग 4 हजार और 3200 रुपये के टिकट 5 हजार रुपये में ब्लैक में बेच रहे थे। प्रिन्ट रेट से अधिक रुपए में टिकट बेच कर धोखाधड़ी कर रुपये कमाने पर इन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

### शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपित को जेल

**बलरामपुर :** बलरामपुर जिले के सनवाल पुलिस ने शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपित को झारखंड के गढ़वा जिले से गिरफ्तार कर आज न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।पुलिस के द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, पीड़िता ने आज रविवार सुबह सनवाल थाने में शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत में उसने बताया कि बीते वर्ष नवंबर माह में मनोज यादव गढ़वा निवासी से स्कूल आने जाने के दौरान बातचीत शुरू हुई थी। इसके कुछ दिन बाद आरोपित ने स्कूल के आगे जंगल की ओर ले जाकर शारीरिक संबंध बनाया। आगे पीड़िता ने बताया कि, शादी आश्वासन देकर और डरा धमका कर कई बार आरोपित ने उसके साथ संबंध बनाया। इसकी जानकारी परिवारवालों को मिली। अब शादी से मुकरने लगा है।पीड़िता की शिकायत पर सनवाल पुलिस ने आज केस दर्ज कर आरोपित मनोज यादव (20 वर्ष) को झारखंड के गढ़वा जिले से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### पहलगाम आतंकी घटना के विरोध में जयपुर में विशाल आक्रोश रैली

**जयपुर:** पाकिस्तान प्रायोजित पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं सर्व समाज द्वारा रविवार सुबह सन एंड मून रोड नंबर 1 से कांटा चौराहा, झोटवाड़ा तक आक्रोश रैली निकाली गई। हिंदू समाज के आक्रोशित लोग हजारों की संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पहलगाम में बलिदान हुए निर्दोष हिंदुओं को सर्व समाज द्वारा पुष्प श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बजरंग दल के प्रान्त संयोजक प्रेम सिंह ने कार्यक्रम में आए कार्यकर्ताओं एवं हिंदू समाज को संबोधित किया। उन्होंने संपूर्ण हिंदू समाज से जात-पात को भुलाकर एकजुट होने की अपील की । उन्होंने विश्वास दिलाया कि बजरंग दल आतंकियों के खिलाफ हर मोर्चे पर भारतीय सेना के साथ खड़ा है।रैली में हवा महल विधानसभा क्षेत्र के विधायक बालमुकुंद आचार्य ने भाग लेकर कार्यकर्ताओं एवं आम समाज का उत्साह बढ़ाया। रैली में लव जिहाद की झांकी मुख्य आकर्षण रही। कार्यक्रम में मंच संचालन विनीत ने किया।

### चुटकी




### रांची का तापमान

अधिकतम $24^0$

न्युनतम $13^0$

#### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में किया पहलगाम घटना का जिक्र

# हर भारतीय का खौल रहा खून : पीएम मोदी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात को संबोधित किया। अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कई मुद्दों पर बात की। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के हम लोगों में जो आक्रोश है, वो आक्रोश पूरी दुनिया में है। इस आतंकी हमले के बाद लगातार दुनिया भर से संवेदनाएं आ रही हैं। मुझे भी वैश्विक नेताओं ने फोन किए हैं, पत्र लिखे हैं, संदेश भेजे हैं। इस जघन्य तरीके से किए गए आतंकी हमले की सब ने कठोर निंदा की है। उन्होंने मृतकों के परिवारजनों के प्रति संवेदनाएं प्रकट की हैं।पूरा विश्व, आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में, 140 करोड़ भारतीयों के साथ खड़ा है। मैं पीड़ित परिवारों को फिर भरोसा देता हूं कि उन्हें न्याय मिलेगा, न्याय मिलकर रहेगा।पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत एक वैश्विक अंतरिक्ष पावर बन चुका है। हमने एक साथ 104 सैटेलाइट का लॉन्च करके रिकॉर्ड बनाया है। हम चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाले पहले देश बने हैं। भारत ने मंगल ऑर्बिटर मिशन का प्रक्षेपण किया है और हम आदित्य - एल1 मिशन के जरिए सूरज के काफी करीब तक पहुंचे हैं। आज भारत पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा प्रभावी लागत लेकिन सफल अंतरिक्ष कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहा है। दुनिया के कई देश अपनी सैटेलाइट और अंतरिक्ष मिशन के लिए इसरो की मदद लेते हैं। उन्होंने कहा कि अब भारत ने अपने अंतरिक्ष सेक्टर को निजी सेक्टर के लिए भी खोल दिया है। आज बहुत से युवा अंतरिक्ष स्टार्टअप में नए झंडे लहरा रहे हैं। 10 साल पहले इस क्षेत्र में सिर्फ एक कंपनी थी, लेकिन आज देश में सवा तीन सौ से ज्यादा अंतरिक्ष स्टार्टअप काम कर रहे हैं। आने वाला समय अंतरिक्ष में बहुत सारी नई संभावनाएं लेकर आ रहा है।पीएम मोदी ने कहा कि पिछले महीने म्यांमार में आए भूकंप की खौफनाक तस्वीरें आपने जरूर देखी होंगी। भूकंप से वहां बहुत बड़ी तबाही आई, मलबे में फंसे लोगों के लिए एक-एक सांस, एक-एक पल कीमती था। इसलिए भारत ने म्यांमार के हमारे भाई-बहनों के लिए तुरंत ऑपरेशन ब्रह्मा शुरू किया।

### दंतेवाड़ा में उम्मीद की किरण बना विज्ञान केंद्र

उन्होंने कहा कि आज भारत का युवा विज्ञान, तकनीक और इनोवेशन की ओर बढ़ रहा है। ऐसे इलाके जिनकी पहचान पहले पिछड़ेपन और दूसरे कारणों से होती थी, वहां भी युवाओं ने ऐसे उदाहरण प्रस्तुत किये हैं, जो हमें, नया विश्वास देते हैं। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा का विज्ञान केंद्र आजकल सबका ध्यान खींच रहा है। कुछ समय पहले तक, दंतेवाड़ा का नाम केवल हिंसा और अशांति के लिए जाना जाता था, लेकिन अब वहां, एक विज्ञान केंद्र, बच्चों और उनके माता-पिता के लिए उम्मीद की नई किरण बन गया है। इस विज्ञान केंद्र में जाना बच्चों को खूब पसंद आ रहा है। वे अब नई-नई मशीनें बनाने से लेकर तकनीक का उपयोग करके नए उत्पाद बनाना सीख रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि कुछ समय पहले मैंने गुजरात विज्ञान केंद्र में भी विज्ञान गैलेरी का उद्घाटन किया था। इनसे ये झलक मिलती है कि आधुनिक विज्ञान की संभावना क्या है, विज्ञान हमारे लिए कितना कुछ कर सकता है। मुझे जानकारी मिली है कि इनको लेकर वहां बच्चों में बहुत उत्साह है। विज्ञान और इनोवेशन के प्रति ये बढ़ता आकर्षण, जरूर भारत को नई ऊंचाई पर ले जाएगा।



**प्राकृतिक आपदा में फंसने से बचा सकता है सचेत एप :** प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी भी प्राकृतिक आपदा से निपटने में बहुत अहम् होती है - आपकी सतर्कता, आपका सचेत रहना। इस सतर्कता में अब आपको अपने मोबाइल के एक स्पेशल एप से मदद मिल सकती है। ये एप आपको किसी प्राकृतिक आपदा में फंसने से बचा सकते हैं और इसका नाम भी है सचेत। सचेत एप, भारत की राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने तैयार किया है।

### देश की सबसे बड़ी ताकत हमारे 140 करोड़ नागरिक हैं

प्रधानमंत्री ने कहा, हमारे देश की सबसे बड़ी ताकत हमारे 140 करोड़ नागरिक हैं, उनका सामर्थ्य है, उनकी इच्छा शक्ति है। और जब करोड़ों लोग, एक-साथ किसी अभियान से जुड़ जाते हैं, तो उसका प्रभाव बहुत बड़ा होता है। इसका एक उदाहरण है एक पेड़ मां के नाम - ये अभियान उस मां के नाम है, जिसने हमें जन्म दिया और ये उस धरती मां के लिए भी है, जो हमें अपनी गोद में धारण किए रहती है। उन्होंने कहा कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर इस अभियान के एक साल पूरे हो रहे हैं। इस एक साल में इस अभियान के तहत देश-भर में मां के नाम पर 140 करोड़ से ज्यादा पेड़ लगाए गए हैं। भारत की इस पहल को देखते हुए, देश के बाहर भी लोगों ने अपनी माँ के नाम पर पेड़ लगाए हैं। आप भी इस अभियान का हिस्सा बनें, ताकि एक साल पूरा होने पर, अपनी भागीदारी पर आप गर्व कर सकें।

## देश के व्यापारी करेंगे पाकिस्तान से व्यापार बंद



**व्यापारी नेताओं ने सरकार से मांग की कि ई-कॉमर्स कंपनियों पर उचित निगरानी की जाए और एक स्वतंत्र नियामक निकाय की स्थापना की जाए।कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल और राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री सुरेश सोंथालिया ने कहा कि पाकिस्तान से व्यापार बंद करने का निर्णय पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में लिया गया है। व्यापारी समुदाय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आतंकवाद विरोधी कदमों का समर्थन करता है और उनके नेतृत्व में देश की संप्रभुता की रक्षा के लिए तैयार है।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की दो दिवसीय राष्ट्रीय गवर्निंग काउंसिल की बैठक 25 और 26 अप्रैल को भुवनेश्वर में आयोजित की गई, जिसमें 26 राज्यों के 200 से अधिक व्यापारी नेताओं ने भाग लिया। बैठक में पाकिस्तान से व्यापार पूरी तरह बंद करने का निर्णय लिया गया। इस फैसले के तहत, पाकिस्तान के साथ सभी व्यापारिक संबंधों को तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाएगा। बैठक में यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि क्विक कॉमर्स और ई-कॉमर्स कंपनियों पर 28 फीसदी जीएसटी टैक्स लगाया जाए। इन कंपनियों द्वारा नियमों के उल्लंघन, अनुचित मूल्य निर्धारण और छोटे व्यापारियों के व्यापार को खत्म करने के आरोप लगाए गए। व्यापारी नेताओं ने सरकार से मांग की कि ई-कॉमर्स कंपनियों पर उचित निगरानी की जाए और एक स्वतंत्र नियामक निकाय की स्थापना की जाए।कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल और राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री सुरेश सोंथालिया ने कहा कि पाकिस्तान से व्यापार बंद करने का निर्णय पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में लिया गया है। व्यापारी समुदाय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आतंकवाद विरोधी कदमों का समर्थन करता है और उनके नेतृत्व में देश की संप्रभुता की रक्षा के लिए तैयार है।बैठक में यह भी चर्चा हुई कि जीएसटी प्रणाली को सरल और व्यापार के अनुकूल बनाने के लिए पुनरीक्षण की आवश्यकता है। व्यापारी नेताओं ने ई-कॉमर्स प्लेटफार्म्स पर पारदर्शिता और जवाबदेही की भी मांग की।

## पहलगाम हमले की एनआईए ने तेज की जांच



**एजेंसी**

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी को सौंपी गई है, इसी क्रम में एनआईए ने एफआईआर दर्ज कर जांच तेज कर दी है. घटना स्थल से मिले सैंपल को एनआईए ने फॉरेंसिक लैब भेज दिया है. इसके साथ ही एनआईए ने सभी चश्मदीद के बयान दर्ज करना भी शुरू कर दिए हैं.

एनआईए के आईजी, डीआईजी , एसपी स्तर के अधिकारी लोगों के बयान दर्ज कर रहे हैं. बताया जा रहा है कि हमले में मारे गए लोगों के परिवार के बयान भी दर्ज किए जाएंगे.जानकारी के मुताबिक जांच एजेंसी ने बेसरन घाटी के पांच किलोमीटर के रेडियस में मौजूद लोगों की लिस्ट तैयार करेगी और उनसे पूछताछ करेगी. वहीं बेसरन घाटी के एग्जिट और एंट्री प्वाइंट्स की भी बारीकी से जांच की जा रही है.फोरेंसिक और अन्य विशेषज्ञों की मदद से टीमें पूरे इलाके को खंगाल रही है. बताया जा रहा है कि आतंकी हमले के सीक्वेंस को भी तैयार किया जा रहा है.

एनआईए इस हमले से जुड़े आतंकी मॉड्यूल्स, स्थानीय नेटवर्क और संभावित स्लीपर सेल्स की भूमिका की भी बारीकी से जांच कर रही है. आतंकी हमले के बाद से ही एनआईए की टीम घटनास्थल पर मौजूद है. जिसमें फॉरेंसिक टीम के साथ-साथ इन्वेस्टिगेटिंग टीम भी शामिल हैं. जम्मू कश्मीर पुलिस सहित अन्य एजेंसी इस आतंकी हमले की जांच में एनआईए का सहयोग करेंगी.

## बाइक से टकराकर कुएं में गिरी कार, 6 लोगों की मौत



**एजेंसी**

**जयपुर :** मंदसौर जिले के नारायणगढ़ थाना क्षेत्र में रविवार को बड़ा हादसा हो गया। हादसे में एक बाइक सवार सहित कार सवार छह लोगों की मौत हो गई। वहीं चार लोग घायल हो गए जिन्हें इलाज हेतु जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि आंतरी माता जी के दर्शन के लिए जा रही कार बाइक से टकराकर बिना मुंडेर के कुए में जा गिरी। सूचना पर पुलिस व प्रशासन की टिम मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। कार सवार सभी लोग उन्हेल के बताए जा रहे है। जानकारी मिलने पर मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और डीआईजी मनोज कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचे और अधिकारियों को निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार मंदसौर जिले के नारायणगढ़ थाना क्षेत्र के बूढ़ा-टकरावत फंटे पर रविवार दोपहर करीब 2 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। एक बेकाबू ईको वैन ने पहले बाइक को टक्कर मारी, फिर खुद बिना मुंडेर के कुएं में जा गिरी। हादसे में पांच लोगों की मौत की खबर है। वहीं घायलों को बचाने के लिए कुए में उतरे दौरवादी निवासी मनोहरसिंह नमक युवक की भी गैस के कारण दम घुटने से मौत हो गई। बाइक सवार गोबर सिंह, निवासी आबाखेड़ी की मौके पर मौत की पुष्टि हो चुकी है। वैन में सवार एक अन्य व्यक्ति और बचाव के लिए कुएं में उतरे एक ग्रामीण की भी जान चली गई। कुल मिलाकर हादसे में अब तक छह लोगों की मौत की सूचना है। चार लोग घायल बताए गए हैं। वैन में 10 से अधिक लोग सवार थे, जो उज्जैन जिले के उन्हेल से नीमच जिले के मनासा क्षेत्र में स्थित आंतरी माता मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे।

## पाकिस्तान को घुटनों पर लाया जाएगा : हरदीप



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि पड़ोसी देश को घुटनों पर लाया जाएगा। ताकि वह ऐसी घृणित हरकत करने की फिर कभी न सोच सके.

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पतन की ओर अग्रसर एक ऐसा देश है जो आतंकवाद का सरकार की नीति के साधन के रूप में समय-समय पर इस्तेमाल करता रहता है.पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री ने मोहाली में एक कार्यक्रम में कहा,मुझे लगता है कि इस बार उन्होंने गलत अनुमान लगाया है. उन्होंने गलत नंबर डायल कर दिया क्योंकि हमारा नेतृत्व प्रधानमंत्री कर रहे हैं. प्रधानमंत्री ने बिहार में बयान दिया था,बहुत हो गया और अब उन्हें इसके परिणाम भुगतने होंगे.पुरी ने सिंधु जल संधि के निलंबन पर कहा कि भारत ने पहली बार ऐसा कदम उठाया है जिससे पाकिस्तान को उचित कीमत चुकानी पड़ी है. उन्होंने कहा, %मुझे नहीं लगता कि मुझे उन विकल्पों पर अटकलें लगानी चाहिए जिनका उपयोग किया जाएगा, लेकिन मुझे लगता है कि देश पतन की स्थिति में पहुंच चुका है. पश्चिमी पड़ोसी को घुटनों पर लाया जाएगा ताकि वह फिर कभी इस तरह का घृणित कृत्य करने के बारे में न सोचें.

## ऑल पार्टी मीटिंग में पीएम मोदी की अनुपस्थिति दुर्भाग्यपूर्ण : खड़गे

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बड़ा बयान दिया. उन्होंने कहा कि हाल ही में हुई आतंकी घटना, जिसमें लगभग 26 नागरिकों की जान गई और कई लोग घायल हुए, बेहद चिंताजनक है. इस संदर्भ में केंद्र सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में उन्होंने खुद भाग लिया, साथ ही लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष के नेता भी बैठक में उपस्थित थे.खरगे ने साफ किया कि जब सरकार इस प्रकार की आपात बैठक बुलाती है तो प्रधानमंत्री की उपस्थिति अति आवश्यक होती है. उनका इस बैठक से अनुपस्थित रहना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बिहार में चुनावी भाषण देने तो जा सकते हैं, लेकिन दिल्ली में रहकर देश की सुरक्षा को लेकर गंभीर चर्चा में शामिल नहीं हो सके.यह दर्शाता है कि वे इस घटना को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं.कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने बयान में कहा कि ऑल पार्टी बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्वयं माना कि यह एक सुरक्षा चूक थी. खरगे ने कहा कि उन्होंने बैठक में यह साफ किया कि इतनी बड़ी घटना एक गंभीर चेतावनी है और सरकार को इसे एक चुनौती के रूप में लेकर ठोस कदम उठाने चाहिए.



खरगे ने कार कि इसके बावजूद राष्ट्रहित में एकता का परिचय देते हुए हमने सरकार को आश्वासन दिया कि कांग्रेस पार्टी देश की सुरक्षा के मुद्दे पर सरकार के साथ खड़ी है, लेकिन इसके साथ ही सरकार की जवाबदेही तय होनी चाहिए.

## हल्की बारिश से मिली प्रचंड गर्मी से राहत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**रांची :** राजधानी रांची सहित राज्य के कई जिलों में रविवार को बादल छाए रहे। शाम तेज हवा और बूंदाबांदी से लोगों को गर्मी से राहत मिली। राज्य के कई जिलों में हल्की बारिश होने से मौसम खुशनुमा बना। रात में लोगों को ठंडा का एहसास हुआ।


इस कारण लोगों ने प्रचंड गर्मी से राहत की सांस ली। बादल छाने से प्रचंड गर्मी से लोगों को राहत मिली है।मौसम विभाग ने 29 अप्रैल तक विभन्न जिलों में गर्जन, वज्रपात और 30-50 किमी की गति से तेज हवा चलने की आशंका व्यक्त की है। इसे लेकर मौसम विभाग ने 28 अप्रैल को ऑरेन्ज अलर्ट और 29 अप्रैल के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।वहीं रविवार को रांची और आसपास ईलाकों में बादल छाए रहे और ठंडी हवाएं चलीं।बादल छाने और हवा चलने से मौसम काफी सुहावना हो गया है। रविवार को रांची में अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसी तरह अन्य शहरों के तापमान में पांच से छ्ह डिग्री की कमी दर्ज की गई।

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

# पंजरी खुर्द श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर निकली भव्य मंगल कलश शोभा यात्रा

## नवनिर्मित मंदिर के प्राणप्रतिष्ठा अनुष्ठान भी हुआ शुरू, जयघोष से गूंजा पूरा क्षेत्र





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** प्रखंड अंतर्गत लालगढ़ पंचायत के पंजरी खूर्द ग्राम में मारर देवी स्थल पर नवनिर्मित विशाल मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा पर आयोजित पांच दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर रविवार को भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली गयी. कलश यात्रा की शुरुआत नवनिर्मित मंदिर प्रांगण से हुयी. बाजे -गाजे के साथ 551 कलश लिये श्रद्धालुओं के आगे अश्वारोही दल व रथ पर सवार यज्ञाचार्य स्वामी देवनारायणाचार्य पांच किमी दूर कोयल नदी के सूर्यमंदिर स्थित नदी तट पर पहुंचे. जहां मंत्रपूजित जल भरकर श्रद्धालु वापस यज्ञशाला पहुंचे. यज्ञमंडप की परिक्रमा के उपरांत वैदिक मंत्रीचरणों के बीच कलश को स्थापित किया गया. बतौर मुख्य जजमान बीपीआरओ रौशन पाठक सपत्नीक अनुष्ठान को संपन्न कराया. शोभायात्रा में शिव पार्वती की लीलाओं पर आधारित झांकी आकर्षण का केंद्र रहा. यहां उल्लेखनीय है कि पंजरी खूर्द गांव में मारर देवी स्थल पर भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है. जिसमें भगवान शिव के पूरे परिवार सहित मां दुर्गे की प्रतिमा स्थापित होना है. इसी को लेकर पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान एवं श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया गया है. सोमवार को अरणी मंथन से उत्पन्न ज्वाला से मुख्य यज्ञ कुंड में अग्नि प्रवेश के उपरांत पांच दिवसीय महायज्ञ व देवी देवता विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान प्रारंभ होगा. महायज्ञ की पूर्णाहुति दो अप्रैल को महाभंडारे के साथ होगा. इस दौरान अयोध्या से पधारे रामकथा मर्मज्ञ आचार्य लखन महाराज के मुखारविंद से संध्याकालीन प्रवचन नियमित रूप से जारी रहेगा. कलश यात्रा में अध्यक्ष सच्चिदानंद तिवारी, करणी सेना के अध्यक्ष सोनू सिंह, जिप सदस्य विजय रविदास, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, लालगढ़ मुखिया धर्मेंद्र चौधरी, ज्योति कुमार पाठक, भाजपा नेता सुनील पांडेय, रासबिहारी तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, संपूर्णानंद सिंह, बिनोद पाण्डेय, प्रवीन मिश्र, सूरजमल राम, कामेश्वर पासवान, रमेश पासवान, तीर्थराज सिंह, निर्मल सिंह, रमेश पाठक, लोकनाथ पाठक, आलोक पाठक, कौशल पाठक, मुकेश पाठक, देवेंद्र पाठक, सूर्यदेव पाठक, जय किशोर पाठक, नितेश पाठक, सन्नी कुमार सहित आसपास के दर्जन भर गांवों के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुये।

# मोहम्मद गंज के ग्राम देवी शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाला गया जल यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** प्रखंड के गोडाडीह पंचायत अंतर्गत भाली गांव में श्री त्रिदण्डी स्वामी जी महाराज के परम पूज्य शिष्य लक्ष्मीपरपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के आशीर्वाद से पलामू वृद्धखैरा के पीठाधीश्वर श्री विष्णुचित्त स्वामी जी महाराज के सान्निध्य में ग्राम देवी, शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के लिए रविवार को यज्ञमंडप से गाजे बाजे, घोड़ा, रथ के साथ जलयात्रा निकली, जो गोडाडीह, कवलपुरा, माली, लटपौरी, भजनिया होते हुए मोहम्मदगंज कोयल और काशीस्त्रोत नदी के संगम स्थल पहुची। जहाँ आचार्य उपेन्द्र नारायण शुक्ल सहित विद्वान पंडितो ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में पवित्र जल भरवाए। कलश में जल लेकर जलयात्रा में शामिल हजारों के संख्या में शामिल बूढ़े,बच्चे, महिला पुरुष श्रद्धालु भीषण तपिश भरी गर्मी से बेपरवाह उत्साह के साथ जय श्रीराम, हर हर महादेव, जय माता दी के जयकारे के साथ भजनिया, बेगमपुरा होते हुए गांव स्थित यज्ञ मंडप में कलश को स्थापित किये। रविवार को ही यज्ञ मंडप मेंवेदी निर्माण होगा।28 अप्रैल को पंचांग पूजन, अरणी मंथन, मंडप पूजन के साथ पांच दिनों का श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ शुरू हो जाएगा, 1 मई को देवी मंदिर और शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होगा और यज्ञ का समापन 2 मई भव्य भंडारा के साथ होगा। जलयात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए भजनिया गांव के मनीष सिंह, बबलू सिंह सहित युवाओं के द्वारा पेयजल की व्यवस्था की गई थी, वही यज्ञ समिति के द्वारा भी पेयजल की व्यवस्था एक वाहन पर किया गया था,जो जलयात्रा के साथ ही चल रहा था।यज्ञ के सफलतापूर्वक आयोजन भाली, गोडाडीह, सहित आसपास के गांव ग्रामीण लगे हुए है।

# लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ने नम आंखों से बलिदानों को किया श्रद्धांजलि अर्पित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल ने शोक सभा आयोजित कर पाक के नापाक हमले का पुरजोर निंदा करते हुये शोक सभा का आयोजन किया गया। उपस्थित लोगों ने नम आंखों से बलिदानों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। क्लब अध्यक्ष ला0 नन्दलाल प्रसाद कि अध्यक्षता में क्लब कार्यालय गढ़वा मेल इस शोक सभा में सभी लायंस विशाल परिवार के पदाधिकारी एवं सदस्यों शामिल हुये। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दिया। इसके साथ ही विश्वव्यापी लायंस नव सदस्य दिवस के तहत लायंस क्लब ऑफ गढ़वा में विशाल में तीन नये सदस्यों का पदस्थापन हुआ। जिसमें डॉ पाटन काशमुर, डॉ. राहुल कुमार एवं विजय कुमार केशरी है। सभी नये सदस्यों को पीडीजी ला0 डॉ आर एन एस दिवाकर ने शपथ दिलाकर उन्हें लायंस इंटरनेशनल का पीन पहनाकर और प्रशस्ति पत्र देकर लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल का मेम्बर बनाया। तीनों नये सदस्यों का स्पॉन्सर रहे डॉ. एन के रजक को भी शपथ दिलाया गया। मौके पर डॉ. ज्वाला प्रसाद सिंह, डॉ. कमलेश कुमार, डॉ. यूएन बरनवाल, डॉ. अरशद अंसारी, डॉ. मोनजिर हशन, डॉ. दीपक विश्वास, डॉ. अर्जुन विश्वकर्मा, ब्रजमोहन प्रसाद, रघुवीर प्रसाद, सफदर अली खान, वेंकटेश्वर नारायण, गिरीश कमलापुरी, एवम् क्लब पीआरओ शौकत खान सहित सभी सदस्य उपस्थित थे।

# अवैध बालू का परिवहन करते पकड़ा गया ट्रैक्टर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हैदरनगर थाना पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान शनिवार की रात अवैध बालू का परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर को ड्राइवर सहित पकड़ लिया है। प्रशिक्षु आईपीएस सह हैदरनगर थाना प्रभारी दिव्यांश शुक्ला ने बताया कि कांड दर्ज कर अधौरा गांव निवासी ट्रैक्टर चालक जितेंद्र चंद्रवंशी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। उन्होंने बताया कि अवैध खनन एवं परिवहन पर अभियान आगे भी जारी रहेगा। उधर हैदरनगर पुलिस ने थाना के कोशिआरा गांव में देशी महुआ शराब निर्माण के लिए फुलाए गए 100 किलो जावा महुआ को नष्ट किया। अवैध शराब निर्माण व बिक्री के खिलाफ भी लगातार अभियान जारी रहेगा। प्रशिक्षु आईपीएस श्री शुक्ला ने बताया कि इसके अलावा सड़क सुरक्षा को लेकर भी अभियान जारी रहेगा। उन्होंने वाहन चालकों से सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की हिदायत दी।

# केतार में दानवीर भामाशाह की 478 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड अंतर्गत लोहिया समता उच्च विद्यालय के प्रांगण में रविवार को राष्ट्र गौरव दानवीर भामाशाह की 478 वीं जयंती धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोरंजन प्रसाद गुप्ता ने की, जबकि संचालन अरुण देव गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के जिला अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता ने भामाशाह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे एक प्रसिद्ध व्यापारी और मेवाड़ के महाराणा प्रताप के विश्वसनीय सहयोगी थे। जब महाराणा प्रताप आर्थिक संकट के कारण मुगलों से संघर्ष करने में कठिनाई महसूस कर रहे थे, तब भामाशाह ने अपनी संपूर्ण संपत्ति दान कर दी थी। उनके इस महान दान से महाराणा प्रताप को 25 हजार सैनिकों के 25 वर्षों तक निर्वहन योग्य धनराशि प्राप्त हुई, जिससे उन्हें नई ऊर्जा मिली और वे मेवाड़ राज्य को पुनः प्राप्त करने में सफल रहे। मौके पर मौजूद प्रखंड अध्यक्ष मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, सचिव मूंगा साह, और संरक्षक राम भजन गुप्ता ने संयुक्त रूप से कहा कि दानवीर भामाशाह का जीवन दूसरों के कल्याण के लिए समर्पित था। युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर उनके पदचिन्हों पर चलने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान पहलगाम में हुई दुखद घटना पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर सुरेंद्र गुप्ता जिला युवा अध्यक्ष अजीत गुप्ता जिला संयोजक मुकेश गुप्ता, अनिल गुप्ता, दीनदयाल गुप्ता, परशुराम गुप्ता, रामविचार साहू, बिंदु राम, संजय पाल, मनीष कुमार गुप्ता प्रखंड मीडिया प्रभारी मनोज गुप्ता संगठन मंत्री विजय गुप्ता उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता, चेमचंद साह, दीपू बालेश्वर साह, चंदेश्वर साह सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# श्री सर्वेश्वरी समूह प्रार्थना गृह द्वारा पंजरी खुर्द में खोली गयी पनशाला




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** श्री सर्वेश्वरी समूह के गुरी स्थित प्रार्थना गृह द्वारा रविवार को पंजरी खुर्द गांव में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ स्थल पर पनशाला खोली गयी. जिसका उद्घाटन पूर्व प्रमुख संतोष चौबे ने किया. इससे पहले परमपूज्य अघोरेश्व महाप्रभु जी और परमपूज्य गुरुदेव गुरूपद बाबा जी महाराज के चित्र समक्ष विशेष पूजा - अर्चना किया गया. समूह के सदस्यों द्वारा आज श्रद्धालुओं को लड्डू खिलाकर पानी पिलाया गया. संतोष चौबे ने कहा कि गर्मी के मौसम में प्यासे को पानी पिलाना दुनिया का सबसे बड़ा पुनीत कार्य है. समूह के सदस्य रामलखन पांडेय ने कहा कि मानव सेवा ही ईश्वर को सच्ची पूजा है. उन्होंने बताया कि समूह द्वारा अभी क्षेत्र की कई व्यस्ततम चौक चौराहों पर और पनशाला खोला जायेगा.श्री पांडेय ने कहा कि क्षेत्र में होने वाले सभी धार्मिक अनुष्ठानों में श्री सर्वेश्वरी समूह सेवा देते रहता है. मौके पर राश बिहारी तिवारी, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, संपूर्णानन्द सिंह, सच्चिदानंद तिवारी, ओमप्रकाश पांडेय, विजय यादव, हलकानी राम, चंद्रदेव साव, जवाहिर साव, प्राचार्य बिनोद पांडेय, साहेब राम, सनोज कुमार, सुनील पांडेय, संजीत कुमार मिश्रा सहित कई लोग मौजूद थे।

# शांतिपुरी में सुना गया पीएम के मन की बात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शांतिपुरी आवास बूथ संख्या 235 पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को हम सभी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में सुना गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेत्री सुश्री स्मिता, विभाकर नारायण पांडेय, प्रफुल्ल कुमार सिंह, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, रूपा सिंह, जिला मंत्री सोमेश सिंह, ईश्वरी पाण्डेय, संसद के निजी सचिव अलख दुबे, जय दुबे, विजय कुशवाहा, जितेन्द्र तिवारी, अविनाश कुमार सिन्हा, मंडल अध्यक्ष श्रवण गुप्ता, सुनील पांडेय, शशिभूषण पाण्डेय, भोला पाण्डेय, पंकज तिवारी, आनन्द सिंह, शुभक तिवारी, मनीष पांडेय, राजेश सिंह सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# गैर मजरुआ जमीन पर बने चारदीवारी पर चला बुलडोजर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर अंचला अधिकारी द्वारा गैर मजरुआ खास जमीन पर बने चारदीवारी को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर खाली करवाया गया. छतरपुर सीईओ उपेंद्र कुमार ने बताया कि अतिक्रमण वाद संख्या 08/2025 में पारित आदेश के अनुपालन में मौजा छतरपुर खाता संख्या 01, प्लॉट 436 किस्म जंगल झाड़ी, गैर मजरूआ खास झारखंड सरकार की भूमि पर चहारदीवारी निर्माण कर अतिक्रमण किया गया था, जिसे विधिवत दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त कराकर अतिक्रमण मुक्त कराया गया।विदित हो कि उक्त जमीन के अतिक्रमण वाद की सुनवाई में समर्पित दस्तावेज को अवैध पाया गया। उन्होंने बताया कि लगभग 250 फीट बाउंड्री तोड़कर जमीन खाली कराया गया यह भूमि छतरपुर हॉस्पिटल के लिए दी जा रही है जिसे आम जनों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए अस्पताल बितार करने की जरूरी है, खाता एक प्लॉट संख्या 436 में कुल रकबा 12.75 एकड़ है जिसमें पंचम सिंह वगैरह द्वारा अवैध दस्तावेज के आधार पर दावा किया जा रहा था।

# सीपीएल -15 की हुई बैठक, 22 मई से होंगे क्रिकेट टूर्नामेंट मैच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर हाई स्कूल के मैदान में रविवार को छत्तरपुर क्रिकेट क्लब द्वारा सीपी एल -15 क्रिकेट टूर्नामेंट मैच कराने हेतु बैठक का आयोजन किया गया, टूर्नामेंट हर वर्ष हाई स्कूल के मैदान में आयोजित किया जाता है इस वर्ष सीपीएल सीजन 15 की बैठक का अध्यक्षता पूर्व सीपीएल कमिश्नर सिंटू सिंह ने किया। जिसमे सर्व समिति से 22 मई 2025 दिन गुरुवार से मैच आरंभ करने का निर्णय लिया गया, जिसमे सीपीएल-15 का कमिशनर सोलड़ी सिंह, एवं सचिव रितेश चंद्रा क़ो बनाया गया, उपाध्यक्ष रजनीश कुमार, संरक्षक-अमित कुमार, सिंटू सिंह, सुरेश कुमार, प्रभात कुमार, डब्लू कुमार, गोलू सिंह, रोहित सिंह, रुपेश सिंह, योगी बघेल , राकेश चंद्रा, प्रदीप कुमार, गोल्डी सिंह, अमित सिंह, ऋतू रंजन सिंह, जीतेन्द्र गुप्ता, अजित प्रजापति क़ो बनाया गया , कोषाध्यक्ष- राहुल राय एवं मोनू सिंह को बनाया गया, मीडिया प्रभारी एवं सह संजोजक राहुल चंद्रा को बनाया गया, ब्यस्थापक - सोनू सिंह, नागेंद्र कुमार, मुन्ना सिंह, आशुतोष कुमार, विशाल कुमार, सदस्य - अंश कुमार, आर्यन, मुटुर, खुशहाल सिंह, विकी , प्रकाश उरांव, उपेंद्र उरांव, नधकू उराव, राजू सिंह, भीकू कुमार, बिट्टू, रवि कुमार, को बनाया गया है।

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में निकाला गया कैंडल सह प्रतिवाद मार्च




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** भाकपा माले के तत्वावधान में शनिवार की देर शाम जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुये आतंकी हमले के विरोध में अनुमंडल मुख्यालय में भवनाथपुर मोड़ से कैंडल सह प्रतिवाद मार्च निकाला गया।कैंडल सह प्रतिवाद मार्च मुख्य पथ से होते हुये बालिका उच्च विद्यालय के निकट पहुंचकर सभा मे तब्दील हो गया। प्रतिवाद मार्च में शामिल माले कार्यकर्ता नरसंहार के दोषी आतंकवादियों को कड़ी सजा दो, घ्रटना की जबावदेही गृहमंत्री को लेना होगा,देश मे हिन्दू मुस्लिम करना बंद करो, आतंकवादियों से मुकाबला के लिये देशवासी एकजुट हों, सीमा सुरक्षा से खिलवाड़ करना बंद करो, पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद आदि नारे लगा रहे थे। सभा को सम्बोधित करते हुये वक्ताओं ने कहा कि पहलगाम में हुये आतंकी नरसंहार की घटना की जितनी भी निंदा की जाय कम है। देश मे फासीवाद और साम्प्रदायिक ताकतों से एकजुट होकर संघर्ष करने की जरूरत है।आज पूरा देश इस घटना के खिलाफ एकजुट है। देश के गृहमंत्री और मोदी सरकार को इसकी जिम्मेदारी लेना होगा। सभा को कामेश्वर विश्वकर्मा, राजू विश्वकर्मा सहित अन्य ने सम्बोधित किया। सभा के अंत मे आतंकी हमले में मारे गये लोगो को श्रद्धांजलि दिया गया. प्रतिवाद मार्च में सुरेश उरांव, अयूब अंसारी, अख्तर अंसारी, राजकिशोर पासवान, सुनील उरांव, शांति देवी, प्रमिला देवी, लक्ष्मी देवी, रीता देवी, रुनिया देवी, सोनी देवी, कवल पतिया कुँवर, अनिता देवी सहित बड़ी संख्या में माले कार्यकर्ता शामिल थे।

# श्री श्री ठाकुर अनुकूल चन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा साप्ताहिक सत्संग का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जीतपा जंगीपुर में श्री श्री ठाकुर अनुकूल चन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा शनिवार को संध्या समय साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ दीप प्रज्वलन, शंख ध्वनि व वंदे पुरुषोत्तम ध्वनि के साथ किया गया।तत्पश्चात विश्व के कल्याणार्थ सामूहिक नाम जप ध्यान तथा सत्यानुशरण ग्रन्थ एवं नारीनीति ग्रन्थ का पाठ किया गया।धृति सुंदर लाल, अखिलेश दा, सतवंती देवी, माला देवी,प्रमिला देवी के द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया।इष्ट चर्चा करते हुए ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा ने कहा कि निः स्वार्थ भाव से किया गया दान सर्वोत्तम दान होता है, ऐसा दान करने से प्रकृति बहुत अधिक दान करने वालों को लौटा देती है।

# स्थानीय विधायक व झामुमो नेता ने आमिर रेयाज को किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** नेशनल ट्रैक साइक्लिंग में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने वाले आमिर रेयाज को नगर गढ़ पर रविवार को विधायक अनंत प्रताप देव (छोटे राजा) तथा झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य ताहीर अंसारी ने शॉल, बुके देकर व माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि हमारे क्षेत्र का आमिर रेयाज ट्रैक साइकलिंग में देश का प्रतिनिधित्व कर क्षेत्र व देश का नाम रोशन किया।उन्होंने कहा कि जिस तरह क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी ने पूरे दुनिया में नाम कमाया है उसी तरह आमिर रेयाज भी एक दिन पूरी दुनिया में नाम कमायेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विदेश दौरे से लौटने के बाद आमिर रेयाज को मुख्यमंत्री से मिलवा कर आशीर्वाद दिलवाएगे। उन्होंने कहा कि गरीब परिवार से होने के बावजूद इन्होंने काफी संघर्ष किया है। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र के खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए कोई भी कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।विधायक ने आमिर रेयाज के उज्जवल भविष्य की कामना किया। झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य ताहीर अंसारी ने कहा कि गरीब परिवार से होने के बाद भी अपने लगन और परिश्रम से आमिर ने अपने आप को ट्रैक साइकलिंग में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर(मलेशिया) करने के काबिल बनाया जो गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को रेयाज से प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इन्हें जो सुबिधा मिलना चाहिये था, उसका अभाव आज भी है।उन्होंने कहा कि वे मुख्यमंत्री तथा खेलमंत्री से मिलकर इन्हें आवश्यक सुबिधा दिलाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने रेयाज के उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य तनवीर खान, तस्लीम खान सीनियर, सदर तौहिद खान, युवा समाजसेवी महमूद आलम, सद्दाम आलम, हैदर खान, साहेब आलम, अजय प्रसाद मुखिया, कबूतरी देवी, संतोष पांडेय, कमलेश मेहता, बिनोद ठाकुर, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### डीजे बजता रहा थाना बना रहा मुकदर्शक, एसएसपी के आदेश पर हुई छापेमारी

**रांची:** चर्च कॉम्प्लेक्स स्थित जोई बार में शनिवार की देर रात तक डीजे के तेज आवाज पर शराब पार्टी चलती रही। डीजे की आवाज इतनी ज्यादा थी कि मेन रोड़ तक आवाज आ रही थी। स्थानीय लोग इस शोर से परेशान हो रहे थे लेकिन कोई रोकने और टोकने वाला नहीं था। एक स्थानीय व्यक्ति ने देर रात रांची के एसएसपी सह डीआईजी चंदन कुमार सिन्हा को फोन लगाया और उन्हे पूरी बात बताई। इसके बाद एसएसपी के आदेश पर देर रात पुलिस एक्टिव हुई और बार में छापा मारा। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि बार वाले के सामने थाना वाले का कुछ नहीं चलता है। पुलिस की मिली भगत से यह सब हो रहा है।

### 25 जोड़ों के सामूहिक विवाह समारोह संपन्न

**रांची।** लायंस क्लब ऑफ राँची कैपिटल द्वारा आयोजित भव्य 25 जोड़ों के सामूहिक विवाह समारोह में राज्य सभा सांसद डा महुआ माजी सम्मिलित हुई। कार्यक्रम में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की एवं मांडर के पूर्व विधायक बंधु तिर्की शामिल हुए। नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया। समस्त नवदंपतियों को उज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएँ।



# कपड़े की दुकान में लगी आग, दम घुटने से दुकान मालिक की हो गई मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कांटा टोली चौक स्थित जेके मार्केट से सटा आलम बाजार गारमेंट्स एंड फुटवियर दुकान में रविवार को सुबह करीब 6:30 बजे आग लग गई । आग लगने के बाद घर में अफरा तफरी मच गई। नीचे ग्राउंड में दुकान और ऊपर दूसरे, तीसरे तल तक आग की धुआं पहुँच गई , यहाँ 15 के करीब परिवार एक साथ रहते हैं। ग्राउंड फ्लोर स्थित कपड़ा और जूते की दुकान में आग लग गई थी, दुकान का स्टर बंद रहने के कारण बाहर से लोग अंदर नहीं जा सकते थे और घर में बंद लोग भी बाहर नहीं निकल सकते थे रास्ता दुकान का स्टर वाला ही था और आग के कारण पुरा दुकान धुआं से ही भर गया और इस अफरा तफरी में दुकान मालिक मोहम्मद एनुल आलम की दम घुटने से मौत हो गई। परिवार में पत्नी गुलनाज, बेटों में आसिफ, तौसिफ, आकिब आमिन बाल बाल बच गये। मो एनुल आलम करीब पंद्रह साल से कपड़े की दुकान चला रहे थे, वे पहले पत्थलकुदआ में रहते थे, तीस साल पहले कांटा टोली आए और यहीं कपड़े,जुते का दुकान खोल लिए। अभी कपड़े, जुते और गर्मी को देखते हुए पंखा भी बेच रहे थे सभी आग में जलकर राख हो गया। बुलेट सहित स्कूटी, मोटरसाइकिल, कपड़े, जुते आदि भी आग के हवाले हो गया बताया जा रहा है कि पचास लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। लेकिन खबर लिखे जाने तक एफआईआर दर्ज नहीं कराया गया था।

**कैसे घटी घटना :** आसपास के स्थानीय लोगों ने बताया कि घटना सुबह करीब 6¬30 बजे की है आग दुकान के अंदर ही शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी और कपड़ा और जूता होने के वजह से आग तुरंत पकड़ लिया । पूरे दुकान के नीचे वाले हिस्से में आग




और धुआं भर गया । धुआं फिर ऊपर के मकान में भी जाने लगा, जिससे परिवार के लोगों को बेचैनी महसूस होने लगी तब जाकर नींद टूटी। अफरा तफरी में दुकान का मलिक मोहम्मद एनुल आलम अपने बेटों को जगाया और बेटों ने परिवार के सभी सदस्यों को ऊपर तीसरे मंजिला के छत के एस्बेस्टस को तोड़कर एक-एक करके सभी सदस्यों को बाहर निकल गया । क्योंकि रास्ता नीचे दुकान से ही था जहाँ आग लग चुकी थी। इसलिए छत से ही बाहर निकला जा सकता था।एनुल सभी बेटा , पत्नी दुकान से बाहर निकाल दिए तब फिर आलम यह कहते हुए कि नीचे दुकान में चले गए कि एक बार देख कर आते हैं कोई और तो नहीं फंसा है। और वह फिर ऊपर से नीचे ग्राउंड वाले दुकान में जाने लगे के लिए ऊपर से नीचे उतरे और प्रथम तल के सीढ़ी में ही फंस गए और धुंआ उठने के कारण बेचैनी महसूस होने लगी और वहीं पर बेहोश हो कर वे गिर गए , जिसमें उनको चोट भी आई और फिर दम घुटने से घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई लेकिन फायर ब्रिगेड 8.08 बजे के करीब घटना स्थल पर पहुंची । फायर ब्रिगेड आग पे तुरंत काबू नहीं कर पाया तो एक- एक करके चार फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग को बुझाने पहुंची , करीब एक घंटा से अधिक समय आग बुझाने में लगी। जैसे ही आग पर काबू पाया गया और दुआ खत्म हुआ वैसे ही सब लोग एनुल आलम को ढूंढने दुकान के अंदर घुसे, जहां देखा गया कि वे सीढ़ी के पास औंधे मुंह गिरे हुए हैं ।

खाद गढ़ा टीओपी प्रभारी दीवाकर, भीम सिंह सहित पीसीआर छह की पुलिस टीम सभी मिलकर एनुल को अस्पताल भेजने में मदद की। सदर अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया, खबर लिखे जाने तक परिवार वालों का रो रो के बुरा हाल था।

# खादगढ़ा बस स्टैंड में भी लगी आग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** लोअर बाजार थाना क्षेत्र के खाद गढ़ा टीओपी स्थित खादगढ़ा बस स्टैंड के अंदर एक दुकान में आग लग गई। बताया जाता है कि आग रात्रि करीब 2 बजे के आसपास आग लगी थी। टीओपी पुलिस को सूचना जब मिली तो वह तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को सूचना देकर बुलाये। करीब 3¬15 बजे तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी आग पर काबू पा लिया। जिस दुकान में आग लगी थी वह कृष्णा डायल नामक दुकान थी। जहां पर कोल ड्रिंक, पानी इत्यादि की बिक्री की जाती थी। दुकान का मालिक कृष्ण सिंह ने बताया कि आग 2¬00 बजे के बाद लगी है, हालांकि बहुत देर बाद मुझे पता चला मैं जब आया तब तक सब कुछ जलकर राख हो चुका था। फायर ब्रिगेड भी आग बूझकर करीब 3¬30 बजे तक जा चुकी थी। आग शॉर्ट सर्किट से लगी है। अभी एफआईआर दर्ज नहीं कराए हैं, घटना की जानकारी खडगदा टीओपी के माध्यम से ही मिली थी । करीब 15 लाख से अधिक रुपए का नुकसान हुआ है, सारा सामान जल गया है, जिसे नगर निगम के वाहन से जले हुए कचरा को उठवा कर भेजा जा रहा है।

# पुलिस छावनी में तब्दील रांची शहर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** हाल के दिनों में पहलगाम आतंकी घटना के बाद लोग सड़क पर उतर कर पाकिस्तान और आंतकी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। वरीय पुलिस अधिकारियों को सूचना है कि आतंकी हमले के अलावे वक्फ संशोधन बिल, सिरमटोली फ्लाईओवर का निर्माण के विरोध आदिवासी संगठनों का विरोध प्रदर्शन सहित अन्य मामले के खिलाफ भी विभिन्न संगठनों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा सकता है। इसको देखते हुए रांची पुलिस अलर्ट मूड में है। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। सिरमटोली और अल्बर्ट एक्का चौक को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा खुद से पूरे मामले की निगरानी कर रहे है। डीएसपी स्तर के पदाधिकारी को सुरक्षा में किसी तरह की चूक न हो, इसको लेकर कई निर्देश दिए है।

# मन की बात कार्यक्रम में आतंकवाद के खिलाफ कड़े संदेश : मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने अपने अपने क्षेत्र में बूथों पर मन की बात कार्यक्रम को सुना। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में भी आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया है। कहा कि प्रधानमंत्री ने आज फिर एक बार कहा कि आतंकवाद और उसके संरक्षकों पर कठोर कार्रवाई करने केलिए भारत संकल्पित है जिसमें भारत के 140 करोड़ जनता का भरोसा और विश्वास प्राप्त है।कहा कि इस लड़ाई में पूरा विश्व भारत के



साथ खड़ा है। मरांडी ने कहा कि झारखंड की जनता प्रधानमंत्री जी के साथ खड़ी है। आतंकवाद उग्रवाद विकास का दुश्मन है। विकास और आतंकवाद एक साथ नहीं चल सकते ।इसलिए आतंकवाद और उसके संरक्षकों पर कड़ी कार्रवाई का समय आ चुका है।

# निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रविवार को झारखंड स्वास्थ्य मिशन,रांची के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन द ग्रीन गार्डन अपार्टमेंट हेसाग हटिया,रांची में किया गया।

इस स्वास्थ्य जांच शिविर में 110 लोगों का निःशुल्क ब्लड प्रेशर,शुगर,जेनरल रोग जांच,नेत्र रोग जांच,एवम हियरिंग (सुनने) की जांच किया गया। इस मिशन का लक्ष्य है कि शहर से लेकर गांव तक सभी जगहों पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवम रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाए। ताकि कोई भी व्यक्ति स्वास्थ्य लाभ से वंचित न रहे।इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में झारखंड स्वास्थ्य मिशन, रांची के अध्यक्ष संतोष सोनी का योगदान रहा।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पारस एचईसी हॉस्पिटल के डॉ0 एस कुमार,गुड्डू कुमार,दीपक चौहान,सेंटर फॉर साईट आई हॉस्पिटल के डॉश निशु कुमारी, आसिफ अंसारी,पीयूष कुमार,हिनू स्थित हिअर जैप क्लीनिक के सुशांत शेखर,अनुरंजन कुमार,बिट्टू ऑप्टिकल के शाहनवाज नैयर,रोग केयर डायग्नोस्टिक सेंटर के अबू तालिब,सलीम अंसारी,एवम द ग्रीन गार्डन अपार्टमेंट के सचिव कुमुद सिन्हा,इंचार्ज हरि नारायण,इत्यादि का सहयोग रहा।

# हुनरमंद युवाओं की सफलता और समर्पण का जश्न मनाने का अवसर है : दीपिका पाण्डेय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड की मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह ने कहा कि झारखंड के हुनरमंद युवाओं की सफलता और समर्पण का जश्न मनाने का समय आ गया है। एल्युमिनी मिट में हम मिलेंगे उन सितारों से जिन्होंने कौशल विकास के प्रशिक्षण से अपने सपनों को नई उड़ान दी है। उन्होंने कहा कि आज झारखंड से उठकर, बैंगलुरु जैसे महानगरों तक



पहुंच चुके हैं हमारे युवा, जो अपनी मेहनत से पूरे प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। यह सिर्फ एक मुलाकात नहीं, बल्कि प्रेरणा की एक नई कहानी होगी , जहां हर चेहरा एक नई उम्मीद, हर मुस्कान एक नई उपलब्धि की कहानी कहेगी। श्रीमती पांडेय ने युवाओं को इससे जुड़ कर इस गर्व के पल में और झारखंड की प्रतिभा को सलाम करने का आह्वान किया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता निरंजन शर्मा के अलावा अन्य लोग इस अवसर पर मौजूद थे।

# विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों ने आतंकी हमले का किया विरोध प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में दिवगंत मृत भारतीय लोगो की आत्मा की शांति के लिए कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।सभी संगठनों के द्वारा सभी आतंवादियों को क?ी से क?ी सजा देने की मांग की गई एवं माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पाकिस्तान



के विरुद्ध क?ी कार्यवाही करने की अपील की गई । सभी संगठनों ने आतंकवादी हमले में घायल हुए लोगो के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की एवं दिवंगत आत्माओ की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा और ईश्वर से प्राथना की । श्रद्धांजलि सभा मे महावीर मंडल राँची के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा , इन्दर सिंह , राजीव सिंह , गोपाल पारीक , लंकेश सिंह , सुनील रंजन सहाय , कैलाश केसरी , राहुल सिन्हा चंकी , पीयूष आनंद , टिंकू महतो सहित दर्जनों लोगों ने भाग लिया ।

# सामाजिक परिवर्तन के लिए सेवा करती है सेवा भारती : रामेंद्र सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सेवा भारती, झारखंड के तत्वावधान में हितचिंतक सम्मेलन संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवा भारती के राष्ट्रीय मंत्री रामेंद्र सिंह ने कहा कि सेवा भारती अखिल भारतीय स्तर पर विभिन्न सेवा आयामों के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन का कार्य कर रही है। समाज के वंचित, उपेक्षित,पीड़ति और अभावग्रस्त वर्गो में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन,सामाजिक संस्कारों का अलख जगा कर समरस समाज का निर्माण किया जा रहा है। अपने ही समाज के कई लोग मूलभूत सुविधाओं, अधिकारों और व्यवस्थाओं से विमुख हैं। ऐसे समाज में सेवा कार्यो को और गति देने की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि महेश पोद्दार, पूर्व सदस्य,राज्यसभा ने कहा कि समाज में सेवा के नाम पर कई अवांछित स्वयंसेवी संस्थाएं चल रही है और सिर्फ कमाने - खाने के लिए सरकारी संसाधनों का उपयोग करते हैं। संरक्षक डॉ एच पी नारायण ने सेवा कार्य के लिए उत्प्रेरित किया। सचिव ऋषि पाण्डेय, देवव्रत पाहन, न्यासी चंद्रकांत रायपत सहित राष्ट्रीय सेवा भारती के न्यासी गुरुशरण प्रसाद, सह प्रांत संघचालक अशोक श्रीवास्तव,पवन मंत्री, राधेश्याम अग्रवाल, गोपाल सिंह, अभिजीत घोष,शंभू ठाकुर, निर्मला कौर, शुभेंदु भट्ट, रमाशंकर बगड़िया,राजकुमार साहू, कंचन प्रभा,डॉ निधि सहाय,निशि जयसवाल,कमल केडिया रमाकांत दुबे सहित रांची, बोकारो, धनबाद, हजारीबाग सेवा भारती के हितचिंतक, शुभचिंतक व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## आतंकी हमले के विरोध में किया गया प्रदर्शन

**रांची :** बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में फिरायालाल के पास ट्रस्ट के संरक्षक सुप्रिया भट्टाचार्य और अध्यक्ष सिद्धार्थ घोष की अध्यक्षता में पहलगाम में हुएं आतंकी हमले के विरोध में प्रदर्शन किया। मृतकों के प्रति मौन श्रद्धांजलि अर्पित किया। मंच के सभी सदस्यों ने पर चढ़कर भाग लिया। विश्वजीत, अमित, अभिजीत, कौशिक, परितोष,समीर, सुकांत, उत्तम, सुब्रतो ,सुभ्रोजित, संजीव , सुब्रतो ,अमर, दिवाकर ,संदीप, सौमोजित ,सौरभ, अभिजीत दत्त, पपलू,हाराधन, जिशु, डॉ पम्पा सेन विश्वास सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# मंत्री पियूष गोयल 140 करोड़ देशवासियों से देशभक्ति का प्रमाण मांग रहे : कैलाश यादव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने कहा कि जम्मू कश्मीर पहलगाम में आतंकवादियों ने 28 बेगुनाह पर्यटकों को निर्ममता पूर्वक हत्या कर दिया। जिसकी देश सहित विश्वभर में निंदा की जा रही है। विदित है भारत आतंकवाद का खात्मा के लिए पड़ोसी देश पाकिस्तान से कूटनीतिक और राजनीतिक तरीके से वार्ता किया जा रहा है। विगत वर्षो में जम्मू कश्मीर में छिटपुट घटना को छोड़कर कई स्थानों में हालात सुधरने की समाचार आते रही है। लेकिन विगत दिनों 22 अप्रैल को आतंकियों द्वारा कायराना हमला कर लगभग 28 निर्दोष-बेगुनाह सैलानियों की बर्बरतापूर्ण गोली बारी कर जान ले लिया। इस घटना के बाद पूरा देशवासीआक्रोशित है,हिंदुस्तान की एकता और अखंडता के लिए समूचा विपक्षी पार्टी सत्ताधारी दल के साथ खड़ा है, देश के लोग सदमे में हैं क्योंकि पहलगाम में सैलानियों पर हमला नहीं भारत की आत्मा पर चोट है। यादव ने कहा कि पहलगाम हमला से स्पष्ट है कि वहां की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह फेल रही है उसके बावजूद आतंकवाद के खिलाफ विपक्षी पार्टी और पूरा देश एक साथ खड़ा है तब ऐसी स्थिति में सत्ताधारी दल के मंत्री पियूष गोयल ने शर्मनाक बयान देते हुए कहा कि जबतक देश के 140 करोड़ लोग देशभक्त नहीं होंगे तब तक ऐसी घटनाएं होती रहेगी।महाराष्ट्र सरकार के मंत्री नितेश राणे ने कहा कि लोग दुकान से समान जब खरीदे तो दुकानदार का धर्म पूछ कर खरीदे । भाजपा के कई प्रांतों के ट्विटर हैंडल पर निरंतर हिन्दू मुस्लिम में भेदभाव पैदा कर सामाजिक समरसता खराब करने की बात कह रहे हैं। वहीं झारखंड में बीजेपी नेता बाबूलाल मरांडी भी इसी अभियान के तहत एकता तोड़ने की बात कह रहे हैं। ऐसा लगता है कि बीजेपी के लोग पहलगाम हमला को राजनीतिक रूप से आपदा को अवसर में बदलकर हिन्दू मुस्लिम कर समाज तोड़ने और आपसी सौहार्द खराब करने की कोशिश कर रहे हैं।

बाबूलाल मरांडी जैसे लोगों को सोचना चाहिए देश एक धर्मनिरपेक्ष राज्य है जहां हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई जैन पारसी बौद्ध धर्म को मानने वाले लोग रहते है।

# अग्रवाल युवा सभा का सत्र 2024-25 के नयी कमिटी ने ली शपथ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रविवार को महाराजा अग्रसेन भवन अग्रसेन पथ, अपर बाजार रांची में अग्रवाल युवा सभा द्वारा सत्र 2024-25 की वार्षिक आम सभा एवं शपथ ग्रहण का भव्य आयोजन सुबह 11:30 बजे से भवन के सभागार में अध्यक्ष सौरव बजाज की अध्यक्षता में किया गया। मंच का संचालन सचिव रौनक झुनझुनवाला ने किया। अध्यक्ष ने सत्र 2024-25 वार्षिक आम सभा में आए हुए सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया, तत्पश्चात कोषाध्यक्ष दीपक गोयनका ने गत वर्ष के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। सर्वसम्मति से प्रस्तुत ब्यौरे को पारित किया गया एवं अध्यक्ष की अनुमति से खुला सत्र चलाया गया जिसमें कई सदस्यों ने अपने सुझाव एवं जिज्ञासाओं को मंचासीन पदाधिकारीयों के समक्ष रखा। गत वर्ष में किए गए उत्कृष्ट कार्यो के लिए अगज स्तंभ सम्मान से सभी संयोजकों एवं सहसंयोजकों को संस्थापक सदस्यों द्वारा प्रतीक चीन्ह देकर एवं दुपट्टा उढ़ाकर सम्मान किया गया। संस्थापक सदस्य द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष रौनक




झुनझुनवाला ने अध्यक्ष पद का पदभार ग्रहण किया तथा उमंग सुल्तानिया द्वारा अध्यक्ष का शपथ ग्रहण कराया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने अपनी नई कार्यकारिणी का गठन किया एवं सभी पदाधिकारी ने अपने-अपने पदभार हेतु शपथ ली। नई कार्यकारिणी की के अनुसार अध्यक्ष - रौनक झुनझुनवाला, उपाध्यक्ष - कुणाल जालान, रोहित सरावगी, सन्नी टिबरेवाल, सचिव - दीपक गोयंका, सहसचिव - शुभम् लोहिया, सौरभ सरावगी, कोषाध्यक्ष - चेतन पोद्दार, प्रवक्ता - अरुण पोद्दार, अनीश सरावगी, अमित बजाज, आलोक बजाज, विकास गोयल, विशाल सिंघानिया, विशाल महलका, विवेक लोहिया, तरुण सर्राफ, यष सुरेका। निवर्तमान अध्यक्ष सौरभ बजाज द्वारा सभी कार्यकारिणी सदस्यों को शुभकामनाएं दी गई। सभा के अंत में सचिव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

# कोई भी मजहब बुराई नहीं सिखाता, बुरे करने वाले मज़हब का मानने वाला नहीं होता : मौलाना तहजीबुल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुस्लिम नाम रखने से कोई मुसलमान नहीं होता। दाढ़ी, टोपी, पहनने से कोई मुसलमान नहीं होता। लिबास, कपड़ा से कोई मुसलमान नहीं होता। बल्कि अपने अंदर अच्छे अखलाक और ला इलाहा इल्लल्लाह के मफहूम को समझ कर उस पर अमल करने से होता है।

अपने अंदर अच्छे अखलाक पैदा करो। मजहब ए इस्लाम में कोई जबर नहीं है। कोई भी मजहब बुराई नहीं सिखाता। मुल्क से वफादार होना जरूरी है। उक्त बातें झारखंड सुननी वक्फ बोर्ड के सदस्य सह मस्जिद जाफरिया रांची के इमाम व खतीब हजरत मौलाना हाजी सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने कहीं। वह रविवार 27 अप्रैल 2025 को समाजसेवी सैयद शाहरुख हसन रिजवी के आवास पर स्वर्गीय सैयद हसन अली रिज़वी कि बरसी कि मजलिस को संबोधित कर रहे थे। मौलाना ने कहा के दीन की रस्सी को मजबूती से पकड़ लो। अहले बैत से मोहब्बत ईमान है। पैगंबर मोहम्मद ने कभी किसी को डरा कर धमका कर कलमा नहीं पढ़ाया। मजहब ए इस्लाम ने तो चूंटी को मारने से मना किया तो फिर इंसान को मारने की कहा से इजाजत। अल्लाह ने इंसान को दूसरों के भलाई के लिए पैदा किया।

इस मौके पर सैयद शाहरुख हसन रिज़वी, शजर रिज़वी, जावेद हैदर, सोहेल सईद, इकबाल फातमी, मास्टर उस्मान, एस एम जसीम रिज़वी, सैयद अता इमाम रिज़वी, नेहाल हुसैन सरियावी, शमीमुल हसन, जोहोर बाकर, अमूद अब्बास, नदीम रिज़वी, समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## पहलगांव आतंकी हमले के खिलाफ जन कल्याण समिति द्वारा श्रद्धांजलि मार्च निकाला गया




**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: पहलगांव में हुए आतंकवादी हमले में निर्दोष पर्यटकों की हत्या के खिलाफ विभिन्न सामाजिक,धार्मिक,संघ संगठनों के द्वारा श्रद्धांजलि सभा व पैदल मार्च ई ई एफ मंदिर मैदान से इलाहाबाद बैंक मोड़ टाटीसिलवे तक निकाला गया।इसमें शामिल लोगों ने इस निर्मम घटना की कड़ी निंदा करते हुए आतंकवादियों को कठोर से कठोर सजा देने की मांग की।इस घटना से पूरा देश शर्मसार हुआ है।यह घटना ने सीधे लोगों के आत्मा पर चोट पहुंचाई है।इसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से यदुवीर सिंह,चंद्रकांत मिश्रा, जे एन पांडे,बी के ठाकुर,रामाश्रय शर्मा,रणधीर कौशिक,महावीर कोयरी, आशुतोष द्विवेदी,दीपक कुमार,विशाल कुमार,पूर्व कर्नल बी के सिंह,राजेश मिश्रा,पुनीत गोयल,पुरुषोत्तम सिंह,मुकेश कुमार सिंह,मंजीत सिंह,सुभाष श्रीवास्तव,अमरेंद्र सिंह,राजू पाठक, प्रज्वलित पांडे,जोगेंद्र सिंह,कमलेश सिंह,बच्चा प्रसाद श्रीवास्तव, डॉक्टर मुकेश सिंह,सुधीर कुमार सिंह इत्यादि लोग शामिल थे।

## बचरा दक्षिणी व उतरी पंचायत मे सांसद के सौजन्य से किया गया शादी का जोड़ा का वितरण



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**:हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के सांसद मनीष जयसवाल के द्वारा गरीब एंव असहाय युवती की शादी मे श्रीराम लहंगा (शादी का जोड़ा) देकर मदद कर रहे है।हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के सौजन्य से पुरे लोकसभा क्षेत्र मे गरीब असहाय लड़कियों के विवाह में श्री राम लहंगा उपहार देकर उनके सपनो को साकार कर रहे हैं।इसी के तहत पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत एवं बचरा उत्तरी पंचायत मे शादी का जोड़ा का वितरण किया गया।इस संबंध मे बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया सह भाजपा नेत्री रीना देवी ने बताया कि बचरा दक्षिणी पंचायत के बिशुन्पुर कालोनी की शोभा कुमारी पिता साहबीर पासवान एंव बचरा उतरी पंचायत की माही कुमारी पिता सीताराम महतो सुपुत्री को श्री राम लहंगा भेंट किया गया। उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र के सासद मनीष जायसवाल के द्वारा गरीब युवती के शादी में शादी का जोड़ा देकर सराहनीय कार्य कर रहे है।सभी बहनो को गिफ्ट देकर उनका मनोबल बढ़ाने का काम रहे है।इस मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र कुमार सिंह,पिपरवार मंडल सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण मंडल,भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र शर्मा,बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया एंव जिला कार्यसमिति सदस्य रीना देवी, धनराज भोक्ता, शक्ति केन्द्र प्रमुख अनिल पाण्डेय,पिपरवार मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष रामलाल महतो,बुथ अध्यक्ष मंगल साव,मनोज ठाकुर,गोलु केसरी,बबलु ठाकुर, समाजसेवी गिरिजा प्रसाद सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष ने बचरा में कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**:भाजपा के पूर्व चतरा जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा ने पिपरवार क्षेत्र के बचरा में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर पार्टी संबंधी बातों पर चर्चा की।जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी चतरा जिला के पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा रांची से चतरा जाने के क्रम में बचरा चार नंबर चौक में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने औपचारिक मुलाकात किया।इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा ने पिपरवार मंडल कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन विस्तार को लेकर दिशा निर्देश दिए और संगठन को और कैसे मजबूत किया जाए इसके बारे में जानकारी दी।उन्होंने केंद्र सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में आम जनता से अवगत कराते हुए उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कार्यकर्ताओं को काम करने का निर्देश दिया।साथ ही पार्टी को मजबूत बनाने सहित अन्य बातों पर चर्चा की।इस मौके पर भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार शर्मा, पिपरवार मंडल सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण मंडल, चतरा जिला पिपरवार पंचायत प्रतिनिधि रविंद्र सिंह,बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी,जिला कार्यसमिति सदस्य धनराज भोक्ता,शक्ति केंद्र प्रमुख अनिल पांडेय,पिपरवार मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष रामलाल महतो,पिपरवार के वरिष्ठ नेता गिरिजा प्रसाद, बुथ अध्यक्ष गोलु केसरी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## घासी समाज बुद्धिजीवियों की मंथन गोष्ठी संपन्न

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: प्रेस क्लब रांची में घासी समाज बुद्धिजीवियों की मंथन गोष्ठी हुई । सर्वप्रथम बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर और भगवान बिरसा मुंडा के तस्वीर पर माल्यार्पण तथा हमारे पुरखों के प्रतीक चिन्ह पुरखा बेदी में पुष्प अर्पित कर सम्मान व्यक्त किया गया । इस गोष्ठी में झारखंड के बहुसंख्यक जिलों से आए प्रतिनिधियों ने घासी समाज के अनुसूचित जनजाति में शामिल किए जाने संबंधी मांग के हानि और लाभ पर चर्चा में भाग लिया। जो कि कुछ दिन पूर्व में संदीप टाईगर नायक व मुकेश कुमार नायक ने डुमरी विधायक जयराम महतो जी को घासी जाती को अनुसूचित जाति से अनुसूचित जनजाति में शामिल करने का प्रस्ताव रखे थे व ज्ञापन सोपा गया था। इसी मुद्दा को लेकर आज ये गोष्ठी आयोजित हुई है । इस अवसर पर मुख्य रूप से पद्मश्री मुकुंद नायक, पद्मश्री महावीर नायक, नंदु बाबा, समेत डॉ. अशोक नाग डॉ. रिझु नायक, डॉ. बीरबल नाग, राजेश नायक, सुमंत मुखी, संदीप टाईगर नायक मुकेश कुमार नायक विजय नायक रॉकी नायक संजय नायक विनीता पाठक नायक, राजन नायक, सुबोध राम, नरेंद्र नायक, विजय शंकर नायक, कृष्ण नायक, विनोद नायक, डॉ इंद्रजीत राम नायक रामप्रवेश नायक, पुनु नायक, रवि मुखी ने संगोष्ठी को संबोधित किया । सभा की अध्यक्षता पद्मश्री मुकुंद नायक, संचालन लालधन नायक, कार्यसूत सुरेश एवं विनोद नायक और रिकॉर्डिंग लक्ष्य प्रकाश ने किया । सभी वक्ताओं ने समाज को और सुदृढ़ किए जाने पर बल दिया और 24 जिला में इस विचार पर विस्तृत वार्ता कर निष्कर्ष पर पहुंचने का निर्णय लिया । अध्यक्षीय भाषण में पद्मश्री मुकुंद नायक ने समाज को संगठित करने पर बल दिया और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में लालधन नायक मुकेश कुमार नायक, उबोध राम, राजन नायक और सुरेश नायक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर जमशेदपुर, लातेहार, रामगढ़, लोहरदगा, सिमडेगा, गुमला, रांची आदि जिलों से प्रतिनिधि शामिल हुए ।

# पंजराडीह में चल रहे श्री राम कथा के पांचवें दिन श्री सीता राम के विवाह का हुआ वर्णन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठाकुरगंगटी :** प्रखंड क्षेत्र के पंजराडीह गांव में चल रहे श्री श्री 1008 राम कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के पांचवीं संध्या प्रख्यात विद्वान कथावाचक धनंजय वैष्णव जी महाराज ने भगवान श्री रामचंद्र जी और माता सीता की शुभ विवाह का वर्णन किया। कहा कि भगवान श्री राम चंद्र जी महाराज स्वयंवर में पहुंचे थे। उन्होंने भगवान शिव जी के धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाई और धनुष टूट गया। राजा जनक ने माता सीता की विवाह श्री भगवान श्री राम चंद्र जी महाराज के साथ कर दिया। अयोध्या और जनकपुर में विवाह का उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।यह विवाह आदर्श विवाह का प्रतीक माना जाता है। जिसमें पति-पत्नी के बीच प्रेम समर्पण और विश्वास होता है। इस विवाह से भगवान राम ने अहंकार का त्याग करके धनुष तोड़ा जो कि आदर्श विवाह की विशेषता है। यह विवाह लोगों को आदर्श विवाह का संदेश देता है और प्रेम समर्पण तथा विश्वास की भावना को बढ़ाता है। महर्षि वशिष्ठ जी ने भगवान श्री राम चंद्र जी महाराज को शिव जी के धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाने की आज्ञा दी थी। उनकी आज्ञा का पालन करते हुए भगवान श्री रामचंद्र जी ने भगवान शिव जी के धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाने लगे थे। भगवान श्री राम और माता सीता की विवाह मार्ग शीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि के दिन हुआ था। इसलिए इस दिन को विवाह पंचमी के रूप में मनाई जाती है। विवाह पंचमी हिंदू धर्म का एक पावन पर्व है जो भगवान श्री राम चंद्र और माता सीता के विवाह के उपलक्ष में धूमधाम से मनाई जाती है।भगवान श्री राम विवाह प्रसंग में कई चौपाइयां भी आई है।कथावाचक विष्णु पाठक जी महाराज ने श्रोता श्रद्धालुओं से यह भी कहा कि भगवान श्री राम चंद्र और माता सीता की जीवनी से सीख लेने की आवश्यकता है और उसे जीवन में उतारने की जरूरत है ताकि सबों का कल्याण हो जाए। कहीं भी निकट में या दूर में कोई भी धार्मिक कथा या धार्मिक कार्य होता हो तो निश्चित रूप से उसमें कुछ ना कुछ समय निकाल कर लगाना चाहिए।तभी जीवन साकार हो सकता है। किसी भी कथा और धार्मिक कार्य में शुरू से अंत तक रहकर आरती और प्रसाद लेकर ही अपने गंतव्य की ओर जाना चाहिए वरना भक्ति अधूरी रह जाती है। कथा में पंजराडीह गांव के साथ-साथ टिकट वर्ती दर्जनों गांवों के गणमान्य, शिक्षाविद, बुजुर्ग, समाजसेवी, प्रतिनिधि, किसान, मजदूर सहयोग कर रहे हैं। प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु राम कथा रूपी ज्ञान अर्जित कर रहे हैं।



## आजसू पार्टी पुरुलिया जिला कमेटी की बैठक सम्पन्न,

# संगठन की मजबूती एवं विस्तार को लेकर हुई चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** आजसू पार्टी पुरुलिया जिला कमेटी की एक बैठक रविवार को सिल्ली स्थित प्रधान कार्यालय परिसर में जिला सभापति अतुल माहातो की अध्यक्षता में की गई। आजसू पार्टी प्रमुख सह पुर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बैठक में पार्टी की मजबूती एवं विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।इस दौरान सुदेश महतो ने कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरे बंगाल में संगठन को विस्तार देने की तैयारी शुरू कर दें। उन्होंने कहा कि बागमुंडी विधानसभा के लोगों का आजसू पर विश्वास बढ़ा है। इसे बरकरार रखने के लिए हमें एक जुटता से काम करना होगा। संगठन में अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर सरकार की ओर से बनाई जा रही हर गलत नीतियों को आवाज उठाने होंगे। उन्होंने सर्वसम्मति से पंचायत स्तर पर प्रभारी नियुक्त करने का निर्देश दिया। बैठक में राज्य कन्वेनर अजय महतो, धिरेन रजक, श्रीधर माहातो, झालदा प्रखंड अध्यक्ष बंकिम माहातो, जिला सचिव गोऊर माहातो, बागमुंडी प्रखंड अध्यक्ष आशुतोष पांडे आदि ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर सिल्ली प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, राजेश माहातो, विकास माहातो, रिझु माहातो, बैद्यनाथ कुइरी, नितिश कुइरी, दिपक माहातो, हरे कृष्ण माहातो, महेश्वर कालिंदी, रतन माहातो, अम्बुज माहातो, जयपाल माहातो, अननुप गोस्वामी समेत आजसू कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# पोड़ैयाहाट में ग्रामीणों को किया जागरूक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पोड़ैयाहाट :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह माननीय पीडीजे रमेश कुमार एंव माननीय डालसा सचिव दीपक कुमार के मार्गदर्शन के आलोक में पोड़ैयाहाट में कार्यरत अधिकार मित्र सह पीएलवी क्षेत्र में ग्रामीणों को जागरुक कर रहे हैं। इसी कड़ी में मोहम्मद हबीब एवं शंकर सेन द्वारा ग्राम आमदोमा पोखरिया, प्रखंड पोड़ैयाहाट मे ग्रामीणों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गोड्डा के द्वारा निःशुल्क कानूनी सेवाएं 10 मई 2025 को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मुख्य तौर पर बैंक ऋण, बिजली विभाग से मोटर वाहन एक्सीडेंट मुआवजा का अधिकार एवं वाद विवाद सुलह समझौता एवं न्यायालय में चल रहे वर्षो से लंबित न्यायिक मामले आपसी सहमति के आधार पर दोनों पक्षों के द्वारा सुलह समझौता किया जा सकता है की जानकारी दी गई। समय में आर्थिक बचत से संबंधित जानकारी दी गई एवं ग्रामीणों को बाल विवाह अपराध से संबंधित जानकारी देते हुए बताया गया कि बाल विवाह अपराध से संबंधित लड़की की उम्र 18 वर्ष एवं लड़के का उम्र 21 वर्ष से पहले शादी करना अपराध है। माता पिता शादी में शामिल सभी सहयोग करने वाले व्यक्ति को कठोर सजा एवं दंड का प्रावधान है। ससुराल में विधवा महिला एवं बच्चों के अधिकार आदि से संबंधित विस्तार से भी जानकारी दी गई।




# ग्रीन पार्क स्टेडियम में एक दिवसीय डे नाईट क्रिकेट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोड्डा :** शनिवार को महागामा प्रखण्ड अंतर्गत दिग्घी के ग्रीन पार्क स्टेडियम के बैनर तले आयोजित एक दिवसीय डे नाईट क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हो गया। जिस क्रिकेट प्रतियोगिता का उदघाटन समाजसेवी मोहम्मद साकीब एव बिपिन बिहारी मा यायस सिद्दीकी इम्तियाज रिजवी आदि ने विधिवत रूप से फीता काटकर किया था। क्रिकेट का फाइनल मुकाबला मंजर ऐलवन बनाम एम सी सी दिग्घी के बीच खेला गया। जिस फाइनल मुकाबले में मंजरक्ष एलवन की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया।पहले बल्लेबाजी करते हुए मंजर ऐलवन की टीम ने निर्धारित 8 ओवर में 6 विकेट खोकर 76 रन बनाया और अपने प्रतिद्वंद्वी टीम एमसीसी को 77 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एम सीसी दिग्धी की टीम ने निर्धारित 7 ओवर में 77 ही बना कर जीत हसील की इस तरह से एम सीसी दिग्गी ने सीरीज अपने नाम कर लिया। वही समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में आए समाजसेवी मुन्ना राजा ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल से आपसी भाईचारा एवं आपस मे प्रेम भी बढ़ता हैं। इस प्रतियोगिता में जो भी टीमों ने हार का सामना किया हैं वो निराश ना हों,आगे और अधिक मेहनत कर के आए, भले आप मैदान में पराजित हुए है, लेकिन दर्शकों का दिल जीत लिए है। प्रथम पुरस्कार के रूप में विजेता एमसीसी टीम दिग्घी को हाथों संयुक्त रूप से नगद 20 हजार रुपये दिया गया। वही उपविजेता टीम मंजर एलेवन टीम को 15 हजार रुपये कमिटी के समाजसेवी सकीब आलम के हाथों संयुक्त रूप से दिया गया। उद्घोषक की भूमिका नौसाद वारसी, ग्रमीण सदस्य उपस्थित रहे।



# टीएनए टेस्ट परीक्षा शुरू, शैक्षणिक दक्षता की होगी जांच

**महागामा(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: बीआरसी परिसर स्थित पीएम श्री मिडिल स्कूल बालक परिसर में छह दिवसीय टीएनए टेस्ट परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। बीपीओ मनोज बालहंस ने बताया कि परीक्षा का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों की शैक्षणिक दक्षता को परखना और उन्हें प्रभावी शिक्षण कार्य के लिए तैयार करना है। परीक्षा के सफल संचालन के लिए प्रखंडस्तरीय टीम का गठन किया है। टीम में बीआरपी शमीम इकबाल, सीआरपी राकेश ठाकुर, सुभाष चंद्र शुक्ला, अब्दुल रशीद और ईश्वर चंद्र मंडल शामिल है। इनकी देखरेख में परीक्षा का संचालन किया जा रहा है। परीक्षा में पहली कक्षा से लेकर 12वीं तक के शिक्षकों की भागीदारी सुनिश्चित की गयी है। सभी शिक्षकों का टेस्ट सेंटअप के माध्यम से लिया जा रहा है, जो डिजिटल माध्यम से परीक्षा प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाता है। हर दिन 149 शिक्षक परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। बीपीओ मनोज बालहंस ने बताया कि परीक्षा का उद्देश्य विद्यालयों में शैक्षणिक कार्यों को अधिक प्रभावी और गुणवत्ता-संपन्न बनाना है, इससे शिक्षकों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं का पता लगाया जा सकेगा, उन्हें उपयुक्त प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। यह प्रयास शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम है, जो छात्रों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने और शिक्षकों की क्षमताओं को मजबूत करने में सहायक होगा।



## हरातु मंदिर का वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सिलवे पंचायत के हरातु गांव के शिव मंदिर का वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया।भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ पूजा, यज्ञ, हवन अनुष्ठान का पूरे विधि विधान से किया गया। वार्षिक उत्सव के अंतिम दिन भव्य भंडारे में खिचड़ी महाभोग का वितरण किया गया।इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में मुखिया सिलवे पंचायत के नूतन पाहन,पुजारी मधुसूदन पांडे,राजू महतो,सिंधु महतो,अरविंद महतो,अजय मुंडा,बिंदु महतो,विष्णु मुंडा,राजेश मिश्रा,लखन मिश्रा इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।बच्चों के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया था।

## रामजन्मोंउत्सव के अवसर पर दो गोला चैता का भव्य आयोजन

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: युवा विकास मंच टाटीसिलवे के द्वारा राम जन्मों उत्सव के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी ई ई एफ गेट के सामने दो गोला चैता का भव्य आयोजन 26 अप्रैल को रात्रि 8 बजे किया गया।इस कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध कलाकार व्यास बलिंद्र बैरागी वैशाली जिला एवं मुन्नी लाल सांवरिया छपरा शिवान के बीच जोरदार संगीत मुकाबला किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से ललित ओझा,पूर्व कर्नल बी के सिंह,पूर्व सैनिक संजीत सिंह,जितेंद्र सिंह,राजेश मिश्रा,कुंदन कुमार शर्मा, भरत सिंह,अरविंद पांडे इत्यादि गणमान्य लोग उपस्थित थे।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा विकास मंच के विनोद पुरी,टुनटुन तिवारी,धीरेन्द्र त्रिपाठी,निरंजन सिंह,रामेश्वर सिंह इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।सैकड़ों लोगों ने आस पास के लोगों ने संगीत कार्यक्रम का लुत्फ उठाया।

## अड़की के जंगल से एक शव पुलिस ने किया बरामद

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: अड़की थाना अंतर्गत डूंडी के डीलबुरु जंगल से शनिवार की शाम केंदु के पेड़ से लटकती हुई सड़ी गली अवस्था में लाश बरामद पुलिस ने की है । मृतक की पहचान डूंडी निवासी राम सिंह मुंडा उम्र लगभग 35 वर्ष के रूप में की गई है । पुलिस को शनिवार की शाम जंगल में लाश होने की सूचना दिए जाने पर घटनास्थल पहुंच लाश को उतार कर रात 8:00 बजे थाना ले आई । रविवार को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा जहां चौक का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार तिवारी के अनुसार मृतक के पोस्टमार्टम के बाद ही इस बात का खुलासा हो पाएगा कि मामला हत्या है या आत्महत्या । मृतक के बड़े भाई भाकपा माले के प्रखंड सचिव गुरुवा मुंडा ने बताया कि 23 अप्रैल की शाम 7:00 बजे रामसिंह ।मुंडा शौच के लिए घर से निकाला था तब से वह लापता था । उसकी लगातार खोजबीन की जा रही थी । जिसको लेकर शुक्रवार को थाना में सनहा दर्ज कराया गया था । परिजनों के द्वारा लगातार अपने रिश्तेदारों के बीच एवं जंगलों में खोजबीन की जा रही थी । इसी दरमियान शनिवार की शाम डीलबुरु जंगल में गमछे के सहारे केंदु के पेड़ पर लटकती लाश देखी गई ।इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई । थाना प्रभारी दल बल के साथ जंगल में पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया । इधर मृतक के बाड़े भाई गुरुवा मुंडा ने आशंका जाहिर की है कि उसके छोटे भाई की हत्या गांव में चल रहे जमीन विवाद को लेकर की गई है । उसे जान से मारने के बाद पेड़ में टांग दिया गया है । बहरहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है ।पोस्टमार्टम के बाद इसका खुलासा हो पाएगा कि मामला आत्महत्या है या हत्या ।

## आदिवासी गांव में गहराया पेयजल संकट

**ठाकुरगंगटी** : प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत फुलबड़िया पंचायत के आदिवासी बहुल गांव रतनचक में इन दिनों पेयजल संकट गहरा गया है। गांव के लोग पीने के पानी को लेकर त्राहिमाम हो रहे हैं। गांव में 40 घर में ढाई सौ की आबादी रहती है, जो कि मात्र एक जलमीनार पर आश्रित है। गांव सड़कों के दोनों किनारों तक लंबी दूरी तक बसा है। गांव के पूर्वी दिशा में गांव के बाहर एक जलमीनार लगी है, जहां गांव के ग्रामीणों को लंबी दूरी सफर कर पानी पीने के लिए अपने सिर पर ढोकर लाना पड़ता है। हालात में भी गांव के ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पाती है। भीषण गर्मी में लोगों की प्यास तक नहीं बुझ पाती है। ग्रामीण दिलीप हसदा, सोनेलाल टुडु, पृथा मरांडी, सुनील टुडु, बबलू मुर्मू ने बताया की पानी के लिए काफी हाहाकार मचा है। गांव के चारें तरफ पानी के लिए ग्रामीण परेशान है। गांव के बाहर नदी है, पूरी तरह से सुख चुकी है। इसके पूर्व इस नदी में सालों भर पानी भरा हुआ रहता था। जिससे की गांव के लोग स्नान करने के साथ साथ मवेशियों को भी पानी पिलाने का काम किया करते थे, पर बारिश नहीं होने के कारण परेशानी बढ़ गयी है। अब तो गांव के ग्रामीण काफी चिंतित होने लगे हैं, इस साल कौन-सी आफत आ गयी है। ऐसा लगता है कि भोजन करने से पहले गांव में पेयजल की समुचित व्यवस्था हो जाये। गांव के सैकड़ों की आबादी पीने के पानी को लेकर हलकान है।

## सुंदर नदी में मिला नवजात शिशु का शव

**बसंतराय (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: जिला अंतर्गत प्रखंड क्षेत्र में एक नवजात शिशु का शव मिलने से पूरे प्रखंड क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मामला बंसतराय थाना क्षेत्र का है, जहां गोपिचक ग्राम के समीप स्थित सुंदर नदी से अर्धविकसित नवजात का शव बरामद हुआ। वहीं घटना की जानकारी सुबह तक सामने आई, जब स्थानीय ग्रामीण मवेशी चराने गए थे। शव देखने के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। बंसतराय थाना प्रभारी मनीष कुमार यादव ने बताया कि सुबह करीब 11 बजे उन्हें सूचना मिली। वे मौके पर पहुंचे और आसपास के लोगों से पूछताछ की, पर इस मामले से संबंधित कोई जानकारी नहीं मिली। वहीं मिली जानकारी के अनुसार पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गोड्डा भेजने की तैयारी कर रही है। पुलिस इस घटना के पीछे के अपराधी की तलाश कर रही है। अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि इस कृत्य को किसने अंजाम दिया।

## पूर्व इंस्पेक्टर ने चहारदीवारी निर्माण को तोड़े जाने पर मामला दर्ज कराया

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सीआरपीएफ के पूर्व इंस्पेक्टर संजय केरकेट्टा के इटकी थाना अंतर्गत महुवा टीकरा स्थित पुस्तैनी जमीन पर निर्मित चहारदिवारी को ध्वस्त कर दिया। घटना शुक्रवार रात की बताई गई है। इस संबंध में भुक्तभोगी संजय केरकेट्टा ने लिखित आवेदन देकर पांच नामजद सहित अज्ञात पर अपने पुस्तैनी जमीन जिसका खाता न0 469 प्लॉट न0 992 रकबा 9 डिसमिल जमीन पर निर्मित चहारदिवारी को हथियार के बल पर रात में तोड़ देने का आरोप लगाया है। बताया गया है कि रात्रि 9:49 बजे छ्ग्01ष्टर 1942 न0 के कार से पहुंचे और साबल, घाना से तोड़ दिया। इसी बीच देखरेख के लिये नियुक्त महुवा टिकरा के ही यीशु बेलस टोप्पो पहुंचा, जिसने विरोध किया उसी बीच हथियार से लैस दो मुंह ढके लोगो ने यीशु बेलस पर रिवाल्वर सटा कर अपने कब्जे में कर लिया। और अन्य लोगों ने दीवार को ध्वस्त करने लगे। जाते जाते आपराधिक लोगों के द्वारा 20 लाख रुपये की मांग भी की अन्यथा भविष्य में हमेशा दीवार तोड़ने की धमकी देने की बात कही गयी है।

# पटमदा के चिरुडीह में पत्थर व्यवसायी से 2 लाख की रंगदारी मांगी

## 8 नामजद लोगों के खिलाफ प्राथमिकी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** कमलपुर थाना क्षेत्र के ओड़िया-चिरुडीह गांव निवासी 8 नामजद समेत करीब 3 दर्जन लोगों के खिलाफ रंगदारी मांगने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बताते हैं कि चिरुडीह स्थित आदिल खान के पत्थर खदान में वाहनों के आने-जाने के लिए बनाई गई सड़क को पिछले 9 अप्रैल से ग्रामीणों द्वारा बंद करा देने से खदान बंद हो गया है। इससे व्यवसायी को काफी नुकसान हुआ है। खदान के मैनेजर मोहम्मद इरफान के बयान पर शनिवार को कमलपुर थाने में हेमंत महतो, सागर महतो समेत 8 नामजद और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ 2 लाख रुपए की रंगदारी नहीं देने पर काम बंद करा देने की लिखित शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज हुई है। शिकायत में मैनेजर ने पुलिस को बताया है कि चिरुडीह गांव के कुछ लोगों ने माइंस चलाने के एवज में माइंस संचालक आदिल खान से 2 लाख रुपए की रंगदारी मांगी जा रही है। जबकि संचालक से इससे पहले कई बार एक-दो हजार रुपए ले चुके हैं। लेकिन इस बार उनकी मांग 2 लाख रुपए तक पहुंच गई और रंगदारी नहीं देने पर खदान का काम पूरी तरह से बंद करा दिया गया है। आरोपियों ने खदान के रास्ते में एक महीने से बोल्डर रखकर जाम कर रखा है। इसके अलावे वाहनों के आगे लेट जाते हैं और वाहन को चलने नहीं दिया जाता है। कुछ बोलने से खदान से जुड़े कर्मचारियों के साथ गाली गलौज किया जा रहा है। थाना प्रभारी दीपक कुमार ठाकुर ने बताया कि पुलिस द्वारा मामले की छानबीन की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक जिस रास्ते पर वाहनों का आवागमन होता था उसे कुछ लोगों द्वारा रैयती जमीन बताकर रोक दिया गया था। लेकिन अंचलाधिकारी की मौजूदगी में जब सरकारी अमीन से मापी कराई गई तो वह जमीन झारखंड सरकार अनाबाद निकली लेकिन ग्रामीण मानने को तैयार नहीं थे और प्रशासन के साथ भी अभद्र व्यवहार पर उतारू हो गए थे।



# टाटा स्टील को मिला देश की सर्वश्रेष्ठ इन-हाउस लीगल टीम का खिताब



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** टाटा स्टील को 14वें लीगल एरा अवॉर्ड्स में देश की सर्वश्रेष्ठ इन-हाउस लीगल टीम का खिताब मिला। शुक्रवार को दिल्ली के आईटीसी मौर्य में आयोजित समारोह में पूर्व मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रा और सोसाइटी ऑफ इंडियन लॉ फर्म्स के अध्यक्ष डॉ. ललित भसीन ने यह पुरस्कार टाटा स्टील के लीगल सर्विसेज विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपा। देशभर से 19 कंपनियों ने इस श्रेणी में मुकाबला किया था, जिसमें टाटा स्टील ने उत्कृष्टता का प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। कंपनी की लीगल टीम ने अपने शानदार कार्य, उच्च नैतिक मानकों और मजबूत कॉर्पोरेट गवर्नेंस के लिए यह सम्मान अर्जित किया। इस उपलब्धि के साथ टाटा स्टील ने एक बार फिर कानूनी सेवाओं में अपनी श्रेष्ठता साबित की है। कंपनी ने कहा कि यह सम्मान उनकी टीम की कड़ी मेहनत, प्रतिबद्धता और पेशेवर उत्कृष्टता का परिणाम है।

# दिल का ऑपरेशन कराने में असमर्थ हलवाई ने सरकार व लोगो से लगाई मदद की गुहार



**राजनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** राजनगर प्रखंड के मुड़ियापाड़ा निवासी 50 वर्षीय तरुण मोदक पिछले चार महीनों से गंभीर हृदय रोग से पीड़ित हैं। पेशे से हलवाई तरुण मोदक बीमारी के चलते अब काम करने में भी असमर्थ हो गए हैं। निजी अस्पतालों में जांच कराने के बाद उनके दिल में गंभीर बीमारी की पुष्टि हुई, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण उनका ऑपरेशन संभव नहीं हो पा रहा है। तरुण मोदक के परिवार में पत्नी और दो नाबालिग बच्चे हैं। परिवार का भरण-पोषण करने वाले एकमात्र व्यक्ति तरुण मोदक की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। इलाज के प्रयास में जो थोड़ी बहुत बचत थी, वह भी खत्म हो चुकी है। बीते चार महीनों से कोई आमदनी न होने के कारण परिवार भुखमरी के कगार पर है। तरुण मोदक की पत्नी ने मीडिया के माध्यम से सरकार और प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है, ताकि उनके पति का इलाज संभव हो सके। परिवार इस समय गहरे संकट में है और हर दिन चिंता के साए में जीवन बिता रहा है।

# प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर ने पहलगाम हमले के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि देने हेतु प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर ने शनिवार को जुबली पार्क स्थित पत्रकार चौक पर कैंडल मार्च निकाला। दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई और आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। कैंडल मार्च का नेतृत्व अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, महासचिव विनय पूर्ति और कोषाध्यक्ष अजय महतो ने किया। पूर्व अध्यक्ष प्रशांत सिंह पुतुल, अजय शंकर, रंगधर नंदा, राजेश लाल दास, नागेंद्र शर्मा, गोविंद पाठक, रवेश तिवारी, प्रमोद झा, मनोज सिंह, इंद्रजीत सिंह पिंटू, मो. अकबर, प्रभात कुमार, विनय उपाध्याय, राजेश सिंह, जीतेंद्र कुमार, परसंजीत सिंह, बिनोद केशरी, आनंद राव, रवि शंकर, मनोज रजक, मो. जावेद, सरफराज खान, ऋषव श्रीवास्तव व रॉकी समेत अन्य सदस्य शामिल रहे।

# पहलगाम हमला के विरोध में झामुमो मानगो नगर समिति का कैंडल मार्च, दी श्रद्धांजलि



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड मुक्ति मोर्चा की मानगो नगर समिति ने आज बाबा तिलका माझी चौक, डिमना में कैंडल मार्च आयोजित किया। यह मार्च जम्मू कश्मीर के पहलगाम में उग्रवादियों द्वारा 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या के विरोध में था। समिति के अध्यक्ष फतेह चंद्र टुडू के नेतृत्व में यह प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की और भारत सरकार से गुनहगारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस अवसर पर महावीर मुर्मू, प्रभात सिंह, मोहम्मद मुस्ताक, कृष्णा हसदा, रानी सिंह, नीलम तिवारी, विजय नीरलगी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। समिति ने सरकार से जल्दी ही दोषियों को पकड़ने और इस अपराध में शामिल सभी लोगों के खिलाफ सख्त कदम उठाने का मांग किया।

# बस्ती वासियों की समस्याओं का समाधान जल्द : अंसार खान



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष और जमशेदपुर पश्चिमी के पूर्व विधायक प्रतिनिधि अंसार खान कालका नगर रोड नंबर 6 बस्तियों में पहुंचे। इस दौरान, समाजसेवी डॉक्टर अफरोज शकील ने उन्हें सूचित किया कि ए.पी.जे. अब्दुल कलाम हाई स्कूल के पास बिजली के झूके हुए तारों से सुरक्षा का खतरा है। मोहल्ले वासियों ने बताया कि यहां एक बिजली पोल की आवश्यकता है, जिससे तारों को ऊंचा किया जा सके और दुर्घटनाओं से बचा जा सके। अंसार खान ने बस्ती वासियों को आश्वासन दिया कि सोमवार को वह विद्युत कार्यपालक अभियंता से इस समस्या को अवगत करा देंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही बिजली पोल स्थापित किया जाएगा। इस मौके पर समाजसेवी शकील अफरोज, मोहम्मद ताहिर हुसैन, तंजील अहमद, संजय देव शर्मा, नौशाद खान, रिंकू शर्मा, मोनू चौहान, मोहम्मद शारीक, मोहम्मद रिजवान, जमशेद आलम, शहाबुद्दीन समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# कुंजाडीह बालिजुडीह में हरि नाम संकीर्तन महायज्ञ का आयोजन आज से

**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कुचाई प्रखंड के पोंडाकाटा पंचायत स्थित कुंजाडीह बालिजुडीह गांव में इस वर्ष भी श्री श्री हरि संकीर्तन समिति द्वारा हरि मंदिर प्रांगण में 16 प्रहर व्यापी श्री श्री राधा गोविंद अखंड युगल हरि नाम संकीर्तन महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। महायज्ञ का शुभारंभ 28 अप्रैल, सोमवार को गंधाधिवास से होगा, और 29 अप्रैल, मंगलवार को नामारंभ होगा। इसके बाद 30 अप्रैल, बुधवार को जागरण रात्रि का आयोजन किया जाएगा, जबकि 1 मई, गुरुवार को कुंज विसर्जन और धुलौट के साथ समापन होगा। इस आयोजन में प्रमुख कीर्तन मंडलियाँ भाग लेंगी, जिनमें श्री अवनी दास आडसा, श्री मथुर दास जयपुर, श्री निमाय महन्ता, और निताय गौरी महिला संप्रदाय प0 बंगाल से शामिल होंगे। पूजा के बाद प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए एक विशेष धार्मिक अवसर होगा।

# पाकिस्तान के खिलाफ साकची में आक्रोश मार्च, जलाया गया पाकिस्तानी झंडा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के विरोध में रविवार को साकची में सनातन उत्सव समिति के नेतृत्व में आक्रोश मार्च निकाला गया। यह मार्च पहलगाम में हिंदू सैलानियों के नरसंहार के खिलाफ था। समिति के संस्थापक चिंटू सिंह ने कहा, "पाकिस्तान की गंदी मानसिकता को हर मंच से बेनकाब करना हमारा कर्तव्य है। मार्च के दौरान सैकड़ों लोगों ने पाकिस्तान के झंडे पर कूड़ा एकत्र कर उसे जलाया। साथ ही, पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की और भारत माता की जय के जयकारे लगाए। इस मौके पर सड़क पर पाकिस्तान के झंडे पर अपशब्द भी अंकित किए गए। आयोजकों ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस मार्च में डॉ. राजीव सर, कुमार संदेश, कन्हैया सिंह, अप्पू तिवारी, नीतीश कुशवाहा, सागर राय समेत कई प्रमुख नेता शामिल हुए।

# घाघीडीह जेल के पास समीप फायरिंग मामले का पुलिस ने किया खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** परसुडीह थाना क्षेत्र स्थित घाघीडीह सेंट्रल जेल के सामने 22 अप्रैल को हुई फायरिंग मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। 22 अप्रैल को दो अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने घाघीडीह सेंट्रल जेल के सामने फायरिंग की थी। घटना के बाद, बदमाश मौके से फरार हो गए थे और एक पर्ची फेंक गए थे, जिसमें अभिजीत मंडल उर्फ कांडी का नाम लिखा था। पर्ची में नाम का उल्लेख होते ही इलाके में सनसनी फैल गई थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए, तुरंत जांच शुरू की और विभिन्न सुरागों के आधार पर चार युवकों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में शामिल हैं : गणेश कर्मकार - एमजीएम थाना क्षेत्र के तुरियाबेड़ा, ब्लू बेल्स हाई स्कूल के पास का निवासी, अविनाश कुमार - तुरियाबेड़ा निवासी, सौरभ सिंह उर्फ तोड़े - परसुडीह थाना क्षेत्र के गोल पहाड़ी निवासी और मौर्य - कदमा थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर निवासी है। गिरफ्तार आरोपियों में से सौरभ सिंह उर्फ तोड़े का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। उसके खिलाफ सीतारामडेरा थाना में हत्या और लूट के दो मामले दर्ज हैं। सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि सभी गिरफ्तार आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। पुलिस अब इस मामले के अन्य पहलुओं पर भी जांच कर रही है, ताकि पूरे मामले का खुलासा किया जा सके और दोषियों को सख्त सजा दिलवाया जा सके।



## झीमड़ी में लड़की भगाने के मामले में हिंसा, आगजनी और पत्थरबाजी

# गांव में धारा 144 लागू, पुलिस छावनी में तब्दील

प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ ।** सरायकेला-खरसावां जिला के नीमडीह प्रखंड के झीमड़ी गांव में शनिवार की शाम लड़की भगाने के मामले ने तूल पकड़ लिया। घटना के बाद गुस्साई भीड़ ने चार दुकानों और दो घरों में आग लगा दी। पुलिस के हस्तक्षेप के बावजूद भीड़ बेकाबू हो गई और जमकर पत्थरबाजी हुई। हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। बढ़ते तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल मौके पर भेजा गया। दमकल की मदद से आग बुझाई गई। प्रशासन ने एहतियातन पूरे इलाके में धारा 144 लागू कर दी है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात है और गांव पूरी तरह पुलिस छावनी में तब्दील हो चुका है। अगवा लड़की और युवक को पुलिस ने बरामद किया पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अगवा लड़की और आरोपी युवक को जमशेदपुर से बरामद कर लिया है। दोनों से पूछताछ जारी है।

**डीसी और एसपी ने संभाला मोर्चा :** उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला और एसपी मुकेश कुमार लुनायत खुद मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने शांति व्यवस्था बहाल करने के साथ ही अफवाहों से दूर रहने की अपील की। पुलिस कप्तान ने चेतावनी दी कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी।

**सन्नाटा पसरा, दुकानें बंद :** घटना के बाद से झीमड़ी गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। सभी दुकानें बंद हैं। प्रशासन लगातार फ्लैग मार्च कर रहा है।



# नारभेराम हंसराज इंग्लिश स्कूल में मिथक और नैतिकता पर आधारित नाटक का सफल मंचन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर ।** नारभेराम हंसराज इंग्लिश स्कूल (एनएचईएस) ने 26 अप्रैल को कुसुम कमानी ऑडिटोरियम में मिथक और नैतिकता नाटक का मंचन किया, जो भारतीय महाकाव्य महाभारत के प्रमुख घटनाक्रमों पर आधारित था। इस नाटक के माध्यम से एनएचईएस ने भारतीय संस्कृति और महाकाव्य के ऐतिहासिक और नैतिक मूल्यों को पुन: प्रस्तुत करने का प्रयास किया। नाटक का पहला एपिसोड कौरवों और पांडवों के गुरु द्रोणाचार्य और निषाद जनजाति के राजकुमार एकलव्य के बीच की मार्मिक कहानी पर आधारित था। एकलव्य, जो अपनी जाति के कारण द्रोणाचार्य से अस्वीकार हो गया था, ने समर्पण और दृढ़ता से धनुर्विद्या में निपुणता प्राप्त की। द्रोणाचार्य ने एकलव्य से उसकी शिक्षा के बदले में अंगूठा मांगा, जिससे उसकी क्षमता पर सवाल खड़ा किया गया। एकलव्य ने गुरु के प्रति अपनी निष्ठा को दर्शाते हुए अपना अंगूठा बलिदान कर दिया, जो भक्ति और समर्पण की मिसाल बन गया। इसके बाद, अर्जुन का धनुर्विद्या कौशल और द्रुपदी के स्वयंवर की कथा प्रदर्शित की गई, जिसमें अर्जुन की निष्ठा और एकाग्रता को प्रमुखता दी गई। नाटक में कौरवों और पांडवों के बीच के पासे के खेल और कुरुक्षेत्र युद्ध के प्रेरणादायक दृश्य भी शामिल थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्वी सिंहभूम की डिप्टी कमिश्नर अनन्या मित्तल ने छात्रों और शिक्षकों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। इस अवसर पर स्कूल के अध्यक्ष नकुल कामानी और अन्य सम्मानित अतिथियों ने भी उपस्थित होकर कार्यक्रम की सराहना की।



# सरकार हमारी, विधायक हमारे, बंद आदिवासी बालिका विद्यालय होगा फिर से चालू : रनीता सरदार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जादूगोड़ा :** पोटका विधायक संजीव सरदार की पत्नी और विधायक प्रतिनिधि रनीता सरदार ने रविवार को जादूगोड़ा स्थित आदिवासी बालिका उच्च विद्यालय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की वित्तीय स्थिति और जर्जर छात्रावास की हालत का निरीक्षण किया। रनीता सरदार ने कार्यक्रम में कहा, सरकार हमारी है, विधायक संजीव भैया हमारे हैं। हम 10 साल से बंद पड़े इस विद्यालय के अनुदान को फिर से चालू करवाएंगे। रनीता सरदार के इस आश्वासन से विद्यालय के शिक्षक और छात्रों में उत्साह की लहर दौड़ गई है। विद्यालय में फिलहाल सात शिक्षक-शिक्षिकाएं बिना मानदेय के बच्चों को पढ़ा रहे हैं। सचिव शंकर भक्त ने रनीता सरदार से स्कूल की चारदीवारी और जर्जर छात्रावास के निर्माण की भी मांग की। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य गणमान्य लोगों ने भी इस मुद्दे को महत्वपूर्ण बताया। इस दौरान कश्मीर के पहलगांव में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों की श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक मिनट का मौन रखा गया। अब यह देखना होगा कि रनीता सरदार का आश्वासन कितना प्रभावी होता है या सिर्फ राजनीतिक बयान तक सीमित रहता है।



# अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर कार्यक्रम मोतीलाल नेहरू स्कूल में 4 मई को



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** स्त्री राष्ट्र की आधार शक्ति द्वारा पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती बड़े धूमधाम से मनाई जाएगी। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम 4 मई 2025 को मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल, जमशेदपुर के प्रेक्षागृह में संध्या 5 बजे से आयोजित होगा। इस भव्य अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में डॉ. विकास दवे, निदेशक मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी एवं देवपुत्र मासिक के संपादक उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगीता बेहरा, प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता एवं शिक्षाविद् करेंगी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर जी के जीवन, कार्य और उनके आदर्शों से समाज को अवगत कराना है।

# अंगना संस्था द्वारा नागेंद्र सिंह जयंती पर भव्य कवि सम्मेलन आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर ।** भोजपुरी के महान साहित्यकार नागेंद्र सिंह की जयंती के मौके पर साहित्यिक संस्था 'अंगना' ने रविवार को कुंवर विजय प्रताप सिंह देव बालिका उच्च विद्यालय, सरायकेला में एक भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक नारायण कुमार ने अध्यक्षता की, जबकि गायत्री परिवार के राजेश साहू और डीएससी के राजेश्वर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, इसके बाद माधवी उपाध्याय ने मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। इस आयोजन में 11 कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। विशेष रूप से राजेंद्र शाह राज ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया, जबकि वीना पांडे भारती ने बेटियों के महत्व पर कविता सुनाई। इसके अतिरिक्त डॉ. संध्या सिंह सूफी, अनामिका मिश्रा, उपासना और अन्य कवियों ने भी अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को जीवंत किया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं द्वारा काव्य पाठ किया गया, जिन्हें संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। अंत में डॉ. संध्या सिंह सूफी ने धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम का समापन किया।



# मायुमं ने चेशायर होम में विशेष बच्चों के साथ मनाया 'आनंद सबके लिए' कार्यक्रम



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** मारवाड़ी युवा मंच, स्टील सिटी शाखा द्वारा रविवार को 'आनंद सबके लिए' राष्ट्रीय सेवा कार्यक्रम के तहत सुंदरनगर स्थित चेशायर होम में विशेष बच्चों को भोजन कराया गया और उनके साथ खुशियां साझा की गई। यह मानवीय पहल मंच की सामाजिक जिम्मेदारी और सेवा भावना का परिचायक रही। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों तक सहायता पहुँचाना और युवाओं को सेवा के कार्यों के लिए प्रेरित करना रहा। आयोजन को सफल बनाने में शाखा अध्यक्ष अनंत मोहनका, सचिव कौशिक चौधरी, कार्यक्रम संयोजक रमेश अग्रवाल, अजय चेतानी, अंकुर मोदी, ऋषव चेतानी, अनिमेष छापोलिया सहित कई सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# जलापूर्ति योजना और महंगाई पर कांग्रेस का जोरदार आंदोलन का ऐलान

## - 3 मई को रांची में आयोजित संविधान बचाओ रैली में सभी से भाग लेने का आह्वान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी और झारखंड प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर बिरसानगर में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने भाग लिया। इस सभा में जन समस्याओं को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा गया। दुबे ने महंगाई, बेरोजगारी और जलापूर्ति योजनाओं में हो रही विफलताओं पर कड़ा विरोध दर्ज किया। उन्होंने कहा, महंगाई अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच चुकी है, और भाजपा सरकार गरीबों के साथ अन्याय कर रही है। रसोई गैस के बढ़े हुए दाम और बेरोजगारी के मुद्दे पर भाजपा को जवाब देना होगा। दुबे ने मोहरदा जलापूर्ति योजना की समस्याओं को लेकर भी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यदि अगले दस दिनों में इन समस्याओं का समाधान नहीं होता, तो कांग्रेस जोरदार घेराव करेगी। इसके अलावा, उन्होंने 3 मई को रांची में आयोजित संविधान बचाओ रैली में सभी से भाग लेने का आह्वान किया। नुक्कड़ सभा को प्रदेश महासचिव विजय खाँ, सचिव सामंता कुमार, जसवंत सिंह जस्सी, अतुल गुप्ता, रामलाल पासवान, सुखदेव सिंह मद्धी, सरजु शाह, जसबिर सिंह, जे. एस. बदरी, विनोद यादव, राजकुमार वर्मा, संजय तिवारी, अजय शर्मा, हरिहर प्रसाद, सत्री सिंह, रविंद्र मौर्या, दीपक कर्माकार आदि नेताओं ने सम्बोधित किया।



# सुसनी में चड़क पूजा पर भोक्ता घूरा कार्यक्रम, एक दर्जन से अधिक भोक्ता सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड के बड़ा सुसनी गांव में इस साल भी हर साल की तरह शिव चड़क पूजा का आयोजन किया गया। शनिवार को सार्वजनिक चड़क पूजा कमिटी की ओर से आयोजित पूजा कार्यक्रम में सैकड़ों महिला व्रतियों ने दिनभर उपवास रखकर भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की। रात्रि जागरण के दौरान प्रभात कुमार महतो और परेश कुम्हार की पार्टी ने छऊ नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे आसपास के गांवों से आए हजारों लोगों ने आनंद लिया। रविवार को आयोजित भोक्ता घूरा कार्यक्रम में एक दर्जन से अधिक युवाओं ने बाबा भोलेनाथ के प्रति अपनी श्रद्धा और आस्था प्रदर्शित करते हुए करतब दिखाए। भोक्ताओं ने अपनी पीठ में लोहे का हुक लगाकर करीब 40 फीट की ऊंचाई पर घूमते हुए, मिठाई और नोटों की बारिश की। इस दौरान मेला परिसर में उपस्थित लोग उत्साह से नोट और मिठाई लेने के लिए एकत्रित हुए। कार्यक्रम की सफलता में पूजा कमिटी के सदस्य सनातन सिंह, संजय कुंभकार, प्रभाष महतो, पतन महतो, दीपक कुंभकार, सुभाष कुंभकार, रामलोचन सिंह, प्रदीप कुंभकार, नरहरि महतो और लालमोहन महतो का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



संपादकीय

## 'जयचंदों' को मिट्टी में मिलाएं

**यकीनन** कश्मीर बदला है। पहलगाम में तो सडक़ों पर और होटलों में सन्नाटा पसरा है। दुकानों पर ताले लटके हैं। लोग मानसिक तौर पर आहत हैं, क्योंकि कश्मीरियत के मेहमानों के कत्ल किए गए हैं। उनकी परंपराएं छिन्न-भिन्न हुई हैं। कश्मीर में सैलानियों को इस तरह कभी भी निशाना नहीं बनाया गया। कश्मीर के पेट पर लात मारी गई है। श्रीनगर के ऐतिहासिक 'लाल चौक' पर जो विरोध-प्रदर्शन किए गए, उनमें हिंदू, मुस्लिम, सिख, डोगरा आदि सभी समुदायों के चेहरे दिखाई दे रहे थे। डल लेक पर शिकारे बंद पड़े हैं और वे सामूहिक तौर पर आतंकवाद को खारिज कर रहे हैं। जिन हाथों में कभी पत्थर और 'हिंदुस्तान विरोध' की तख्तियां होती थीं, आज उन हाथों में 'तिरंगा' लहरा रहा है। कारगिल से कन्याकुमारी तक गुस्सा और आक्रोश एक जैसा ही है। प्रधानमंत्री मोदी का यह कथन यकीन दिलाता है कि आतंकवाद ने जब भी मासूम, बेकसूर और निहत्थे लोगों की बर्बर हत्याएं की हैं, तब समूचा भारत एकसूत्र में बंधा दिखाई दिया है। तमाम विपक्षी दलों ने भी सरकार को, आतंकियों के खिलाफ, कोई भी कार्रवाई करने को अधिकृत किया है। सरकार और सुरक्षा-खुफिया तंत्र ने स्वीकार किया है कि सुरक्षा-व्यवस्था में चूक हुई है, लेकिन सर्वदलीय बैठक को ब्रीफ किया गया है कि कुछ टूर ऑपरेटर सैलानियों को बैसरन घाटी के घसियाले मैदान तक ले गए थे और प्रशासन को इसकी जानकारी नहीं दी गई, लिहाजा पुख्ता सुरक्षा बंदोबस्त भी नहीं किए जा सके। पहलगाम के अन्य हॉटस्पॉट के आसपास करीब 500 सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए थे। वहां कोई भी आतंकी घटना नहीं हुई है। यह सरकार के पक्ष की सफाई हो सकती है, लेकिन स्थानीय पुलिस को यह साफ दिख रहा होगा कि बैसरन में हजारों पर्यटक जा रहे हैं। पुलिस आंख नहीं मूंद सकती। बहरहाल अब हमें प्रधानमंत्री मोदी की हुंकार पर भरोसा करना चाहिए कि आतंकियों और उनके आकाओं को उनकी कल्पना से बड़ी सजा दी जाएगी। आतंकियों की बची-खुची जमीन को मिट्टी में मिलाने का वक्त आ गया है। देश की भावनाओं और उत्साह के मद्देनजर प्रधानमंत्री का ऐसा संबोधन भी बेहद जरूरी है, लेकिन रक्षा विशेषज्ञ 'कश्मीर के जयचंदों' को, आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई में, बड़ी बाधा मानते हैं। वे संख्या में भी काफी हैं और ताकतवर भी हैं। जब तक इन 'जयचंदों' को मिट्टी में नहीं मिलाया जाएगा, तब तक भारत आतंकवाद का समूल विनाश नहीं कर सकता। ये 'जयचंद' आतंकियों के स्थानीय गिरोह हैं, स्लीपर सेल हैं और पनाहगाह भी हैं। एक सूचना सामने आई है कि जो आतंकी 'पहलगाम नरसंहार' का सरगना था, वह बीते 4-5 साल से कश्मीर में सक्रिय है और कोने-कोने से वाकिफ है। स्थानीय खुफिया-तंत्र क्या करता रहा है? हम इस सूचना की पुष्टि नहीं कर सकते, लेकिन जम्मू-कश्मीर में 'आतंकियों के जयचंद' राजनीतिक कार्यकर्ता के तौर पर, रेहड़ी-पटरी वाले कारोबारी के रूप में, सामाजिक कार्यकर्ता के तौर पर मौजूद और सक्रिय हैं, यह खुलासा तो सेवानिवृत्त सैन्य जनरल और पुलिस महानिदेशक स्तर के अधिकारी कर रहे हैं, जिन्होंने अतीत के उग्र और हत्यारे आतंकियों के दौर देखे हैं और उनसे लड़ाई भी की है। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि 'आतंकवाद के जयचंदों' की पूरी सूचियां पुलिस और सेना के पास होती हैं। 'जयचंदों' का निचले स्तर तक जो जाल फैला है, उसकी सम्यक जानकारी होती है। सूचनाओं के आधार पर ये सूचियां तैयार की जाती हैं। इन पर कार्रवाई तभी होगी, जब राजनीतिक नेतृत्व 'हरी झंडी' देगा। रक्षा विशेषज्ञों की सूचनाओं के आधार पर पहले 'जयचंदों' को मिट्टी में मिलाया जाए।

> प्रधानमंत्री मोदी का यह कथन यकीन दिलाता है कि आतंकवाद ने जब भी मासूम, बेकसूर और निहत्थे लोगों की बर्बर हत्याएं की हैं, तब समूचा भारत एकसूत्र में बंधा दिखाई दिया है। तमाम विपक्षी दलों ने भी सरकार को, आतंकियों के खिलाफ, कोई भी कार्रवाई करने को अधिकृत किया है। सरकार और सुरक्षा-खुफिया तंत्र ने स्वीकार किया है कि सुरक्षा-व्यवस्था में चूक हुई है, लेकिन सर्वदलीय बैठक को ब्रीफ किया गया है कि कुछ टूर ऑपरेटर सैलानियों को बैसरन घाटी के घसियाले मैदान तक ले गए थे और प्रशासन को इसकी जानकारी नहीं दी गई, लिहाजा पुख्ता सुरक्षा बंदोबस्त भी नहीं किए जा सके। पहलगाम के अन्य हॉटस्पॉट के आसपास करीब 500 सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए थे। वहां कोई भी आतंकी घटना नहीं हुई है। यह सरकार के पक्ष की सफाई हो सकती है, लेकिन स्थानीय पुलिस को यह साफ दिख रहा होगा कि बैसरन में हजारों पर्यटक जा रहे हैं। पुलिस आंख नहीं मूंद सकती। बहरहाल अब हमें प्रधानमंत्री मोदी की हुंकार पर भरोसा करना चाहिए कि आतंकियों और उनके आकाओं को उनकी कल्पना से बड़ी सजा दी जाएगी।

### आतंकवादियों की शरणस्थली बने पाकिस्तान को ये कूटनीतिक बसक समय की जरूरत है

## पाकिस्तान से पानी का रिश्ता हुआ समाप्त

प्रमोद भार्गव

> आतंकी हमले के परिप्रेक्ष्य में केंद्र सरकार ने कड़ा रुख अपनाते हुए पांच बड़े कूटनीतिक प्रहार कर दिए हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण सिंधु जल समझौते को अनिष्चित काल के लिए स्थगित करना है। यह एक ऐसी कूटनीतिक चाल है, जिससे पाकिस्तान को भीषण जलसंकट का सामना तो करना पड़ेगा ही आर्थिक समृद्धि में भी यह फैसला मठा घोलने का काम करेगा। साथ ही पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा रद्द करते हुए उन्हें 48 घंटे में पाक लौट जाने का आदेश दिया है। अटारी-वाघा सीमा-द्वार बंद कर दिया है।

**कश्मीर** के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के परिप्रेक्ष्य में केंद्र सरकार ने कड़ा रुख अपनाते हुए पांच बड़े कूटनीतिक प्रहार कर दिए हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण सिंधु जल समझौते को अनिष्चित काल के लिए स्थगित करना है। यह एक ऐसी कूटनीतिक चाल है, जिससे पाकिस्तान को भीषण जलसंकट का सामना तो करना पड़ेगा ही आर्थिक समृद्धि में भी यह फैसला मठा घोलने का काम करेगा। साथ ही पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा रद्द करते हुए उन्हें 48 घंटे में पाक लौट जाने का आदेश दिया है। अटारी-वाघा सीमा-द्वार बंद कर दिया है। भारत ने पाकिस्तान से अपने सैन्य राजनयिकों को वापस बुला लिया है। नई दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग में रक्षा, सैन्य, नौसेना और वायुसेना सलाहकारों को अवांछित व्यक्ति घोषित किया है। इन्हें एक सप्ताह में भारत छोड़ना होगा। ये सभी निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में संपन्न हुई केंद्रीय कैबिनेट की सुरक्षा समिति (सीसीएस) की बैठक में लिए गए हैं। आतंकवादियों की शरणस्थली बने पाकिस्तान को ये कूटनीतिक सबक समय की जरूरत है। अमानुषिक दगाबाजी के आदि पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने 16 अप्रैल 2025 को इस्लामाबाद में ओवरसीज पाकिस्तानियों के सम्मेलन में कहा था कि कश्मीर पाकिस्तान के 'गले की नस' है। पाकिस्तान ने आतंकी साजिश रचकर कश्मीर के अवाम की इसी आर्थिक श्वास की नली को अवरुद्ध कर दिया है। अब भारत ने पलटवार करते हुए सिंधु की जलधार को अवरुद्ध करके ईंट का जबाव पत्थर से देने का काम किया है। यदि यह जवाब बहुत पहले दे दिया गया होता तो शायद पाक से निर्यात आतंक के ये हालात पनप ही नहीं पाते? 19 सितंबर 1960 को सिंधु जल संधि में भारत और पाकिस्तान के बीच नदियों का पानी बांटने का समझौता हुआ था। इस समझौते पर प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और पाकिस्तानी राष्ट्रपति अयूब खान ने हस्ताक्षर किए थे। यह संधि विश्व बैंक की मध्यस्थता में हुई थी। इसके अंतर्गत पाकिस्तान से पूर्वी क्षेत्र की तीन नदियों व्यास, रावी व सतलुज की जल राशि पर नियंत्रण भारत के सुपुर्द किया गया था और पश्चिम की नदियों सिंधु, चिनाब व झेलम पर नियंत्रण की जिम्मेदारी पाक को सौंपी गई थी। इसके तहत भारत के ऊपरी हिस्से में बहने वाली इन छह नदियों का 80.52 यानी 167.2 अरब घन मीटर पानी पाकिस्तान को हर साल दिया जाता है। जबकि भारत के



हिस्से में महज 19.48 प्रतिशत पानी ही शेष रह जाता है। नदियों की ऊपरी धारा ( भारत में बहने वाला पानी) के जल-बंटवारे में उदारता की ऐसी अनूठी मिसाल दुनिया के किसी भी अन्य जल-समझौते में देखने में नहीं आई है। इसीलिए अमेरिकी सीनेट की विदेशी मामलों से संबंधित समिति ने 2011 में दावा किया था कि यह संधि दुनिया की सफलतम संधियों में से एक है। लेकिन यह संधि केवल इसलिए सफल है, क्योंकि भारत संधियों की शर्तों को निभाने के प्रति अब तक उदार एवं प्रतिबद्ध बना हुआ है। जबकि जम्मू-कश्मीर को हर साल इस संधि के पालन में करीब 60 हजार करोड़ रुपए का नुकसान उठाना पड़ता है। भारत की भूमि पर इन नदियों का अकूत जल भंडार होने के बावजूद इस संधि के चलते इस राज्य को पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। पाकिस्तान की 2.6 करोड़ एकड़ कृषि भूमि की सिंचाई इन्हीं नदियों के जल से होती है। पाक के बड़े भू-भाग की 21 करोड़ से ज्यादा जनसंख्या की जल की जरूरतें इन्हीं नदियों पर निर्भर हैं। यह संधि लंबे समय तक स्थगित रहती है तो पाकिस्तान में अकाल और सूखे के हालात बन सकते हैं। दरअसल सिंधु-संधि के तहत उत्तर से दक्षिण को बांटने वाली एक रेखा सुनिश्चित की गई है। इसके तहत सिंधु क्षेत्र में आने वाली तीन नदियां सिंधु, चिनाब और झेलम पूरी तरह पाकिस्तान को उपहार में दे दी गई हैं। इसके उलट भारतीय संप्रभुता क्षेत्र में आने वाली व्यास, रावी व सतलुज नदियों के बचे हुए हिस्से में ही जल सीमित रह गया है। इस लिहाज से यह संधि दुनिया की ऐसी इकलौती अंतरदेशीय जल संधि है, जिसमें सीमित संप्रभुता का सिद्धांत लागू होता है और संधि की असमान शर्तों के चलते ऊपरी जलधारा वाला देश नीचे की ओर प्रवाहित होने वाली जलधारा वाले देश पाकिस्तान के लिए अपने हितों की न केवल अनदेखी करता है, वरन बालिदान कर देता है। इतनी बेजोड़ और पाक हितकारी संधि होने के बावजूद पाक ने भारत की उदार शालीनता का उत्तर पूरे जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में आतंकी हमलों के रूप में तो दिया ही, अब इनका विस्तार भारतीय सेना व पुलिस के सुरक्षित ठिकानों तक भी किया हुआ है। अब पर्यटकों की हिंदू धार्मिक पहचान करके जो नरसंहार पहलगाम की बैसरन घाटी में किया है, वह यह जताने के लिए काफी है कि हमला धर्म के आधार पर किया गया है। ये सभी हमले आतंकवाद को बहाना बनाकर छद्म युद्ध के जरिए किए गए, जबकि ये सभी हमले पाक सेना की करतूत हैं। दरअसल छद्म युद्ध में लागत तो कम आती ही है, हमलाबर देश पाकिस्तान वैश्विक मंचों पर इस बहाने रक्षात्मक भी हो जाता है कि इन हमलों में उसका नहीं, आतंकवादियों का हाथ है। बावजूद हैरानी इस बात पर है कि इस संधि को तोड़ने की हिम्मत न तो 1965 में भारत-पाक युद्ध के बाद दिखाई गई और न ही 1971 में? हालांकि 1971 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान को दो टुकड़ों में विभाजित कर नए राष्ट्र बांग्लादेश को अस्तित्व में लाने की बड़ी कूट व रणनीतिक सफलता हासिल की थी। कारगिल युद्ध के समय भी हम इस संधि को तोड़ने से चुके हैं। देर से ही सही इस संधि को तोड़ने की पहल देशहित में है। दरअसल पाकिस्तान की प्रकृति में ही अहसानफरोसी शुमार है। इसीलिए भारत ने जब झेलम की सहायक नदी किशनगंगा पर बनने वाली 'किशन गंगा जल विद्युत परियोजना' की बुनियाद रखी तो पाकिस्तान ने बुनियाद रखते ही नीदरलैंड में स्थित 'अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता न्यायालय' में 2010 में ही आपत्ति दर्ज करा दी थी। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में किशनगंगा नदी पर 300 मेगावाट की जल विद्युत परियोजना प्रस्तावित है। हालांकि 20 दिसंबर 2013 को इसका फैसला भी हो गया। दुर्भाग्य कहलें या भारत द्वारा ठीक से अपने पक्ष की पैरवी नहीं करने के कारण यह निर्णय भारत के व्यापक हित साधे रखने में असफल रहा है। न्यायालय ने भारत को परियोजना निर्माण की अनुमति तो दे दी, लेकिन भारत को बाध्य किया गया कि वह 'रन ऑफ दि रिवर' प्रणाली के तहत नदियों का प्रवाह निरंतर जारी रखे। फैसले के मुताबिक किशनगंगा नदी में पूरे साल हर समय 9 क्यूसेक मीटर प्रति सेकंड का न्यूनतम जल प्रवाह जारी रहेगा। हालांकि पाकिस्तान ने अपील में 100 क्यूसेक मीटर प्रति सेकंड पानी के प्राकृतिक प्रवाह की मांग की थी, जिसे न्यायालय ने नहीं माना।

दृष्टि कोण

## आतंकवाद पर अमरीका का ढुलमुल रवैया

**जम्मू** कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले 26 से अधिक पर्यटक मारे गए। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकियों ने यह हमला ऐसे समय में किया जब अमरीका के उपराष्ट्रपति जेडी वेन्स अपनी भारतीय मूल की पत्नी उषा और बच्चों के साथ भारत की यात्रा पर थे। इस हमले के पीछे पाकिस्तान का निहितार्थ इस यात्रा में विघ्न डाल कर कश्मीर के मुद्दे पर विश्व का ध्यान आकर्षित करना था। पाकिस्तान इस तरह के कुत्सित प्रयास पूर्व में भी कर चुका है। बेरोजगारी, भारी भरकम कर्जा और घरेलू आतंकवाद से त्रस्त पाकिस्तान ने इन समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए वेन्स की यात्रा के दौरान हमला करवाने के समय का चुनाव किया। अमरीका सहित विश्व के तकरीबन सभी देशों ने इस हमले की तीखी निंदा की। सवाल यही है कि क्या अमरीका सिर्फ निंदा तक ही सीमित रहेगा। पूर्व में भी इसी तरह के पाक प्रायोजित हमले के दंश भारत झेलता रहा है। जब कभी भी ऐसे हमले हुए हैं, अमरीका ने सिर्फ घडियाली आंसू ही बहाए हैं। सही मायने में तो अमरीका चाहता ही नहीं है कि पाकिस्तान पर ऐसी आतंकी वारदातों को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई करे। यही वजह है कि अन्य देशों की तरह अमरीका भी सिर्फ सहानुभूति जता कर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर लेता है। अमरीका बेशक इन हमलों के लिए सीधा जिम्मेदार नहीं हो, किंतु पाकिस्तान के साथ उसके सैन्य रिश्ते कहीं न कहीं आतंकवाद को प्रोत्साहित करते नजर आते हैं। यह पहला मौका नहीं है जब किसी अमरीकी विशिष्ट व्यक्ति के भारत दौरे के दौरान आतंकी वारदात हुई है। 20 मार्च 2000 की रात को पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के चिट्टीसिंहपोरा गांव में 36 सिख ग्रामीणों का नरसंहार किया था। यह घटना अमरीकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की 21-25 मार्च की यात्रा से ठीक पहले हुई थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने क्लिंटन के सामने हमले के पीछे पाकिस्तान का हाथ होने का मुद्दा उठाया था। उस समय क्लिंटन जयपुर और आगरा के दौरे पर थे, जबकि विदेश मंत्री मैडलिन अलब्राइट और उप विदेश मंत्री स्ट्रोब टैलबोट भारतीय अधिकारियों से बातचीत करने के लिए दिल्ली में ही थे। वर्ष 2002 में जब दक्षिण एशियाई मामलों को लेकर अमरीकी असिस्टेंट सेक्रेटरी क्रिस्टीना बी रोका भारत की यात्रा पर थीं, तब 14 मई 2002 को जम्मू-कश्मीर के कालूचक के पास एक आतंकवादी हमला हुआ। तीन आतंकवादियों ने मनाली से जम्मू जा रही हिमाचल रोडवेज की बस पर हमला किया और सात लोगों की हत्या कर दी। इसके बाद आतंकी आर्मी क्वार्टर्स में घुस गए और अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें 10 बच्चों, आठ महिलाओं और पांच सैन्य कर्मियों सहित 23 लोग मारे गए। मारे गए बच्चों की उम्र चार से 10 साल के बीच थी और इस हमले में कुल 34 लोग घायल हुए थे। इन आतंकी हमलों से जाहिर है कि पाकपरस्त आतंकियों ने हमला करने के लिए ऐसे वक्त का चुनाव किया जबकि कोई न कोई प्रमुख अमरीकी भारत यात्रा पर आया हो। आश्चर्य की बात यह है कि इन हमलों के बावजूद अमरीका ने कभी पाकिस्तान के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं की। कहने को अमरीका भारत को महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार बताता है, किंतु हकीकत में उसका उद्देश्य सिर्फ व्यावसायिक हित साधना भर रहा है। अमरीका के व्यावसायिक हित सर्वोपरि हैं। भारत के भारी विरोध के बावजूद अमरीका ने पाकिस्तान को घातक एफ-16 लड़ाकू विमानों की बिक्री की। इतना ही नहीं, इनकी मरम्मत के नाम पर लाखों डालर की मदद भी अमरीका करता रहा है। अमरीका ने भारत के विरोध को नजरअंदाज करते हुए यह सैन्य मदद दी। अमरीका न सिर्फ भारत से दुश्मनी साधे हुए पाकिस्तान की हरसंभव मदद करता रहा है, बल्कि विदेशी धरती से भारत के खिलाफ साजिश करने वाले लोगों और देशों का सहयोग भी करता रहा है। कनाडा में आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में अमरीका ने कनाडा की पैरवी की। कनाडा फाइव आईज का सदस्य है। फाइव आईज में कनाडा के अहम सहयोगी अमरीका ने पिछले साल निज्जर हत्याकांड में भारतीय एजेंट्स की कथित संलिप्तता के कनाडा के आरोपों पर टिप्पणी की थी। अमरीकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा था कि हमने साफ कर दिया है कि कनाडा के आरोप बेहद ही गंभीर हैं, जिन्हें गंभीरता से लिया जाना चाहिए। हम चाहते थे कि भारत कनाडा की जांच में सहयोग करे, लेकिन भारत सहयोग नहीं कर रहा। इसके बजाय भारत ने एक वैकल्पिक रास्ता चुना है। इतना ही नहीं, अमरीका से भारत को आतंकी कार्रवाई की धमकी देने वाले खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एयर इंडिया की फ्लाइट को उड़ाने की धमकी दी। इस पर भी अमरीका ने जानबूझ कर नकेल नहीं कसी।

कुछ अलग

## दिल देखो, बिल न देखो...

**कौन** कहता है कि सरकार काम नहीं कर रही? ऐसा कहने वालों को पहले अपने काले चश्मे उतारने चाहिए, वरना सरकार की पारदर्शिता कैसे दिखेगी? सरकार जनहित में इतनी संवेदनशील है कि अफवाह की फुसफुसाहट भी होती है तो खुफिया तंत्र तुरंत उसे पकड़ लेता है और बिना आव-ताव देखे जांच बैठ जाती है। क्योंकि सरकार जनहित को लेकर पूरी तरह समर्पित है। न कुछ गलत देख सकती है और न बर्दाश्त कर सकती है। इससे सरकार की कमिटमेंट और कार्यक्षमता की झलक दुनिया को मिल जाती है। नेताजी को खिलाया गया मुर्गा जंगली था या बेचारा देसी टाइप का था, सरकार ने राष्ट्रीय मीडिया में यह मामला उछलते ही फौरन पुलिस को सक्रिय कर दिया। जिन्होंने सोशल मीडिया और अखबारों में शहीद हुए मुर्गे को जंगली मुर्गी का नाम दे दिया था, उन पर केस दर्ज हो गए। पब्लिक को पता चल गया कि सरकार इस मामले में बहुत सख्त है। सरकार ने जांच बिठाई तो पता चला कि मुर्गा जंगली नहीं था। क्योंकि जंगली मुर्गी का जुगाड़ हो नहीं पाया था। क्योंकि जंगल में कोई जंगली मुर्गा बचा ही नहीं था। सब जान बचाकर इधर-उधर के राज्यों में भाग गए थे। फिर समोसा प्रकरण हुआ। समोसा नेता जी की प्लेट तक क्यों नहीं पहुंचा और रास्ते में कौन लोग उस समोसे को खा गए, इस बारे बड़ी-बड़ी खबरें छपी तो फिर सरकार ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए जांच बिठा दी। मामला फाइव स्टार समोसा और देसी हलवाई के समोसे के बीच उलझ कर रह गया। जांच रिपोर्ट आई और गई। जनता में चर्चा शुरू हुई और फिर खत्म हुई। समोसा पेट से बाहर नहीं आया। होली के दिन एक और मामला सामने आया। कुछ सीनियर अफसरों ने परिवार सहित नाच-गाना किया, भोज रचाया और जनता की आंखों में गुलाल झोंक कर सरकारी खजाने से बिल ट्रेजरी में भेज दिया। लेकिन दुर्भाग्यवश वह बिल सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। सरकार की इज्जत पर आंच आई। सरकार की फजीहत होने लगी तो सरकार ने फिर संवेदनशीलता का प्रदर्शन किया। लेकिन इस बार जांच उन अफसर पर नहीं बैठी जिन्होंने भोज किया था और बिल सरकार को प्रस्तुत कर दिया था, बल्कि उन पर बैठी जिन्होंने बिल लीक किया। यानी सरकारी खजाने से खाना-पीना तो जायज है, लेकिन बिल पब्लिक के सामने लीक कर देना बहुत बड़ा गुनाह है। अब लीक करने वालों पर एक्शन होगा। हो सकता है कि दो-चार बाबू सस्पेंड भी हो जाएं, क्योंकि सरकार संवेदनशील है। क्योंकि सरकार का रुख बहुत सख्त है। अपनी छवि को लेकर बहुत सतर्क है। सरकार सफेद मामलों में तो वाह-वाह ही लूटना चाहती है, लेकिन काले कारनामों पर पर्दा डाले रखना चाहती है। इसलिए फॉरेन जांच बिठा दी जाती है। कुछ महीने जांच चलती रहती है। फिर रिपोर्ट नेताजी के पास आती है। नेताजी के पलंग के नीचे फाइलों की मोटी गद्दियां हैं। हर गद्दी में एक जांच रिपोर्ट सो रही है और नेताजी उन्हीं के ऊपर सोते हैं पूरी तसल्ली से। पब्लिक को फिर किसी नई जांच का इंतजार रहता है और नई जांच के लिए किसी नए कारनामे का इंतजार रहता है। सरकार में कारनामे करने वाले बहुत गणमान्य लोग हैं। उन्हें ऐसे कारनामे करने का लंबा अनुभव है और उनके इस अनुभव को देखते हुए सरकार ने उन्हें ऊंचे पदों पर भी बिठा रखा है। हर जांच एक सरकारी नाटक है जिसमें कलाकार पुराने हैं, स्क्रिप्ट नई होती है। जनता दर्शक है। तालियां बजाती है और फिर भूल जाती है।

देश दुनीया से

## संधि का स्थगन प्रदेश के विकास का आधार

**पहलगाम** हमले के विरोध में भारत सरकार ने प्रारंभिक स्तर पर जो कदम उठाए हैं, उनमें वर्ष 1960 में भारत-पाक के बीच वल्ड बैंक द्वारा व्यवस्थित सिंधु जल संधि को स्थगित करना भी शामिल है। भारत सरकार के इस निर्णय से हालांकि शुरुआती दौर में तो पाकिस्तान को ज्यादा फर्क नहीं पड़ेगा, पर अगर भारत इस संधि के तहत पाकिस्तान के हिस्से आई नदियों के जल प्रवाह की दिशा को परिवर्तित करने के लिए एक आधारभूत ढांचे का निर्माण कर लेता है, तो उत्तर भारत में खुशहाली की नई इबारत तो लिखी जाएगी ही, साथ में पाकिस्तान की लगभग 21 करोड़ की जनसंख्या सीधे तौर पर प्रभावित होगी जो पाकिस्तान को हमेशा के लिए घुटनों पर लाने के लिए काफी है। भारत सरकार अगर अपने इस निर्णय पर अडिग रहती है तो इसके दूरगामी परिणाम होंगे और पाकिस्तान के अस्तित्व पर ही संकट खड़ा हो सकता है। आज से 9 वर्ष पूर्व इसी विषय पर 'दिव्य हिमाचल' के संपादकीय में प्रकाशित मेरे एक लेख में मैंने इस भेदभावपूर्ण संधि में बदलाव के बारे में स्पष्ट लिखा था और कहा था कि अगर भारत पाकिस्तान के साथ हुई इस गलत संधि से पीछे हट जाता है तो पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद समेत कई समस्याओं का पूर्ण रूपेण सफाया हो जाएगा। भारत और पाकिस्तान के बीच लगभग 9 वर्षों की बातचीत के पश्चात 19 सितंबर 1960 को कराची में प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू व पाकिस्तानी राष्ट्रपति अयूब खान के बीच सिंधु जल संधि हुई थी। इस संधि के तहत भारत को तीन पूर्वी नदियों रावी, ब्यास और सतलुज का नियंत्रण मिला था, वहीं पाकिस्तान को झेलम, चेनाब और सिंधु नदी पर अधिकार मिला, हालांकि भारत पश्चिमी नदियों के भारत में बहने के दौरान कुछ हिस्से का सीमित मात्रा में उपयोग कर सकता था, परंतु यह कमोबेश पाकिस्तान की मर्जी पर ही निर्भर था। इस संधि को इसलिए भी भेदभावपूर्ण और गलत माना जाता रहा है क्योंकि इस संधि में भारत के हिस्से आई तीनों नदियों का कुल जल प्रवाह 41000 क्यूबिक फीट प्रति सेकंड है, वहीं अकेली सिंधु नदी का जल प्रवाह 233000 क्यूबिक फीट प्रति सेकंड है। दूसरे शब्दों में कहें तो भारत को इस समझौते से 30 फीसदी, तो पाकिस्तान को कुल 70 फीसदी पानी मिला और सबसे ज्यादा अपमानजनक पहलू तो यह था कि भारत को इस संधि की अनुसार 125 मीट्रिक टन सोना अथवा 6 करोड़ 20 लाख पाउंड पाकिस्तान को देने के लिए बाध्य किया गया और भारत की कमजोरी देखिए कि 1965 के युद्ध के बावजूद भारत ने दस वार्षिक किस्तों में यह धनराशि पाकिस्तान को दी। इसे भारतीय नेतृत्व की कमजोरी ही कहा जाएगा कि तीन युद्धों के बाद भी इस संधि को नहीं तोड़ा गया। इस संधि के टूटने से पाकिस्तान पर बहुत गहरा असर पड़ेगा। कृषि आधारित उसकी अर्थव्यवस्था पूरी तरह से चरमरा जाएगी। पहले से ही कई तरह की आंतरिक समस्याओं में उलझा पाकिस्तान इस झटके को सहन करने की स्थिति में नहीं है। पाकिस्तान ने शायद सोचा ही नहीं था कि भारतीय नेतृत्व कभी इस हद तक जा सकता है। तीन युद्धों के पश्चात भी इस संधि के न टूटने को पाकिस्तान ने इसे भारतीय नेतृत्व की कमजोरी मान लिया था और शायद यही कारण रहा होगा कि वह वर्तमान सरकार के निर्णय लेने की क्षमता का आकलन करने में गलत साबित हुआ। अब वह इसे लेकर अपनी आदत के अनुरूप हाय-तौबा तो जरूर मचाएगा, पर होगा वही जो भारत चाहेगा। इस संधि का भविष्य क्या होगा, यह तो आने वाला समय ही तय करेगा, पर इतना निश्चित है कि अगर भारत सरकार चाहे तो आतंकवाद समेत कई बड़ी समस्याओं का निराकरण इस संधि के सहारे पाकिस्तान की गर्दन दबाकर कर सकता है। भारत को होने वाले लाभ को अगर हम एक तरफ कर दें और केवल हिमाचल की दृष्टि से इस संधि के टूटने से होने वाले प्रभावों का आकलन करें तो भविष्य में सबसे ज्यादा लाभ हिमाचल को होने वाला है। हिमाचल प्रदेश सरकार चाहे तो इस संधि के टूटने के बाद की परिस्थितियों का लाभ उठाकर स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम बढ़ा सकती है। सिंधु जल संधि के तहत पाकिस्तान के हिस्से में आने वाली पश्चिमी नदियों में से एक चंद्रभागा (चेनाब) नदी जम्मू-कश्मीर में मिलने से पहले लाहुल-स्पीति के तांदी से पांगी घाटी के पद्दर तक 136 किमी हिमाचल प्रदेश में बहती है। तांदी में चंद्रा और भागा का संगम होने से पूर्व चंद्रा नदी अपने उद्गम स्थल से 115 किमी व भागा लगभग 60 किमी का सफर तय करती है। पर इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि सुंदर प्राकृतिक दृश्यावलियों के बीच इतनी लंबी दूरी तय करने के बावजूद लाहुल और पांगी के साथ ही प्रदेश को सबसे ज्यादा जल घनत्व वाली इस नदी का कोई लाभ नहीं मिल पाया है। एक अनुमान के अनुसार चंद्रभागा नदी बेसिन में 11000 मेगावाट जल विद्युत उत्पादित करने की क्षमता है, पर सिंधु जल संधि के कारण आज तक हम एक मेगावाट विद्युत क्षमता का भी दोहन नहीं कर पाए हैं। दूसरी संभावना रन ऑफ रिवर (जिसमें बिना बांध के नदी प्रवाह के सहारे विद्युत उत्पादन) है, पर इसमें उत्पादित विद्युत को प्रदेश के दूसरे भाग में पहुंचाना एक बहुत बड़ी समस्या है क्योंकि यह सारा क्षेत्र हमेशा बर्फ से ढके रहने वाले पहाड़ों से घिरा हुआ है। ऐसे में एकमात्र विकल्प है कि पानी के प्रवाह को सुरंगों के सहारे मोडक़र प्रदेश के दूसरे भागों में विद्युत उत्पादित की जाए। सिंधु जल संधि के कारण हम चंद्रभागा नदी के प्रवाह को नहीं मोड़ सकते थे, पर 23 अप्रैल को इस संधि के स्थगित होने से अब ऐसी कोई बाध्यता नहीं रहेगी। छतडू (लाहुल) 2740 मी. पर यदि एक छोटा सा बांध बना कर चंद्रा नदी को मनाली (2000 मी.) की तरफ मोड़ दिया जाए तो मात्र 8 किमी की टनल बनाने से ही 700 मीटर के हेड पर 3000 मेगावाट से अधिक विद्युत उत्पादित की जा सकती है। ब्यास नदी बेसिन पर पहले से ही प्रदेश विद्युत विभाग और बीबीएमबी द्वारा तैयार किया गया जल विद्युत का आधारभूत ढांचा मौजूद है। लगातार जल उपलब्ध रहने के कारण वह अपनी पूर्ण क्षमता से विद्युत उत्पादन कर पाएंगे। दूसरा लाहुल के ही तींदी या मिंधल के पास से चंद्रभागा का प्रवाह मोड़ कर रावी में मिला दिया जाए तो विद्युत उत्पादन में हिमाचल नई ऊंचाईयां छू लेगा, साथ में सूखती नदियों को भी नया जीवनदान मिलेगा। चंद्रभागा नदी के प्रवाह को मोडऩे का सबसे ज्यादा लाभ उत्तर भारत के जल संकट से निपटने से मिलेगा।

आप का नजरीया

## शहरी वजूद में खुली सांस

**शहरी** स्वच्छता के पैमानों में दम भरते हुए हिमाचल ने अपने नगरीय जीवन की नब्ज टटोली है। सूची के शिखर पर सोलन, तो अंतिम आठवें स्थान पर हमीरपुर रहा। आश्चर्य यह कि शिमला की स्वच्छता के अलंकार भी केवल सांतवां स्थान अर्जित कर पाए, जबकि धर्मशाला दूसरे स्थान पर रहा। स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर की परिकल्पना में नगर निगमों की जमीन पर, शहरों की यह व्याख्या बता रही है कि इस सफर की कहानी कठिन है। यही सर्वेक्षण राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल के शहरीकरण को कमजोर मानता है। यहां राजधानी शिमला अगर निचली पायदान पर नजर आ रही है, तो यह चिंता का विषय है। यह इसलिए भी कि स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत शिमला की स्वच्छता के आदर्श परिमार्जित होने चाहिएं, जबकि राजधानी का रुतबा लुढक़ गया। पर्वतीय शहरों की जरूरतें नागरिकों की बदलती जीवन शैली के कारण तीव्रता से बढ़ रही हैं और इसी परिप्रेक्ष्य में कचरा भी बढ़ रहा है। शहरों के वजूद को खुली सांस लेने में तकलीफ है। गलियां तंग हैं, गलियां बंद हैं, जबकि भविष्य की नाकेबंदी पर नागरिक असहमति का राज है। स्वच्छता के दर्पण में टीसीपी कानून और टीसीपी महकमा कहीं छटपटा रहा है। इन आठ शहरों की नगर विकास योजना या तो मुकम्मल नहीं या आज तक सक्षम नहीं। स्वच्छ शहर की अहर्ताओं को पहचाने बिना शहर न तो सक्षम और न ही समृद्ध होंगे। सोलन जिसे मूल्यांकन में टॉप पोजिशन मिली है, उसे भी नागरिक जरूरतों से जूझना पड़ रहा है। पिछले दशक में बेशक नागरिक समाज और समृद्ध तथा शुमारी में शहर आगे हो गया, लेकिन पूरे शहर में एंबुलेंस पहुंचानी हो तो शीर्षासन करना पड़ेगा। सडक़ों के किनारे खड़े वाहनों को हटाना हो, तो नियमावली बदलनी पड़ेगी। सार्वजनिक परिवहन की नई परिभाषा में इलेक्ट्रिक वाहन और रज्जु मार्गों का जाल बिछाना पड़ेगा। शहर में पार्किंग सुविधाओं और पार्कों में खुली सांस के लिए अतिरिक्त जमीन चाहिए। यह आज से सोचना पड़ेगा कि सोलन को कहां तक बढ़ाएं और कहां रोक दें। एक दिन इस सोलन में नया सोलन चाहिए। बेशक निजी व्यापारी पहाड़ खोद कर जमीन बेच रहे, लेकिन पर्वतीय शहर की आबरू बची कहां। शिमला का भविष्य 'राज्य राजधानी क्षेत्र' में बांटना होगा। शिमला अपने परिसर में कई सेटेलाइट टाउन की विरासत में खुद को बचा व संवार सकता है। इसके लिए वाकनाघाट में एक कर्मचारी नगर बसाकर वहां कुछ दफ्तर व सरकारी आवासीय व्यवस्था करनी होगी। धर्मशाला की स्मार्ट सिटी परियोजना 2109 करोड़ से सिमट कर 631 करोड़ की रह गई। यहां केंद्र ने 581 करोड़, जबकि राज्य ने मात्र 50 करोड़ दिए। आश्चर्य यह कि इस परियोजना को समझाने या आगे बढ़ाने के लिए सीमेंट-सरिया और ठेकेदारों के बीच एक जरिया ही समझा गया। कई योजनाओं के तिलक विभाग ले गए। एचआरटीसी को पंद्रह इलेक्ट्रिक बसें और एक वर्कशाप के लिए धन देकर भी शहर को सार्वजनिक परिवहन नहीं मिला। यह दीगर है कि स्वच्छता के नाम पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट्स पर मेहनत हुई है।

# टोटो की चपेट में आने से एक युवक की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत चतरा डोभी मुख्य पथ एनएच -22 हंटरगंज पानी टंकी आरसीएम दुकान के समीप एक युवक की टोटो की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलते ही हंटरगंज थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव कब्जे में ले लिया। युवक की पहचान थाना क्षेत्र के बहेरी गांव निवासी शिव कुमार लाल के 40 वर्षीय पुत्र अरविंद लाल के रुप में हुई अरविंद घर का एक कमाऊ सदस्य है। रविवार शाम को अपने गांव से दो दोस्तो के साथ स्विफ्ट रिपेयर करवाने हंटरगंज पानी टंकी के समीप एक गैराज में आया था। इस दौरान युवक गाड़ी रिपेयर के होने के बाद चतरा-डोभी मुख्य पथ के किनारे स्वीप्ट लगाकर गेट खोल मुख्य पथ पर खड़ा हुवा उसी दौरान टोटो की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए, जब तक कोई कुछ समझ पाता तब टोटो चालक टोटो लेकर फरार हो गया। मौके पर दोनो दोस्तों ने उन्हें लेकर सी एच सी हंटरगंज पहुंचे जहां चिकित्सक ने मौत की पुष्टि कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अरविंद की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले ली है सोमवार को युवक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जायेगा। थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि मृतक के पिता की आवेदन पर अज्ञात टोटो सवार के खिलाफ़ मुकदमा दर्ज़ कर लिया गया है। पुलिस टोटो की तलाश में जुटी है।

## नगरप्रतापपुर के अंजान शाह दाता के मजार पर कव्वाली का शानदार मुकाबला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** शनिवार रात प्रखण्ड के परहाटोली पंचायत अंतर्गत ग्राम नगर प्रतापपुर में स्थित अनजान शाह दाता के मजार पर उर्स मुबारक का आयोजन किया गया ।जिसमें मुख्य अतिथि मनिका विधान सभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह पूर्व राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहु, अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे, डीएसपी शिवपुजन बहेलिया, उर्स कमिटी के अध्यक्ष मो मुस्तकिम, संयोजक कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि मो इफ्तेखार अहमद, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अभय मिंज, हिन्दू महासभा अध्यक्ष मनोज जयसवाल, भानु प्रसाद, आजाद अहमद, मो मजहर खान, कांग्रेस वरिष्ठ नेता रामनरेश ठाकुर, आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष अजित पाल कुजूर, नुरूल अंसारी, अजय गुप्ता, कांग्रेस प्रखण्ड युवा अध्यक्ष आमिर सुहैल, किशोर तिर्की, कोमल किंडो समेत हजारों कि संख्या में लोग उपस्थित होकर रात भर दिल्ली से आये हुए मशहूर कव्वाल समीर व बेबी जरा वारसी के द्वारा प्रस्तुत किया गया। क़व्वाली का मुकाबला में लोग झूमते नजर आये। इस पूर्व सभी ने मजार पर चादर पेशी कर देश और राज्य समाज के लिए दुआ मांगी। मंच संचालन अजीत पाल ने की।

## संदिग्ध अवस्था में पेड़ पर झूलता मिला अधेड़ का शव



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हंटरगंज थाना क्षेत्र के नवाडीह पनारी पंचायत अन्तर्गत मायापुर निवासी अधेड़ व्यक्ति का शव संदिग्ध अवस्था में पेड़ पर झूलता हुआ पाया गया है। मृतक की पहचान 55 वर्षीय शंकर चौधरी के रुप में हुई है। इस बारे में प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक अपने ही गमछा से फांसी का फंदा बनाकर लट गया। इस मामले को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हो रहीं है।फिलहाल पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया है। जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार आत्महत्या बताया जा रहा है हालांकि पीएम रिपोर्ट के बाद ही पता चल सकेगा कि शंकर की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है। इधर परिजनो ने सात लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों का आरोप है कि कुछ ही दिन पूर्व भाई से जमीन लेकर लड़ाई हुई थी । हालांकि आत्महत्या है या हत्या ये तो पीएम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट पता चल पाएगा।

## पत्थलगड़ा के मोरशेरवा पहाड़ी मंदिर यज्ञस्थल का एसडीओ सिमरिया ने किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** पत्थलगड़ा प्रखंड अंतर्गत नावाडीह पंचायत स्थित मोरशेरवा पहाड़ी नवनिर्मित मंदिर में श्री श्री 1008 अष्टभुजी दुर्गा माता, शिव, हनुमत, विश्वकर्मा प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र चण्डी शुरू होने वाली महायज्ञ दिनांक 02/05/2025/से10/05/2025 तक होने जा रही है उसे लेकर यज्ञस्थल का शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) सनी राज सिमरिया द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने यज्ञ आयोजन की तैयारियों और स्थल की व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अंचलाधिकारी उदल राम भी उपस्थित रहे। उनके साथ जिला परिषद सदस्य, रामसेवक दांगी उर्फ श्री भगत जी, नावाडीह पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मेघन दांगी सहित कई अन्य पदाधिकारी व स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे।एसडीओ ने यज्ञस्थल की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, श्रद्धालुओं के लिए पेयजल व शौचालय की सुविधा, आवागमन व्यवस्था और अन्य बुनियादी आवश्यकताओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यज्ञ में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। अंचलाधिकारी उदल राम ने भी आयोजन स्थल का निरीक्षण करते हुए आयोजन समिति को आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने यज्ञस्थल पर पर्यावरण संरक्षण का भी विशेष ध्यान रखने की बात कही। स्थानीय ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रशासन से सहयोग का भरोसा जताया और आयोजन को सफल बनाने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया।

## अक्षय तृतीया एवं परशुराम जयंती धर्म, पुण्य, पराक्रम और परंपरा का संगम : संजय सर्राफ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग व श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि वैशाख मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि हिंदू संस्कृति में अत्यंत पवित्र और शुभ मानी जाती है। इस दिन दो महान पर्वों का संयोग होता है- अक्षय तृतीया और भगवान परशुराम जयंती। दोनों पर्व धर्म, पुण्य, पराक्रम और सत्कर्म के प्रतीक हैं। इस वर्ष अक्षय तृतीया एवं भगवान परशुराम जयंती 30 अप्रैल, दिन बुधवार को मनाया जाएगा,अक्षय का अर्थ है जिसका कभी क्षय न हो। यह दिन संकल्प, दान, जप, तप और शुभ कार्यों के लिए सर्वश्रेष्ठ माना गया है। मान्यता है कि इस दिन किए गए कार्यों का फल चिरस्थायी होता है। यही कारण है कि लोग इस दिन स्वर्ण, भूमि, वाहन, और अन्य स्थायी वस्तुओं की खरीदारी करते हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन मां गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था, पांडवों को श्रीकृष्ण द्वारा अक्षय पात्र की प्राप्ति हुई थी और यही तिथि त्रेता युग के प्रारंभ की मानी जाती है। अक्षय तृतीया जिसे आखा तीज भी कहा जाता है इसे अबूझ मुहूर्त कहा गया है जहाँ किसी भी शुभ कार्य के लिए विशेष समय की आवश्यकता नहीं होती। यह दिन विशेष रूप से सोने की खरीदारी, दान, यज्ञ और अन्य धार्मिक कार्य के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है इस दिन किए गए कार्यों का पुण्य अक्षय रहता है, अक्षय तृतीया का ही दिन भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मदिवस भी रहता है तथा इस दिन परशुराम जयंती पूरे देश में उल्लास पूर्वक मनाया जाता है।

# पारा शिक्षक दिलीप कुजूर की लू लगने से मौत, शिक्षकों में आक्रोश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ प्रखंड के एक पारा शिक्षक दिलीप कुजूर की लू लगने से मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि विद्यालय समय पर पहुंचने को लेकर प्रशासन की इतनी कड़ाई की थी कि अगर वे 10 मिनट भी देर से पहुंचते थे, तो उनका मानदेय काट लिया जाता था। बताया जा रहा है कि बीते मार्च माह में भी दिलीप कुजूर का तीन दिन का मानदेय देर से स्कूल पहुंचने के कारण काट लिया गया था। परिजनों और सहकर्मियों का कहना है कि यह कार्रवाई न केवल गलत थी, बल्कि मानसिक दबाव भी बनाता था। महुआडांड़ प्रखंड के पारा शिक्षकों का आरोप है कि जिले में अन्यत्र ऐसा नहीं होता, लेकिन महुआडांड़ में 5 से 10 मिनट की देरी पर भी एक या दो दिन का वेतन काट लिया जाता है, जिससे शिक्षक परेशान और शोषित महसूस करते हैं। दिलीप कुजूर के अंतिम संस्कार में दर्जनों शिक्षक शामिल हुए और सभी ने दुख व्यक्त करते हुए प्रशासन से व्यवस्था में सुधार की मांग की। शिक्षकों का कहना है कि ऐसी कठोरता और शोषण के चलते उनकी मानसिक और शारीरिक स्थिति पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

## तुवेद कोल माइंस क्षेत्र के ग्रामीण विकास से वंचित, कंपनी की वादाखिलाफी पर आक्रोश, युवा हो रहे पलायन को मजबूर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड के नेवाड़ी पंचायत अंतर्गत तुवेद कोल माइंस खुलने के तीन वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन क्षेत्र के ग्रामीण आज भी विकास से वंचित हैं। डीवीसी (दामोदर वैली कॉरपोरेशन) कंपनी ने माइंस स्थापित करने से पूर्व ग्रामीणों से जल, बिजली, स्वास्थ्य, सड़क, रोजगार, विस्थापितों के लिए आवास तथा सुरक्षा जैसे कई विकास कार्यों का वादा किया था, किंतु जमीनी हकीकत इन वादों के विपरीत है।35 सूत्री मांग पत्र अब भी अधूरा है कोल माइंस स्थापना से पूर्व ग्रामीणों ने डीवीसी को 35 सूत्री मांग पत्र सौंपा था, जिसमें उनके अधिकारों और बुनियादी सुविधाओं की मांग की गई थी। लेकिन अब तक एक भी मांग पूरी नहीं की गई है। कंपनी ने स्थानीय लोगों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार देने और विस्थापित परिवारों को आवास उपलब्ध कराने का वादा किया था, परंतु वादाखिलाफी के चलते ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है।कोल माइंस खुलने से स्थानीय युवाओं को रोजगार की उम्मीद जगी थी, लेकिन रोजगार न मिलने के कारण आज भी युवाओं को पलायन करना पड़ रहा है। खदान संचालन में बाहरी लोगों को नौकरी दी जा रही है, जबकि स्थानीय युवाओं को अनदेखा किया जा रहा है, जिससे बेरोजगारी की समस्या और बढ़ गई है।डीवीसी कंपनी अपने वादों से मुकर गई है और अब ग्रामीणों की जमीनें गुमराह कर या दबाव बनाकर खरीद रही है। विरोध करने पर ग्रामीणों को डराने-धमकाने की घटनाएं सामने आ रही हैं। कई मामलों में ग्रामीणों को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी भी दी जा रही है या पैसे का प्रलोभन देकर चुप कराने का प्रयास किया जा रहा है।

**पानी, बिजली और स्वास्थ्य सुविधाएं नदारद**

कंपनी ने पानी और बिजली की नियमित आपूर्ति का वादा किया था, लेकिन आज भी ग्रामीण पानी के लिए तरस रहे हैं और बिजली आपूर्ति अनियमित है। स्वास्थ्य सुविधाओं का भी घोर अभाव है। वहीं, खदान संचालन से पर्यावरण प्रदूषित हो गया है, जिससे ग्रामीणों में श्वसन संबंधी बीमारियां बढ़ी हैं, परंतु इलाज की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है।

**ग्रामीणों में आक्रोश, आंदोलन की चेतावनी**

डीवीसी की वादाखिलाफी और शोषण से क्षुब्ध ग्रामीण आंदोलन की तैयारी में हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं की गई तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन से भी तत्काल हस्तक्षेप कर न्याय दिलाने की मांग की है।न्याय की उम्मीद धूमिल पूरे मामले में सरकार और प्रशासन की चुप्पी पर भी सवाल उठ रहे हैं। डीवीसी कंपनी के मनमाने रवैये पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों को अब सरकार से न्याय की उम्मीद धूमिल होती दिख रही है। ग्रामीणों की प्रमुख मांगें-1.स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार दिया जाए।

## विधायक के प्रयास से 24 घंटे में बदला गया ट्रांसफार्मर, क्षेत्रवासियों में खुशी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मनिका विधानसभा क्षेत्र में बिजली संकट से जूझ रहे नागरिकों को बड़ी राहत मिली है। विधायक रामचंद्र सिंह के तत्पर एवं सार्थक प्रयासों के परिणामस्वरूप मात्र 24 घंटे के भीतर मनिका के खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदलकर नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। नए ट्रांसफार्मर के चालू होते ही क्षेत्र के निवासियों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली।नए ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, बीस सूत्री कार्यक्रम अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, समाजसेवी कामाख्या प्रसाद एवं कांग्रेस नेता सुरेंद्र भारती द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर दिनेश राय, कांग्रेस जिलाउपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, भाजयुमो जिलाध्यक्ष छोटू राजा, भाजपा मंडल अध्यक्ष मंदीप कुमार गुप्ता, बबन पासवान, डिंपल राजा, शिव प्रसाद, दिलीप विश्वकर्मा, विकास कुमार सहित बिजली विभाग मनिका के कर्मी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी उपस्थित लोगों ने मनिका विधानसभा के विधायक रामचंद्र सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके कार्यों की सराहना की।

## पिकअप वैन चोरी, मलिक ने दिया थाना में आवेदन

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड के भैसादोंन ग्राम निवासी मो.मुस्ताक पिता मो.इलताफ ग्राम भैसादोंन निवासी बालूमाथ थाना में आवेदन देकर अपना पिकअप वैन चोरी हो जाने का शिकायत दर्ज कराया है। दिये आवेदन में मुस्ताक ने कहा है कि मैं मो.जसीम पिता मो. सलीम ग्राम चटवाल थाना मांडर के रहने वाले से पिकअप वैन जेएच 01 सीजी 9130 को वर्ष 2017 में खरीदा था। जिसमें मो. जसीम द्वारा मुझे नाम ट्रांसफर नही किया और सिर्फ एग्रीमेंट पर गाड़ी दे दिया। लगभग 8 वर्षो तक किसी प्रकार का कोई दिक्कत परेशानी नहीं हुई। उक्त गाड़ी को मैं हमेशा अपने घर के बगल में खड़ा करता था। पिता की बीमारी के कारण काफी दिनों से मैं अपना पिता का इलाज करने बाहर गया हुआ था और जब वहां से लौटा तो पाया कि घर के पास से गाड़ी गायब हो गया है। जिसके बाद काफी खोजबीन के बाद गाड़ी का कोई सुराग नहीं मिला। जिसके बाद मैने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। वही दिए गए आवेदन के आधार पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में एक दिवसीय संकुल स्तरीय विषय सह आचार्य कार्यशाला संपन्न



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में एक दिवसीय संकुल स्तरीय विषय सह आचार्य कार्यशाला सुनियोजित रूप से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ सभी अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से भारत माता, ओम और सरस्वती माँ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित और पुष्पार्चन कर किया गया। अतिथि परिचय व स्वागत का कार्यक्रम लोहरदगा संकुल प्रमुख विपिन कुमार दास ने कराया। विषय प्रवेश शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पाण्डेय ने किया। उन्होंने कहा कि विषय सह आचार्य कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य यह है कि आचार्यो के गुणों में विशिष्टता लाना और उसे और भी ज्यादा परिमार्जित करना है, यह कार्यशाला प्रत्येक वर्ष आयोजित क़ी जाती है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कृष्णा प्रसाद ने कहा कि इस तरह के कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आचार्यो के शिक्षण कौशल में विशिष्टता लाना है जिससे वे भैया-बहनों के पढ़ाई के साथ-साथ उनमें देशभक्ति ला सके। उन्होंने आगे कहा कि इस कार्यशाला से निकलकर आने वाली नई बातों को आपस में बांटना और शिक्षण कौशल में नवीनता लाना है। अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि विद्यालय को आदर्श कैसे बनाएं और बच्चों का सर्वांगीण विकास कैसे करें, इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य है। आदर्श विद्यालय स्थापित करना, इस कार्यशाला का मुख्य लक्ष्य है। कार्यशाला कुल चार सत्रों में संपन्न हुई, प्रथम सत्र उद्घाटन सत्र रहा, द्वितीय सत्र में विषय सह अध्ययन अध्यापन से संबंधित सत्र हुआ, तृतीय सत्र चर्चात्मक सत्र और चतुर्थ सत्र समापन सत्र रहा। समापन सत्र सामूहक रूप से संपन्न हुआ। अनुभव कथन मधुमिता जी, आकाश कुमार व देवन्ति कुमारी ने रखा। अध्यक्षीय आशीर्वचन में शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि संकुल स्तरीय विषय सह आचार्य कार्यशाला में आचार्यो ने जो भी नवीन तकनीक सीखी है उसे अपने-अपने विषयों में लागू करें। कार्यक्रम का संचालन अशोक सिंह और धन्यवाद ज्ञापन मनोहर मोदी ने किया। कार्यक्रम में प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल,सचिव अजय प्रसाद, कृष्णा प्रसाद, गणेश शास्त्री, अरु उच्च विद्यालय के अंग्रेजी आचार्य दीपा चौधरी व आशीष अमन कच्छप, संकुल प्रमुख विपिन कुमार दास, लोहरदगा संकुल के सभी प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पाण्डेय, प्रीति कुमारी गुप्ता, मनोहर मोदी, प्रमोद कुमार, विमलेश तिवारी, रूपेश कुमार सिंह, आनंद प्रसाद साहू सहित संकुल के आठों विद्यालयों के आचार्य व दीदी जी उपस्थित रहे।

## प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की मासिक बैठक संपन्न, नये पदाधिकारियों का हुआ सम्मान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चंदवा प्रखंड के प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की मासिक बैठक का आयोजन स्थानीय होटल कावेरी में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज सिंह (पप्पू सर) ने की। कार्यक्रम की शुरुआत पहलगांम आतंकी हमले में शहीद हुए सैलानियों की श्रद्धांजलि स्वरूप दो मिनट का मौन रखकर की गई।इसके बाद एसोसिएशन के नये पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव के उपरांत सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। बैठक में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन को और अधिक संगठित तथा मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनोज सिंह (पप्पू सर) ने कहा कि हम सभी शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े हैं और हमें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए, ताकि शिक्षा के क्षेत्र में हमारी विश्वसनीयता और व्यवसाय दोनों ही स्थायित्व पा सकें। नवगठित समिति में चुने गए पदाधिकारी में अध्यक्ष मनोज सिंह (पप्पू सर), उपाध्यक्ष मनोज यादव, सचिव प्रमोद कुमार, उप सचिव प्रदीप ठाकुर, कोषाध्यक्ष दिलीप मुंडा,उप कोषाध्यक्ष- सिंकी कुमारी, मीडिया प्रभारी राहुल मिश्र,उप मीडिया अमरेश गुप्ता शामिल थे। इस अवसर पर चंदवा प्रखंड के अधिकांश निजी विद्यालयों के संचालक एवं शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से धनंजय, रमेश, लव मुकेश, बलदेव, विनोद, प्रभु दयाल समेत दर्जनों विद्यालयों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक के अंत में मीडिया प्रभारी राहुल मिश्र ने सभी उपस्थित अतिथियों एवं विद्यालय संचालकों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## बृद्ध दंपति का शव बरामद, आत्महत्या की आशंका



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** एकीकृत प्रखंड बालूमाथ के हेसला ग्राम में रविवार की अहले सुबह एक बृद्ध दंपति प्रसादी साव 72 वर्ष पिता स्व. जेठा साव एवं उसकी पत्नी करणी देवी 68 वर्ष का उसके घर में ही शव बरामद हुआ है। प्रसादी साव के बड़े पुत्र खुशियांल साव ने बताया कि दोनों वृद्ध दंपति एक अलग घर में रहा करते थे वही दोनों लोग कई वर्षों से स्वयं खाना बनाकर खाते थे एवं अपना खेती बारी कर जीवकोउपार्जन करते थे। रविवार की सुबह प्रसादी साब 5:00 बजे उठा और घर में रखे मुर्गी को खोलकर बाहर निकाला और पुनः सोने चला गया। इसी बीच 7:00 बजे तक दोनों पति-पत्नी घर के बाहर नहीं निकलने पर परिवार के लोग जब अंदर गए तो देखा कि करणी देवी का शव पड़ा हुआ है ।वही प्रसादी साब बेहोशी की हालत में है। आनन फानन में दोनों बृद्ध दंपति को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सा डॉक्टर सुरेंद्र कुमार एवं डॉ प्रकाश बड़ाइक द्वारा जाँचो उपरांत मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर बरियातू सब इंस्पेक्टर निर्मल मंडल दलबल के साथ पहुंचे वह शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु लातेहार भेज दिया। आशंका जताया जा रहा है की दोनों बृद्ध दंपति या तो आत्महत्या कर लिया है या किसी जादू टोना का शिकार हो गया है। क्योंकि महिला के माथे पर पीला रंग का अलग से सिंदूर लगाया हुआ था। एवं पति के कंठ पर वही सिंदूर लगा हुआ था तथा दोनों का हाथ में भी सिंदूर के निशान थे। लेकिन दोनों ने न तो उल्टी किया था न ही गले मे किसी प्रकार का निशान था जिससे पूरा मामला संदिग्ध हो गया। इस संबंध में बरियातू थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस सारे पहलुओं को एक साथ रख कर जांच कर रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का कारण पता चल पाएगा।

# संविधान बचाओ रैली को लेकर बरही पूर्वी पंचायत भवन में कांग्रेस की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत पूर्वी पंचायत भवन में कांग्रेस प्रखड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी कि अध्यक्षता में एक अहम बैठक रखी गई। जिसका संचालन कांग्रेस नेता संतोष रजवार ने किया। बैठक में मुख्य रुप से पर्यवेक्षक डॉ. प्रकाश कुमार एवं जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, ओबीसी कांग्रेस अध्यक्ष दीपक गुप्ता, कांग्रेस वरिष्ठ नेता तोखन रविदास, जिला नेता राजू चौरसिया के साथ वरिष्ठ नेता गण ने भी बैठक में भाग लिया। सभी नेताओं ने कांग्रेस के मजबूती पर बारी बारी से अपनी राय को रखा। और रांची राजधानी में आयोजित राज्य स्तरीय संविधान बचाओ रैली पर बड़े तैयारी पर भी अहम चर्चा हुई। बैठक के समापन के पूर्व पहलगाम में हुवे आतंकी हमला की निंदा करते हुवे दो मिनट का मौन मिनट मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया। डॉ. प्रकाश कुमार ने कहा कि बीजेपी पूरे देश मे हिन्दू मुस्लिम कर देश की मुख्य समस्याओं से ध्यान भटकाने का कार्य कर रही हैं, पहलगाम में आतंकवादी घटना में 26 निर्दोष लोगों की हत्या कर दी गई और प्रधानमंत्री सीधे पहलगाम नहीं जाकर सीधे बिहार चुनाव के तैयारी में चले गए। वही राहुल गांधी



अमेरिका से सीधे जम्मू कश्मीर चले गए - यही अंतर है बीजेपी और कांग्रेस पार्टी में। बैठक में प्रभारी डॉ. प्रकाश कुमार, जिला उपाध्यक्ष डॉ. निजामुद्दीन अंसारी, कांग्रेस नेता तोखन रविदास, जिला के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र चौरसिया, ओबीसी जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता, प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, सन्तोष रजवार, मंडल मीडिया प्रभारी तौकीर रजा, अध्यक्ष जितेंद्र गिरी, मंडल अध्यक्ष विष्णुधारी महतो, मंडल अध्यक्ष बब्लू साव, एससी प्रखण्ड अध्यक्ष कार्तिक पासवान, अल्पसंख्यक प्रखण्ड अध्यक्ष मो. गुलजार, मुखिया छोटन ठाकुर, पंसस मो. तैयब अंसारी, विनोद यादव, मो. जमीरउद्दीन, मुकेश पासवान, प्रकाश विश्वकर्मा, मो. रिजवान अली, अशोक सिंह, अब्दुल कयूम, सुनील केशरी, अशोक बाड़ा, छोटी राम, मनोज पासवान, मनोज यादव, संतोष कुमार रजक, संजय साव, सन्त्री गुप्ता, प्रकाश दास, फिरदौस खान, मो. असीर, महेंद्र राम, सत्तार अली, अजय आंनद, अजित पासवान, रामप्रकाश रविदास, बंटी राम, पंकज प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# हमें अपने नेता पर पूरा भरोसा इस बार पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखायेंगे : रविन्द्र कुमार बरनवाल

**- पहलगाम आंतकी घटना पर विष्णुगढ़ में कैंडल मार्च,किया गया विरोध।**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों के द्वारा नृशंस हत्याकांड पर पाकिस्तान समर्थित आतंकियों के खिलाफ लोगो का आक्रोश लगातार बढ़ता हीं जा रहा है। इसी कड़ी में विष्णुगढ़ से 26 अप्रैल 2025 को संध्या करीब 7 बजे रमुआ काली मंदिर मार्ग पूर्व भाजपा मंडल महामंत्री शंकर प्रसाद बर्मन के निवास स्थान से अम्बेदकर चौक से बंशीधर अखाड़ा चौक,चेडरा मुख्य मार्ग होते ब्लॉक मार्ग से हाथों में कैंडल लेकर पुनः समापन स्थल पर पहुँचकर विरोध मार्च का समापन किया गया। विरोध मार्च में आतंकियों एवं पाकिस्तानी सरकार व पाकिस्तानी सेना प्रमुख के खिलाफ लोगो का जबरदस्त गुस्सा दिखा,इस दौरान सभी लोगो ने पाकिस्तान मुर्दाबाद,आसिम मुनीर मुर्दाबाद,आतंकियो को कड़ी सजा दो के नारे लगाए। इस दौरान बातचीत में विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल साँसद प्रतिनिधि रविन्द्र कुमार बरनवाल( दीपू भाई ) ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा ऐसा कुकृत्य किया गया है,जिसकी माफी नही हो सकती,गुनाहगारों को सजा मिलनी हीं चाहिये। आंतकियों ने धर्म देखकर सिर्फ हिंदुओ को मौत के घाट उतारा है,इस कृत्य पर आज पूरा भारत उबल रहा है,अब और बर्दाश्त नही किया जा सकता। हमें अपने नेता प्रधानमंत्री मोदी पर पूरा भरोसा है,इस बार पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाएंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से भाजपा विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल,चेडरा पंसस मुन्नी देवी,मंत्री गौतम भारती, मदन स्वर्णकार, अजय कुमार बरनवाल, विकास राउत,ममता देवी समेत सैकड़ो की सँख्या में महिला एवं पुरुष शामिल थे।

# कोयला खदान शिक्षक मोर्चा का एक दिवसीय सम्मेलन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** कोयला खदान शिक्षक मोर्चा द्वारा एक दिवसीय शिक्षक सम्मेलन का आयोजन चरही सीसीएल ऑफिसर्स क्लब में किया गया। इस सम्मेलन में सीसीएल के कुल 9 जीएम एरिया ङ्क चरही, सयाल, सौंदा, कूजू, कठारा सहित अन्य क्षेत्रों से सैकड़ों शिक्षकों ने भाग लिया। सम्मेलन का उद्देश्य शिक्षकों की समस्याओं पर चर्चा करना और उनके समाधान के लिए रणनीति तैयार करना था। वही मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी उपस्थित हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कोयला खदान क्षेत्र में कार्यरत शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इन शिक्षकों ने दुर्गम और खनन क्षेत्र में शिक्षा की ज्योति जलाकर समाज के विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार और सीसीएल प्रबंधन को शिक्षकों की मांगों और




समस्याओं को गंभीरता से लेना चाहिए। सम्मेलन की अध्यक्षता पूर्व गोमिया विधायक लंबोदर महतो ने की। उन्होंने कहा कि खनन क्षेत्र के स्कूलों की स्थिति सुधारने की जरूरत है। साथ ही शिक्षकों को स्थायित्व और सम्मान देने की दिशा में प्रयास किए जाने चाहिए। इस अवसर पर विभिन्न जीएम एरिया से आए शिक्षक प्रतिनिधियों ने अपने-7 सूत्री मांगों पर अपने क्षेत्र की समस्याएं साझा कीं, जैसे स्कूलों में अधोसंरचना की कमी, नियमित वेतन भुगतान में देरी, और स्थायीकरण की मांग। सभी ने एकमत होकर निर्णय लिया कि आगामी दिनों में चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा यदि समस्याओं का समाधान शीघ्र नहीं किया गया। शांतिपूर्ण और सार्थक वातावरण में संपन्न इस सम्मेलन ने शिक्षकों को एक नई ऊर्जा और दिशा दी। मोर्चा ने यह स्पष्ट किया कि अब शिक्षकों की आवाज अनसुनी नहीं की जा सकती। इस कार्यक्रम का व्यवस्थापक चरही शिशु विकास विद्यालय का शिक्षक मनोरंजन ओझा और उनके सहयोगियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

# केरेडारी वासियों के लिए बढ़ रहा है रोजगार का अवसर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड में सीसीएल के पहला कोल परियोजना चंद्रगुप्त कोल परियोजना के खुलने हेतु मार्ग प्रशस्त हो गया। माइंस खुलने हेतु परियोजना क्षेत्र के 699.38 हेक्टेयर वन भूमि का स्टेज टू पर्यावरण मंत्रालय के द्वारा निर्गत कर दिया गया हैं। पत्र मिलते एमडीओ कंपनी शुशी इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड खनन की तैयारी में जुट गया है। जून मध्य से परियोजना क्षेत्र के चट्टी बरियातू से खनन का कार्य प्रारंभ होगा। कंपनी को स्टेज टू का पत्र मिलते ही शनिवार को हजारीबाग डीएफओ मौन प्रकाश अपने कर्मियों के साथ चंद्रगुप्त कोल परियोजना क्षेत्र के अधिग्रहीत जमीन का मुआयना किए। डीएफओ ने खनन का कार्य शुरू होने वाले क्षेत्र का हर पहलुओं पर एमडीओ से जानकारी लिया। डीएफओ ने खनन कंपनी को सरकार के नियमों का



पालन करने का बात भी कहा। मौके पर एमडीओ जीएम आर एस यादव समेत अन्य कर्मी मौजूद थें। ज्ञात हो कि केरेडारी के सीसीएल चन्द्रगुप्त कोल परियोजना के लिए केरेडारी व टंडवा अंचल के कुल 1495 हेक्टेयर भूमि पर प्रस्तावित है! खनन का कार्य एमडीओ शुशी इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया है जो 25 वर्ष तक कोयला खनन का कार्य करेंगी। परियोजना में 527.3 मिलियन टन कोयले का भंडारण है, जिसमे 631.10 मिलियन क्यूबिक मीटर ओबी निकाला जायेगा। परियोजना से प्रति वर्ष 15 मिलियन टन उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। वित्तीय वर्ष में सीसीएल को चंद्र गुप्त कोल परियोजना से तीन मिलियन टन कोयला निकालने का लक्ष्य रखा है।

# यूपीएससी में 394 रैंक प्राप्त करने वाली आस्था शरण को सतीश कुमार बब्लू ने किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही जरहिया निवासी आस्था शरण पिता शिवशरण यादव ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 354 वीं रैंक प्राप्त की। रविवार को अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के अध्यक्ष सतीश कुमार बब्लू ने उन्हें घर जाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सतीश कुमारबब्लू ने कहा कि आस्था जिले के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनकर उभरे हैं। लोग सीख प्राप्त करके आगामी इसी तरह की परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करेंगे।इस दौरान सावित्रीबाई फुले का चित्र भेंट कर हौसला अफजाई करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कहा कि जिले के लिए यह गर्व की बात है कि बरही से पहली बार आईएएस की परीक्षा पास किया है। इससे नौजवानों को प्रेरणा मिलेंगी कि मेहनत कभी खराब नहीं जाती, सफलता आज नहीं तो कल जरूर मिलेगी। मौके पर चंदवारा विधयाक प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव,सुनील कुशवाहा, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप समाजसेवी मनोहर यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# आदिम जनजाति बिरहोर की जमीन पर अवैध कब्जा, एक्शन में अंचलाधिकारी



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आदिम जनजाति बिरहोर को जहाँ इनकीं विलुप्त होती प्रजाति के संरक्षण के लिए सरकार ने कई योजनायें चलाई है,ताकि इनका संरक्षण किया जा सके। 15 अप्रैल 2025 को चेडरा,चलंगा के एक बिरहोर द्वारा उसकी भूमि कब्जाने को लेकर अंचल कार्यालय में आवेदन सौंपा गया था। इस मामले पर त्वरित कार्यवाई करते हुए विष्णुगढ़ अंचलाधिकारी नित्यानंद दास एक जाँच कमिटी का गठन करते हुए चेडरा कर्मचारी मुकेश कुमार यादव को इस पंचायत से हटाते हुए कर्मचारी आसिफ को पूरी जांच कर रिपोर्ट सौंपने की बात कही। साथ ही कहा कि आदिम जनजाति व सरकारी भूमि पर जबरन कब्जा या अतिक्रमण बिल्कुल भी बर्दाश्त नही होगा। अन्य मामले में खाता-50,प्लॉट-02 व अन्य जगहों में 22 लोगो ने 21 अप्रैल 2025 को समय 11ः00 बजे अंचल कार्यालय में उपस्थित होकर अपने-अपने दस्तावेज पेश किए थे,जिस पर बात करते हुए अंचलाधिकारी ने कहा कि आये दस्तावेजों की जाँच की जा रही अवैध या जबरन कब्जा पाए जाने पर विधिसम्मत कार्यवाई की जानी तय है।

# सुशीला केरकेट्टा की 86 वीं जयंती पर कांग्रेसियों ने किया याद



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में सयुंक्त बिहार के मंत्री, पूर्व सांसद, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष सुशीला केरकेट्टा की 86 वीं जयंती उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि इनका जन्म सिमडेगा जिले में हुआ था । तब इनके पिता सिमडेगा कोर्ट में कार्यरत थे । बाद में सुशीला केरकेट्टा खूंटी चली गई और वहीं से उनकी राजनीतिक पृष्ठभूमि तैयार हुई । 1985-2000 तक लगातार तीन बार विधानसभा की सदस्य रहीं । 1885-1988 तक लघु सिंचाई विभाग के राज्यमंत्री रही । 14 लोकसभा का चुनाव जीत कर सांसद बनीं । बिहार विभाजन के बाद झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी की प्रदेश अध्यक्ष जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत रहीं । कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, अजय गुप्ता सेवादल अध्यक्ष गुड्डु सिंह, संजय तिवारी, सहकारिता विभाग के अध्यक्ष कृष्णा किशोर प्रसाद, दिलीप कुमार रवि, जावेद इकबाल, सदरूल होदा, अनिल कुमार भुईया, सैयद अशरफ अली, मंसुर आलम, गोविंद राम, मुस्ताक अंसारी आदि उपस्थित थे ।

# बरसोत में बजरंगबली प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर झंडारोहण



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही प्रखंड अंतर्गत बरसोत नगर में बजरंगबली प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर झंडारोहण किया। इस दौरान पूरा क्षेत्र भक्ति और उत्साह के रंग में साराबोर हो गया। इस अवसर पर पूरे नगर ने एक साथ मिलकर भगवा ध्वज फहराया, जो हमारी आस्था और एकता का प्रतीक है। उक्त कार्यक्रम में बरसोत नगर के सभी आयु वर्ग के लोगों ने बड़े ही प्रेम और श्रद्धा के साथ भाग लिया।कार्यक्रम में बरसोत नगर की एकता, संस्कृति और अटूट आस्था का जीवंत प्रदर्शन भी था। झंडारोहण कार्यक्रम में स्थानीय मुखिया मोतीलाल चौधरी, भाजपा नेता रंजीत चंद्रवंशी, राजकुमार चंद्रवंशी, दशरथ प्रसाद चंद्रवंशी, युगल किशोर चंद्रवंशी, प्रेमचंद चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, संजीत चंद्रवंशी समेत भारी संख्या में महिला पुरुष मौजूद थे। मौके पर राजकुमार चंद्रवंशी ने बताया कि चंद्रवंशी मोहल्ला नगर बरसोत में नए बजरंगबली मंदिर का निर्माण किया गया है, जिसको लेकर आज झंडारोहण किया गया। वहीं आगामी 29 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, महायज्ञ पांच दिवसीय होगा।

# भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में शिशु वाटिका आचार्य कार्यशाला संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरही के प्रांगण में शनिवार को एकदिवसीय शिशु वाटिका आचार्य कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला में हजारीबाग विभाग निरीक्षक ओम प्रकाश सिंहा, झुमरीतिलैया के कैलाश राय विद्यालय के प्रधानाचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू, गोमो विद्यालय की प्रधानाचार्या रेणु जी, भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडे, स्थानीय विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष अमित कुमार साहू, कोषाध्यक्ष रोहित कुमार तथा साहू समाज के मुखिया सुरेश साव समेत कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।कार्यशाला की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडे द्वारा अतिथि परिचय एवं सम्मान के साथ हुई। उनके सफल निर्देशन में पूरे कार्यक्रम का संचालन किया गया। कार्यशाला में कुल चार विद्यालयों से शिशु वाटिका की 15 दीदी जी एवं



आचार्य सम्मिलित हुए। प्रशिक्षण के दौरान खेल आधारित एवं क्रिया आधारित शिक्षण पद्धति के माध्यम से विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण दिया गया। पर्यावरण अध्ययन (रश्मि कुमारी), गणित (राखी कुमारी), अंग्रेजी (गुडविल सिंह) तथा हिंदी (विनीता कुमारी) की आचार्याओं ने अपने-अपने विषयों को सरल और प्रभावी तरीके से पढ़ाने के तरीकों पर विशेष प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सात सत्रों के माध्यम से शिशु वाटिका की आठ शैक्षिक व्यवस्थाओं चित्र पुस्तकालय, वस्तु संग्रहालय, विज्ञान प्रयोगशाला, कलाशाला, कार्यशाला, चिड़ियाघर, क्रीड़ांगन आदि की चर्चा करते हुए व्यावहारिक क्रियाकलाप भी कराए गए। कार्यशाला के दौरान प्रधानाचार्य श्री शर्मेंद्र कुमार साहू ने विद्या भारती की शिशु वाटिका योजना की विस्तार से जानकारी दी। विभाग निरीक्षक ओम प्रकाश सिंहा ने नवदंपति शिक्षण, गर्भवती माताओं का शिक्षण, जन्म से एक वर्ष तक के बच्चों की माताओं का शिक्षण, एक से तीन वर्ष तक के बच्चों की माताओं का शिक्षण तथा तीन से पांच वर्ष के बच्चों एवं उनकी माताओं के शिक्षण पर महत्वपूर्ण चर्चा की। इस कार्यशाला को सफल बनाने में अन्य 9 दीदी जी और आचार्य जी ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम का समापन राजू कुमार के धन्यवाद ज्ञापन एवं शांति मंत्र के साथ हुआ।

# कांग्रेस सरकार में होती तो पहलगाम मामले में पाकिस्तान के टुकड़े कर दिए होते : साजिद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुई आतंकी घटना को लेकर हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष सह कांग्रेस नेता साजिद अली खान ने गहरा शोक व्यक्त किया है।उन्होंने आंतकी घटना को हृदय विदारक नरसंहार करार देते हुए केंद्र सरकार से बडी कार्रवाई की मांग कि है साजिद अली ने अपने बयान में कहा कि पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर हुआ यह हमला सिर्फ एक आतंकी वारदात नहीं बल्कि इन्सानियत के खिलाफ किया गया जघन्य अपराध है किसी भी मजहब में इस तरह के कायराना हरकत स्वीकार्य नही है। ऐसी विकट परिस्थिति मे पूरा देश एकजुट है काग्रेस पार्टी और और नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी ने विपरीत परिस्थिति मे देशवासियो के साथ मजबूती से खडे है उनका यह चरित्र देश के प्रती समर्पण भावना दर्शाता है उन्होंने पुनः साबित कर दिया कि इस देश को गांधी परिवार ही चला सकता है जिस प्रकार से गांधी परिवार की महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान के दो टुकडे कर



93000 हजार पाकिस्तानी सेना को घुटने पर लाने का कार्य किया था जिसके पश्चात बीजेपी नेता पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने इंदिरा गाँधी को इस गौरवपूर्ण कार्य के लिए दुर्गा का अवतार कहा था उसी प्रकार से देश की भावना को देखते हुए केंद्र कि मोदी सरकार को अब तक पाकिस्तान पर हमले कर देनी चाहिए थी इतनी बडी घटनाक्रम पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मौन उनके कार्यशैली पर प्रश्न चिह्न उत्पन्न करती है। इस परिस्थिति अगर केंद्र में कांग्रेस पार्टी कि सरकार होती और राहूल गाँधी देश के प्रधानमंत्री होते तो पाकिस्तान के इस कायरतापूर्ण हरकत पर पाकिस्तान के टुकड़े कर दिए होते।

# सांसद प्रतिनिधि ने साँसद द्वारा उपलब्ध उपहार लहँगा किया भेंट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा विष्णुगढ़ प्रखण्ड की बहनों की शादी में सप्रेम भेंट लहँगा लगातार दिया जा रहा है।शनिवार को विष्णुगढ़ पूर्वी मंडल साँसद प्रतिनिधि नागेश्वर महतो एवं भाजपा मंडल पदाधिकारियों के द्वारा हजारीबाग साँसद मनीष जायसवाल से प्राप्त लहँगा को संयुक्त रूप से गाल्होवार, जोबर, सिरय, सारुकुदर विभिन्न गांवों में घर -घर जाकर बहनों को उपहार स्वरूप लहँगा दिया गया।उपहार स्वरूप लहँगा पाकर परिवार जनों एवं उपस्थित लोगों ने सांसद मनीष जायसवाल को इस पुनीत कार्य के लिए आभार प्रकट किया।

# पहलगाम आतंकी हमले को लेकर शिवपुर व रसोईया धमना में निकाला आक्रोश मार्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत करियातपुर पंचायत के ग्राम शिवपुर में संचालित ग्राम विकास समिति व रसोईया धमना पंचायत के छोटकी बरही ग्रामवासियों के द्वारा पहलगाम घटना को लेकर आक्रोश मार्च निकाला गया। वहीं मृतकों की याद में कैंडल मार्च निकालते हुए श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। वहीं भारत सरकार से आतंकवाद के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने की मांग की गई। मौके पर करियातपुर पंचायत के मुखिया मनोज कुमार, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन, समाजसेवी पुरन राम, विक्कू रंजन, अजय प्रजापति, नरेश प्रजापति, कारू प्रजापति, शंकर राणा, रूपक रंजन, छोटू प्रजापति, रसोईया धमना में बरही प्रखंड बजरंग दल के संयोजक अरविंद कुमार, जिला गौ रक्षा के इंद्रदेव प्रसाद, बजरंग दल संयोजक रसोईया धमना पंचायत शंकर गुप्ता उर्फ मनोज, सहसंयोजक नौरंगी लाल गुप्ता, मंत्री परमेश्वर प्रजापति, प्रभु साव, शशि कुमार, नरेश कुमार, निरंजन कुमार, यशवंत कुमार, वासुदेव साहू, मंटू कुमार आदि उपस्थित थे।

# टाटीझरिया में सड़क सुरक्षा मानकों का पालन हेतु जागरूकता शिविर, ग्रामीणों ने लगाया शिविर में भ्रष्टाचार का आरोप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया ।** प्रखंड के झरपो ,भराजो खैरा डहरभंगा डूमर धरमपुर बेड़म और टाटीझरिया सभी आठों पंचायत में सड़क सुरक्षा मानकों का पालन हेतु जागरूकता शिविर शिविर 27 अप्रैल से 28 अप्रैल तक लगाया गया। शिविर का शुभारंभ तो किया गया लेकिन बता दे कि ब्लड जांच के नाम पर प्रति व्यक्ति से कही 110 ,120 तो कही 100 रुपए लिए गए वही रजिस्ट्रेशन के नाम पर भी मनमानी तरीके से शुल्क की वसूली किया जा रहा है। प्रखंड से जो विभागीय चिट्ठी निकाली गई थी उसमें भी ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की निर्धारित राशि की उल्लेख विवरण नही किया गया है । बता दे टाटीझरिया प्रखंड के झरपो पंचायत में 27 अप्रैल को जो शिविर ड्राइविंग लाइसेंस के लिए लगाया गया सिर्फ और सिर्फ कंप्यूटर



ऑपरेटर द्वारा खाना पूर्ति किया गया। नाम नहीं लिखने के शर्त पर लाभुको ने बताया कि झरपो पंचायत टाटीझरिया प्रखंड के आठों पंचायत में घने आबादी वाले एक गांव का एक पंचायत है जबकि एक पंचायत में 8 से 10 गांव होते है । इस पंचायत में जब भी खाद्य आपूर्ति योजना, वृद्धा पेंशन,विधवा पेंशन , अबुआ पीएम आवास, स्वास्थ्य बीमा योजना समेत अन्य कई योजना पंचायत स्तर पर लगाया जाता है तो इस पंचायत में कम से कम 3 से 4 कंप्यूटर ऑपरेटरों को भेजा जाता है जिससे रजिस्ट्रेशन फॉर्म को ऑनलाइन करने में आम जनता को सुविधा मिल सके लेकिन दुर्भाग्य पूर्ण बात है कि यहां मात्र एक कंप्यूटर ऑपरेटर आया और लगभग 10 से 15 ही रजिस्ट्रेशन कर पाया । और जैसे ही उनके जाने का समय हुआ वे अपनी सामग्री को बैग में डाले और निकल पड़े यह कहकर कि हमलोगों का समय पूरी हो गई है। अब हमलोग कुछ नहीं कर सकेंगे । आम जनता का हुजूम लगी रही लेकिन ऑपरेटर संग कंप्यूटर कर्मी आम जनता पर झल्ला उठे जिससे आम जनता ने नाराजगी जताई है ।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# रामगढ़ पुलिस ने अवैध शराब तस्करी का किया खुलासा तीन तस्कर गिरफ्तार, दो दोपहिया वाहन जप्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** पुलिस ने पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के नेतृत्व में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब तस्करी के नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। इस अभियान में तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है और बड़ी मात्रा में नकली विदेशी शराब भी बरामद की गई है।रामगढ एसपी ने बताया कि एनएच-33 पर सफेद रंग की स्कार्पियो कार (वाहन संख्या क्क्र06क्क 2663) से भारी मात्रा में अवैध शराब की तस्करी की सूचना मिली थी। इसी सूचना के आधार पर कुजू ओपी प्रभारी की अगुवाई में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान एक सफेद रंग की स्कार्पियो





कार को तेज गति से आते हुए देखा गया। पुलिस द्वारा रुकने का इशारा करने पर चालक ने वाहन की रफ्तार और तेज कर दी। संदेह होने पर पुलिस टीम ने तत्परता से पीछा किया और कुछ दूरी पर वाहन को रोक लिया।तलाशी के दौरान वाहन से 25 पेटी रॉयल चैलेंज ब्रांड की नकली विदेशी शराब बरामद हुई। प्रत्येक पेटी में 750 मिलीलीटर की 12 बोतलें पाई गई, जिसकी कुल मात्रा लगभग 270 लीटर थी। प्राथमिक पूछताछ में पकड़े गए वाहन चालक संजीव कुमार सिंह ने स्वीकार किया कि वह अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर अवैध शराब की तस्करी कर रहा था।आगे की छानबीन में, संजीव कुमार सिंह के निशानदेही पर एक अन्य वाहन – सफेद रंग की वैगनआर (वाहन संख्या क्क्र06क्क0716) की भी पहचान की गई, जो घटनास्थल के समीप खड़ी थी। इस वाहन में भी अवैध शराब के तस्करी के प्रयास की पुष्टि हुई। वाहन में सवार अभिषेक कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया गया। इसके साथ ही एक अन्य आरोपी, वाहन चालक मो. इस्लाम उर्फ राजा को भी गिरफ्तार किया गया, जो तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़ा हुआ था।इस सफलता में कुजू ओपी के पुलिस अधिकारियों की अहम भूमिका रही। छापेमारी दल में पुअनि सुरेश लिंडा, कुजू ओपी प्रभारी मो0 नौशाद, पुअनि रौशन कुमार और कंस्टेबल रिजवान अंसारी शामिल रहे, जिन्होंने मुस्तैदी से कार्रवाई कर तस्करों को पकड़ा।पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने पूरी टीम को इस सराहनीय कार्य के लिए बधाई दी है और जिले में अवैध तस्करी के खिलाफ सख्त अभियान जारी रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अवैध धंधों में लिप्त व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलेभर में सतर्कता और चेकिंग अभियान तेज किए जाएंगे।पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। पूछताछ के आधार पर पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस अवैध शराब तस्करी के पीछे और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

## सद्भावना समिति सयाल ने पहलगाम में हुए आंतकी हमले का विरोध जता निकाला कैंडल मार्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मारे गए निर्दोष पर्यटकों को लेकर सयाल वासियों में गुस्सा दिखा। वहीं विरोध जताते हुए शनिवार की शाम सयाल के आठ नंबर स्थित भगत सिंह चौक पर सद्भावना समिति के बैनरतले कैंडल मार्च निकाला गया। जो सयाल बाजार से निकलकर भगत सिंह चौक तक गया। यहां शहीदों पर्यटकों को नमन कर उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख प्रार्थना की गई। मौके पर समिति के संरक्षक बीरेंद्र पासवान ने कहा कि निर्दोष पर्यटकों की बर्बर हत्या कहीं से इंसानियत नहीं है। इसके लिए इनके पोषक पाकिस्तान के खिलाफ भारत सरकार कड़ी कार्रवाई करे। पूरा देशवासी साथ हैं। उन्होंने सरकार से मांग की आइंदा ऐसी कोई घटना ना हो इसके लिए पूरी बंदोबस्त सरकार करे। कैंडल जलाने के बाद पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे बुलंद किये गए। मौके पर संरक्षक बीरेंद्र पासवान, ओमप्रकाश सिंह, अर्जुन सिंह, संजय शर्मा, अध्यक्ष सतेन्द्र यादव, सचिव अनूप कुमार पिन्टू सिंह, बिनोद कुमार, राजीव सिन्हा, फूलन तिवारी, चन्द्रभान सिंह, उदय मेहता, बिमलेश कुमार, संटू सिंह, मो इरफान, शशि पासवान, अन्नू कुमार, लखन आदिप सिंह, , पंकज , साबिर , संजय , महताब अंसारी के अलावा कई अन्य लोग मौजूद थे।

## भाजपाइयों ने सुनी मोदी के मन की बात

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को दर्जनों कार्यकर्ताओं ने बूथ नंबर 52 के अध्यक्ष सत्यजीत चौधरी की अध्यक्षता में रविवार अपराह्न11 बजे भाजपा नेता कुंटू बाबू के आवासीय कार्यालय पर सुना गया। सभी ने मोदी के द्वारा चलाए गए अभियान एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम की सफलता की बात इस उद्बोधन में सुन कर खुशी जताई और इसका श्रेय मोदी जी को दिया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ट नेता सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रणंजय कुमार उर्फ कुंटु बाबू,ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीपक सोनकर,वार्ड नंबर छः के प्रभारी अजीत गुप्ता,संयोजक अरविंद सिंह,सुरेंद्र शर्मा,मणिशंकर ठाकुर,सुरजीत सिंह छाबड़ा, टूबुल, बबलू,मनोज कुशवाहा,ईश्वर पासवान सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## डीएमएफटी के तहत अमीन प्रशिक्षण हेतु आयोजित चयन परीक्षा का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिला अंतर्गत डीएमएफटी के माध्यम से संचालित ट्रेंड एंड सर्टिफाइड 180 अमीन परियोजना के तहत रविवार को प्रशिक्षणार्थियों के चयन हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ में किया गया। इस दौरान उपायुक्त, रामगढ़ श्री चंदन कुमार ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर चल रहे कार्यों का जायजा लिया। मौके पर उपायुक्त ने परीक्षा केंद्र पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त द्वारा परीक्षा के सफल आयोजन हेतु उपस्थित केंद्र अधीक्षक, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों को कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। परीक्षा में कुल 894 में 781 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। गौरतलब हो कि अमीन प्रशिक्षण हेतु लिखित परीक्षा का परिणाम भी यथासंभव परीक्षा के दिन ही जारी कर दिया जाएगा। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला नियोजन पदाधिकारी मनोज मनजीत, श्रम अधीक्षक रामगढ़ अभिषेक वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।



## शादी का झांसा देकर यौन शोषण के आरोप में तीन गिरफ्तार

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आवेदिका पायल कुमारी, पे0 रामु सिंह, सा0- नईसराय, महतो टोला, थाना-रामगढ़, जिला-रामगढ़ के द्वारा सुमित कुमार, पिता-पप्पु सिंह, सा0-हाउस नम्बर-8/32, गली नम्बर-22 वेस्ट बोकारो, थाना-माण्डु (वे0बो0 ओ0पी0), जिला-रामगढ़ पर शादी का झाँसा देकर यौन शोषण करने एवं अपने साथ नहीं रखने के संबंध में आवेदन दिया गया था ।पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा पत्र निर्गत कर पु0अ0नि0 श्वेता कुजूर, थाना प्रभारी, महिला थाना, रामगढ़ को आवेदिका पायल कुमारी के आवेदन पत्र में वर्णित तथ्यों की जाँच कर आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया था ।पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के दौरान एवं दिनांक-22.04. 2025 को वरीय पदाधिकारी के द्वारा महिला लैंगिक अपराध एवं पोक्सो एक्ट से संबंधित लंबित काण्डों को त्वरित अनुसंधान कर ससमय निष्पादन करने का निर्देश प्राप्त हुआ था के आलोक में महिला लैंगिक अपराध एवं पोक्सो एक्ट से संबंधित काण्डों की समीक्षा किया गया था तथा महिला लैंगिक अपराध एवं पोक्सो एक्ट से संबंधित काण्डों का अनुसंधान त्वतिर गति से करते हुए 60 दिनों के अन्दर काण्डों का निष्पादन करने का निर्देश सभी थाना/ओ0पी0 प्रभारी एवं महिला थाना प्रभारी को दिया गया था ।पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा महिला थाना काण्ड सं0-06/25, दिनांक-24.04.2025, धारा-69/352/115 (2)/61 (2) बी0एन0एस0 के नामजद 03 अभियुक्त क्रमशः 1. सुमित कुमार, पे0-पप्पु सिंह, 2. पप्पु सिंह, 3. आलोक सिंह, पे0-पप्पु सिंह, सभी सा0-ड्राईवर हार्ट, घाटो माण्डु थाना-माण्डु (वे0बो0 ओ0पी0) की गिरफ्तारी हेतु विशेष टीम का गठन किया गया।

## कृषि विभाग-आत्मा द्वारा किसानों को ओलकंदा की उन्नत खेती का प्रशिक्षण दिया

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चितरपुर प्रखंड के सुकरीगढ़ा गांव में ओल की उन्नत तरीके से खेती करने के बारे में प्रयोग के तौर पर खेत में जाकर वहां की महिला किसानों को कृषि प्रौधोगिकी प्रबंधन अभिकरण, आत्मा,चितरपुर के प्रखंड तकनीकी प्रबंधक चन्द्रमौली के द्वारा विस्तृत जानकारी के साथ साथ ओल कंदो का बीजोपचार व खेत में लगाकर बताया गया। ओल एक एक महत्वपूर्ण फसल है, जो कि इस समय इन क्षेत्रों में लगाई जाती है। आज ओल की खेती लगाने का कार्य महिलाओं के द्वारा सुकरीगढ़ा गांव में श्रीमती रेखा देवी के खेत में किया गया। इस कार्य में कई महत्वपूर्ण तकनीकों का उपयोग किया गया, जो कि अच्छे उत्पादन के लिए आवश्यक हैं।देशी गाय के गोबर का उपयोग ओल के कंद को देशी गाय के गोबर के घोल से उपचारित किया गया। यह तकनीक ओल के पौधों को पोषक तत्व प्रदान करने में मदद करती है मिट्टी जनित रोग से संक्रमित होने से बचाव का कार्य करती है और उनकी वृद्धि में सहयोग प्रदान करती है ओल के कंद को गोबर के घोल में डालने से कई फायदे होते हैं। ओल के पौधों को उचित पोषण और सुरक्षा मिलने से उनकी वृद्धि और उत्पादन में सुधार होता है।

## भुरकुंडा पुलिस ने चोरी के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्राम रिभर साईड ऑफिसर कॉलोनी भुरकुण्डा क्वार्टर नं0-2 ष्टत्र/06 में संतोष कुमार श्रीवास्तव जो सयाल डी परियोजना में अधिकारी के रुप में कार्यरत हैं जिनके घर में चोरी हुई थी के आलोक में पतरातु (भु0) थाना कांड संख्या 206/2024, दिनांक 06.08.2024, धारा 331(1)/305 ब्वह्र दर्ज की गई थी तथा केश के अनुसंधानकर्ता पु0अ0नि0 सह ओ0पी0 प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता है. दिनांक 26/04/2025 को पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार (भा0पु0 से0) को गुप्त सूचना मिली की उपरोक्त कांड के अभियुक्त धनबाद जीला के झरिया एवं आस-पास के क्षेत्र में पुनः किसी चोरी जैसी घटना को अंजाम देने के लिए घुम रहे हैं तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक रामगढ के दिशानिर्देशन में उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ओ0पी0 प्रभारी भुरकुण्डा निर्भय कुमार गुप्ता के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया जिसमे इस कांड के अनुसंधानकर्ता निर्भय कुमार गुप्ता के अलावे साक्षर पुलिस- 330 प्रेमचन्द प्रसाद यादव, पैंथर जवान- 09 अजय कुमार नापित एवं पैंथर जवान- 404 शंकर मुण्डा शामिल थे छापामारी दल के द्वारा त्वरित छापामारी करते हुए कांड में संलिप्त 1. हैदर खान उम्र 55 वर्ष पिता- स्व0 जमाल खान ग्राम भागा बाजार बड़ी मस्जिद थाना- जोडापोखर, को भागा बाजार जोडापोखर धनबाद से 2. गंगा प्रसाद वर्मा उम्र 59 वर्ष पिता- स्व0 मँसा सोनार सा0- बस्ताकुला सोनार बस्ती झरिया धनबाद, थाना- झरिया, को सोना पट्टी झरिया बाजार से एवं 3. विशाल झुनझुनवाला उम्र 40 वर्ष पिता- स्व ब्रिजमोहन झुनझुनवाला पता सोना पट्टी, लाल बाजार, थाना झरिया, को सोना पट्टी लाल बाजार झरिया से तीनो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

*गरसुल्ला शिव मंदिर प्रांगण में 50 किशोरी बच्चीयो के बीच सैनेट्री पैड का हुआ वितरण*

## बाहरी जंकफुड से दुरी बना खान-पान में पौष्टिक आहार अपनाने कि दी गई जानकारी : रेशू देवी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** गरसुल्ला पंचायत स्थित शिव मंदिर प्रांगण में रविवार को राष्ट्रीय किशोरी स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम का आयोजन सहिया साथी लक्ष्मी देवी के द्वारा किया गया। वहीं इस कार्यक्रम में गांव कि लगभग 50 से अधिक किशोरी बच्चीयो के बीच सेनेटरी नेपकिन का पैकेट दिया गया। साथ ही सभी किशोरी बच्चीयो का मलेरिया जांच भी किया गया। वहीं सहिया रेशू देवी ने बताया कि आज के समय में सही खान-पान नहीं होने से किशोरी बच्चीयो में बिमारी का अस्तर बढ़ रहा है। वहीं उन्होंने किशोरी बच्चीयो को पोषण पर जानकारी देते हुए कहा कि सभी बच्चीयो को अपने खान पान में हरा साग सब्जी,मांस मछली, अंडा,दुध,दही के साथ आयरन कि गोली नियमित रूप से लेना चाहिए और बाजार में डबा बंद सामग्री जैसे कुरकुरे, नमकीन,चौमिन, पिज्जा आदि चीजें से दूरी बनाना चाहिए। गांव क्षेत्र में गंदगी से फैलने वाले गंभीर बिमारीयो से बचना चाहिए और अपने आस- पास साफ सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए। वहीं इस मौके पर सहयोग करने वाली सहिया संध्या कुमारी,सरिता देवी, संगीता देवी,सीमा कुमारी,देवनंती कुमारी,चंदा कुमारी,कंचन कुमारी आदि किशोरी बच्चीयो शामिल थी।



## रेलवे इम्प्लॉयज यूनियन और बुद्धिजीवी मंच ने निकाला कैंडल लाइट मार्च

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की नृशंस हत्या जैसी अमानवीय कृत्य पर ईस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाई यूनियन बरकाकाना एवं बुद्धिजीवी मंच ने संयुक्त रूप से कैंडल लाइट मार्च निकाला। कैंडल लाइट मार्च से पूर्व शोक सभा आयोजित करते हुए मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई और एक मिनट का मौन रखा गया। शोक सभा का संचालन करते हुए रेलवे यूनियन (श्वष्टक्रश्व) के केंद्रीय जोनल उपाध्यक्ष अवधेश कुमार गुप्ता ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में शहीद लोगों के प्रति गहरा दुख व्यक्त करता हूं और इसकी कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। लेकिन हमारी चूक की वजह से ऐसी कई घटनाएं हुई है भविष्य में ऐसी घटना की पुनःवृति न हो इस के लिए सरकार, सरकारी एजेंसी और सेना को सतर्क रहना होगा।बुद्धिजीवी मंच के सचिव प्रो. शाहनवाज खान ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवादियों ने कायरतापूर्ण घटना को अंजाम दिया है लेकिन इस घटना को किसी धर्म से जोड़ना गलत है। आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता। लेकीन आतंकवादियों ने, गोदी मीडिया ने और कुछ तथाकथित संगठन के लोगों ने इसे धर्म से जोड़ने की कोशिश की है और लगातार कर रहे हैं ताकि उनका राजनीतिक, सांप्रदायिक और विघटनकारी मंसूबा पूरा हो सके। लेकिन सम्पूर्ण देशवासी एकजुट होकर उनके मनसूबों पर पानी फेर दिया है। सभा को कृष्ण मोहन जयसवाल, मुकेश कुमार यादव डालेशर महतो, पंचम करमाली, गिरीशंकर महतो और सोनी महतो ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ईशवरी प्रसाद गोस्वामी (अभियंता), सुरेंद्र प्रजापति, अमित कुमार, मनीष कुमार, शशिभूषण कुमार, अशोक मंडल, राकेश रंजन सिंह, रामा ठाकुर, मदन दांगी, नैना मसीह, फरीदा खातून, वारिश अहमद, जितेंद्र दास, शंभू सिंह, नेपाल विश्वकर्मा, पवन महतो आदि उपस्थित थे।



## रसदा कराटेकारों का कड़ी ट्रेनिंग के बाद लिया गया ग्रेडेशन टेस्ट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** रसदा इंटरनेशनल मार्शल आर्ट्स कराटे ट्रेनिंग सेंटर में नन्हे कराटेकारों का ग्रेडेशन टेस्ट सह एक दिवसीय मार्शल आर्ट्स ट्रेनिंग सम्पन्न हुआ। जिसमें संस्था के मुख्य प्रशिक्षक विकाश पाठक एवं महिला ट्रेनर सुमित्रा ब्लैक बेल्ट तृतीय डॉन ने रामगढ़ जिले से आए लगभग 50 मार्शल आर्टिस्ट को कराटे फाइट, कुमीते,कीहॉन बेसिक,एडवांस काता का विशेष प्रशिक्षण दिया । अंत में तीन घंटे तक कड़ा बेल्ट ग्रेडेशन टेस्ट लिए गया। जिसमें सफल कराटेकारों को बेल्ट सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार तथा विशिष्ट अतिथि एनटीपीसी भेल के पदाधिकारी देवेंद त्रिपाठी और अनंत प्रसाद के हाथों सफल बच्चो की सफलता पर बेल्ट ग्रेडेशन का प्रमाणपत्र दिया गया।सफल खिलाड़ियों में ब्राउन बेल्ट 4ह्लद्ध द्म4ह्व पाने वालों में रानी कुमारी,वैष्णवी कुमारी,चंद्रशेखर कुमार,दिव्यदर्शन कुमार,अचितय कुमार,तेजल विश्वकर्मा,अपूर्वा राज शामिल है। वहीं ब्लू बेल्ट पाने वालों में मुस्कान कुमारी,अनुष्का,कुमार आर्यन है और एलो बेल्ट पाने वालों में चिरागकुमार,अर्णव आर्या,मोहित टोप्पो शामिल है।इस मौके पर विशेष तौर पर बेल्ट एक्जाम लेने के लिए जूनियर टाइगर ली ब्लैक बेल्ट 6ह्लद्ध डॉन उपस्थित थे।

## भौंरा जहाजटांड़ के विशाल महाजन सभा के मुख्य अतिथि जयराम महतो होंगे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने जानकारी दी कि 28 अप्रैल 2025 को भौंरा जहाजटांड़, धनबाद में विशाल महाजन सभा का आयोजन किया गया है। इस ऐतिहासिक सभा में बड़ी संख्या में जनता और कार्यकर्ताओं के शामिल होने की उम्मीद है।इस महाजन सभा के मुख्य अतिथि झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह डूमरी विधायक जयराम कुमार महतो रहेंगे। टाइगर जयराम महतो ने बताया कि उसी दिन डूमरी ब्लॉक में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जनता दरबार और डूमरी प्रखंड के अंतर्गत कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन भी निर्धारित है। इसी वजह से उनकी उपस्थिति भौंरा जहाजटांड़ में शाम 6 बजे के बाद संभव हो पाएगी।रमेश कुमार महतो ने सभी जनता, कार्यकर्ताओं और समर्थकों से अपील की है कि वे भारी संख्या में पहुंचकर इस ऐतिहासिक महाजन सभा को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा हमेशा गरीब, शोषित, पीड़ित, वंचित, दवे-कुचले तथा सिस्टम के सताए हुए लोगों की एक सशक्त आवाज रही है। जनता का विश्वास टाइगर जयराम महतो पर हमेशा बना रहा है। लोगों को भरोसा है कि झारखंड का सर्वांगीण विकास उनके नेतृत्व में ही संभव है। अंत में सभी संप्रदायों और वर्गों के लोगों से अपील की गई है कि वे एकजुट होकर जेएलकेएम पार्टी को सशक्त एवं मजबूत बनाएं।

## मारवाड़ी युवा मंच एवं चेतना शाखा रामगढ़ कैंट ने नवजात कन्याओं को शिशु किट एवं माताओं को प्रोटीन पाउडर का किया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट एवं चेतना शाखा द्वारा सामूहिक रूप से चल रहे चार दिवसीय जन-जागरूकता कार्यक्रम बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ÷ अभियान के अंतर्गत तीसरे दिन ÷बेटियां प्रकृति का अनमोल उपहार हैं÷ की सोच रखते हुए बरेलिया नर्सिंग होम में नवजात कन्याओं को शिशु किट का वितरण किया गया। इसमें नवजात बच्चियों की देखभाल को लेकर सभी आवश्यक सामग्री दी गई थी। इस दौरान प्रसूता महिलाओं के बीच प्रोटीन पाउडर का वितरण किया गया। इस दौरान बरेलिया नर्सिंग अस्पताल में परिचर्चा का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के विषय में युवा मंच के प्रवक्ता राहुल अग्रवाल ने भ्रूण हत्या की रोकथाम व इसके कानूनी प्रावधान की जानकारी दी। उन्होंने समाज में महिला की महत्ता की भी जानकारी दी। कहा कि बच्ची को लेकर अब भी समाज को जागरूक करने की जरुरत है। नियमित तरीके से उठाये गये कदमों के द्वारा इसे हटाया जा सकता है। साथ ही बाल विवाह, दहेज प्रथा हटाकर नारी शिक्षा के उत्थान को लेकर सकारात्मक पहल करने की जरुरत है।युवा मंच के अध्यक्ष धीरज बंसल एवं सचिव श्रींजय मेवाड़ तथा चेतना शाखा की अध्यक्षा निति बरेलिया ने कहा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत हम आज के दिन जन्म लेने वाली प्रत्येक नवजात कन्या के जन्म को हम जन्मोत्सव के रूप में मना रहे है। इसी के तहत नवजात कन्याओं को बेबी किट एवं माताओं को प्रोटीन पावडर दे कर हम अपनी खुशी प्रकट कर रहे है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा मंच के धीरज बंसल, श्रींजय मेवाड़, आशुतोष बरेलिया, संतोष गोकुलका, राहुल अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, रौनक अग्रवाल, एवं चेतना शाखा की अध्यक्षा डॉ निति बरेलिया, कोषाध्यक्ष लवली अग्रवाल, नेहा अग्रवाल आदि सदस्यों का सहयोग रहा।

## रजरप्पा मंदिर परिसर में झारखंड राज्य डीलर्स कार्यकारिणी समिति बैठक हुई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन के बैनर तले रजरप्पा स्थित रजरप्पा गोला मार्ग पर संस्कार होटल में झारखंड इकाई राज्य स्तरीय डीलर कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष ओंकार नाथ झा ने किया संचालन हरिहर सिंह मुंडा ने किया राज्य स्तरीय बैठक में पूरे झारखंड प्रदेश के 24 जिला से प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया, उक्त बैठक में बताया गया कि झारखंड में 25000 जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को पिछले पांच माह से कमीशन के साथ कई अन्य बकाया राशि नहीं मिल पाया है जिससे गहरी चिंता व्यक्त किया है कमिशन का लगातार बकाया रहने की परंपरा को समाप्त करने की मांग की गई है सभी मांगों पर समुचित कार्रवाई अब तक राज्य सरकार से मिलने की कोई सूचना नहीं है मिलने की कोई सूचना नहीं है इसलिए राज्य कार्यकारिणी के निर्णय अनुसार 5 मई 2025 को सभी जिला मुख्यालय में अपनी मांग के समर्थन में विभागीय उदासीनता के खिलाफ धरना प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा बैठक में झारखंड सरकार के समक्ष 10 सूत्री मांगे रखी गई है जिसे सौंपा जाएगा। अप्रैल 2025 तक से सभी बकाया कमीशन का कोरोना अवधि कल से अब तक की सभी राशि भुगतान किया जाए, 4त्र की ई पाश मशीन सभी दुकानों में अभिलंब भेजा जाए, भारत सरकार के आदेश का का अनुपालन करते हुए बिक्री पंजी भंडार पंजी की बाध्यता को समाप्त किया जाए, इलेक्ट्रॉनिक कांटे का सत्यापन और मेंटेनेंस विभाग के द्वारा संधारित किया जाए, राज्य खाद्य सुरक्षा योजना दाल चावल नमक के कमिशन का पूरा भुगतान नहीं हो रहा है समय पर इस भुगतान की व्यवस्था किया जाए, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना, बायोमेट्रिक मशीनों के पहले प्रतिदिन वितरण के उपरांत वितरण दर्शाया जाता था जिसे अवशेष की जानकारी दी जाती थी उसे चालू कराया जाए इस तरह से 10 सूत्री मांगे रखी गई है, अगर जल्दी मांग पूरी नहीं की गई तो आने वाला समय में राज्य सरकार और विभाग के इस उदासीनता से तुरंत राज्य के विक्रेता संघ द्वारा पूरे राज्य स्तर पर आंदोलन की चेतावनी दी है अपनी मांग पत्र को मुख्यमंत्री और राज्यपाल को सौंपने का निर्णय,इस मौके पर मोहन प्रसाद भैया कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश प्रसाद वरीय उपाध्यक्ष कामेश्वर दुबे वरीय उपाध्यक्ष संजय कुंडू प्रधान महासचिव, रामगढ़ जिला अध्यक्ष अमरलाल महतो राजकुमार सिंह वीरेंद्र महतो ज्योति कुमार राज कपूर गुप्ता सुजीत महतो मोइन अंसारी सरदार अशोक सिंह, रमेश सिंह नंदू प्रसाद अर्षिता नंद देवरिया कामेश्वर दुबे अखिलेश सिंह संगीता देवी शारदा देवी हरिनंदन सिंह ज्ञान देव राजेश जैन बजरंग महथा, कैलाश महतो पूरे झारखंड से सैकड़ो की संख्या में डीलर प्रतिनिधि शामिल हुए।



*पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में प्रेस क्लब रामगढ़ ने निकाला कैंडल मार्च, दी श्रद्धांजलि*

## आतंकवाद के खिलाफ पूरे देश में है आक्रोश, आतंकियों को मिले कड़ी सजा : बीरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में प्रेस क्लब रामगढ़ के तत्वाधान में रविवार की शाम कैंडल मार्च निकाला गया। प्रेस क्लब भवन से रामगढ़ जिले के पत्रकार कैंडल लेकर निकले और सुभाष चौक तक पहुंचे। सुभाष चौक पर 2 मिनट का मौन रखकर आतंकी हमले में मारे गए 26 पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान प्रेस क्लब रामगढ़ के अध्यक्ष बीरेंद्र कुमार बीरू ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ पूरे देश की जनता आक्रोशित है। जिस जम्मू कश्मीर में शांति के लिए भारत सरकार ने पहल की, उस स्थान पर एक बार फिर आतंकियों ने खून बहाया है। पाकिस्तान की धरती से भारत में घुसे आतंकियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर भारत का मस्तक है। आज उस मस्तक पर धर्म पूछ कर हमला किया गया है। भारत पहले से ही शांति का पक्षधर रहा है।

**पूरा देश आतंकी हमले के शिकार हुए परिवारों के साथ खड़ा है : धनेश्वर**

मौके पर क्लब के सचिव धनेश्वर प्रसाद ने कहा कि जब भी भारत पर किसी ने हमला किया है, उसे बक्शा नहीं गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से आतंकियों को कड़ी सजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि पूरा देश आतंकी हमले के शिकार हुए परिवारों के साथ खड़ा है।



**ये थे शामिल**

पीसीआर उपाध्यक्ष प्रदीप राज बबलू, सह सचिव नारायण दत्त शर्मा, कोषाध्यक्ष दुर्वेज आलम, कार्यकारिणी सदस्य दिलीप कुमार सिंह, सुरेंद्र सिंह भाटिया सौरभ नारायण सिंह, तरुण बागी, अनिल विश्वकर्मा, धर्मेंद्र पटेल, राजेश्वर प्रसाद, आशीष सिंह, राजू कुमार, अजय कुमार पासवान, आशीष सिंह, हीरा सिंह, मो सनाउल्लाह, विनीत शर्मा सहित रविंद्र कुमार रवि, धनंजय कुमार पुटूस, प्रो संजय सिंह, डीएन तिवारी, सुरेंद्र शर्मा, कुलदीप वर्मा सहित विभिन्न समाज के लोग उपस्थित थे।

# पत्रकारों पर हुए हमले की चौतरफा निंदा, उठ रही कार्रवाई की मांग

धनबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता) : दिनांक 16 अप्रैल 2025 को रंधीर वर्मा चौक के समीप पत्रकारों के साथ मार पीट की घटना घटी थी जिसका आरोप धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी, उनके दोनो पुत्र एवं भाईयों के उपर है। इस बाबत पत्रकारों ने आरोपियों के विरूद्ध दिनांक 17 अप्रैल 2025 को धनबाद थाना में प्राथमिकी संख्या - 122/25 दर्ज कराई है। हालांकि दस दिन गुजर जाने के बावजूद अभी तक किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई है, जिससे पत्रकारों में आक्रोश व्याप्त है। जबकि जिले भर के पत्रकारों ने रंधीर वर्मा चौक स्थित धरना स्थल पर दो चरणों में धरना प्रदर्शन किया एवं एसडीएम कार्यालय का घेराव भी किया किंतु नतीजा कुछ भी नहीं निकला और आरोपी आज भी कानून की गिरफ्त से बाहर हैं। वहीं धनबाद प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने डीएसपी एवं एडीएम के साथ बैठकें भी की किंतु सिवाए आश्वाशन के जिला प्रशासन के द्वारा कुछ भी प्राप्त नहीं हुआ। आज भी पत्रकार न्याय की प्रतीक्षा में हैं। ऐसे में सबसे बड़ा प्रश्न यह उठता है की लोकतंत्र के चौथे स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकार जब सुरक्षित नहीं हैं और उन्हें खुद के न्याय के लिए लड़ाई लड़नी पड़ रही है तो आम जन की स्थिति क्या होगी, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। वहीं पत्रकारों का चरणबद्ध तरीके से आंदोलन जारी है। सभी ने आरोपियों को दंडित करने एवं पत्रकार सुरक्षा कानून लाए जाने की मांग की है। पत्रकारों के साथ हुए दुर्व्यवहार की इस घटना पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने भी आपत्ति जताते हुए कड़े शब्दों में निंदा की है तथा इसे शर्मनाक कृत्य और दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। उनके मुताबिक कांग्रेस हमेशा से अनुशासनप्रिय पार्टी रही है जहां अनुशासनहीनता का कोई स्थान नहीं है।



पत्रकार बंधुओं के साथ दुर्व्यवहार की निंदा और दोषियों पर कठोर कार्यवाई की मैं मांग करती हूं। ऐसा शर्मनाक कृत्य पार्टी के किसी भी सदस्य को शोभा नहीं देता।

\- पूर्णिमा नीरज सिंह



पत्रकारों के साथ की गई बदसुलूकी की जितनी भी निंदा की जाए वो कम है। इससे कांग्रेस पार्टी की छवि धूमिल हुई है। आलाकमान से दोषी कांग्रेसी के निष्कासन की मांग करता हूं।

\- शमशेर आलम



कांग्रेस पार्टी ने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ का सदा सम्मान किया है। पत्रकारों के साथ की गई मार पीट की घटना काफी शर्मनाक है। इससे कांग्रेस पार्टी की छवि भी खराब हुई है। आरोपियों को दंडित किया जाना चाहिए।

\- बैभव सिन्हा



पत्रकार भाईयों के साथ हुई दुर्व्यवहार अत्यंत निंदनीय है। कांग्रेस पार्टी में अनुशासनहीनता का कोई स्थान नहीं है। इस जघन्य अपराध को अंजाम देने वाले लोगों पर शीघ्र ही विधि सम्मत कार्यवाही होनी चाहिए।

\- रविन्द्र वर्मा



मीडिया बंधुओ के साथ घटित घटना दुखद ही नहीं शर्मनाक एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं खेद प्रकट करते हुए शीर्ष नेतृत्व से अनुशासनात्मक कार्रवाई कि मांग करती हुं।

\- अनुपमा सिंह



पत्रकार और नेता का चोली दामन का साथ होता है। भला कोई पत्रकार पर कैसे हमला कर सकता है? मैं इस कुकृत्य की घोर निंदा करता हूं। मैने शो कॉज किया है। जल्द ही उचित निर्णय लिए जाएंगे।

\- ब्रजेंद्र सिंह



हम सभी धनबाद के कांग्रेस जन मीडिया के साथियों का दिल से सम्मान करते हैं। ऐसी घटना कहीं से भी न्यायोचित नहीं है। इस घटना से मैं काफी मर्माहत हुं और इसकी भर्त्सना करता हूं।

\- अशोक सिंह



लोकतंत्र के चौथे स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकारों के उपर हमला कहीं से भी जायज नहीं है। यह एक प्रकार से लोकतंत्र की हत्या के समान है जो की बेहद दुखद एवं अशोभनीय है।

\- सुल्तान अहमद

## श्री श्री महिला सेवा समिति ने राहगीरों के बीच किया शर्बत और पानी का वितरण

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री महिला सेवा समिति, मटकुरिया द्वारा रविवार को गर्मी को देखते हुए मटकुरिया में लगभग 17 सौ आमजनों एवं राहगीरों के बीच में सत्तू का शर्बत एवं ठंडा पीने का पानी वितरण किया गया। समिति पिछले कई वर्षों से गर्मी के मौसम में अनेकों बार इस तरह का आयोजन करती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में चंदा अग्रवाल, हिना संघवी, मंजू अग्रवाल, संगीता चौहान, रश्मि भट्ट, जिगना दोषी, वंदना पंचोली, सरिता जैन, दिव्या टांक, प्रिया ओझा, सुनीता पोद्दार, रानो गोयल, निधि गोयल, नीलम चावड़ा, लक्ष्मी अग्रवाल, दीपिका ठक्कर, आशा वसा, ख्याति राठौड़, विधि पोद्दार, केशर अग्रवाल, नितिन भट्ट, सुनील गोयल, नरेंद्र शर्मा, विकास जैन, बंटी अग्रवाल, संजय गोस्वामी, युवराज जैन युवी सहित अनेकों समिति के सदस्य उपस्थित थे।




## किन्नरों ने पहलगाम में घटी घटना के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जुम्मु कश्मीर के पहलगाम की घटना के बाद किन्नर समाज भी काफी मर्माहत है और कहा की वे भारतीय सेना के साथ मिल कर बॉर्डर पर लड़ने के लिए तैयार हैं। उक्त बातें अखिल भारतीय किन्नर समाज के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष छम छम देवी किन्नर ने कही। उन्होंने कहा कि निहत्थों पर गोली चलाना यह सबसे कायरता का काम है। जो घटना पाकिस्तान ने किया है उसे करारा जवाब देने की जरूरत है। वहीं किन्नरों ने हाथों में मोमबत्ती और बैनर लिए आतंकी हमला में मारे गए लोगों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। उक्त मौके पर प्रदेश अध्यक्ष छम छम देवी किन्नर, श्वेता किन्नर, निर्मला किन्नर,रेखा किन्नर, राखी किन्नर, काजल किन्नर, नैना किन्नर, पन्ना किन्नर, संगीता किन्नर, सोनम किन्नर आदि किन्नर शामिल थे।




## अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा की झारखंड प्रदेश कमेटी की कार्यकारिणी बैठक संपन्न

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को जामताड़ा में अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा झारखंड प्रदेश कमेटी की एक दिवसीय बैठक सर्वप्रथम कुल देवता बाबा गणिनाथ बाबा पर पुष्प अर्पित कर प्रारंभ किया गया। बैठक मे झारखंड प्रदेश अध्यक्ष कुंदन कुमार गुप्ता, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद गुप्ता समेत झारखंड के अन्य जिलों के पदाधिकारी एवं समाज के लोग उपस्थित थे। झारखंड में मध्यदेशीय समाज के सशक्तिकरण, सामाजिक कार्यों, गरीब कन्याओं का विवाह में मदद एवं बच्चों की शिक्षा के संदर्भ में चर्चा की गई। साथ ही जामताड़ा कमेटी का विस्तार किया गया। मध्य देशीय सभा के धनबाद जिलाध्यक्ष विशाल कुमार गुप्ता ने कहा झारखंड के सभी जिलों में चुनाव कर कमेटी का व्यापक विस्तार किया जाएगा।



## धनबाद जिला जनता दल यू के जिला कार्यसमिति की बैठक में पांच प्रस्ताव पारित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद जिला जनता दल यू. के जिला कार्य समिति, प्रखण्ड अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष सहित जिले से आने सभी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष की बैठक रविवार को धनबाद परिसदन में की गई। जिसकी अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष पिन्टु कुमार सिंह ने किया तथा संचालन प्रदेश सचिव राजु कुमार सिंह ने की तथा धन्यवाद ज्ञापन धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल दुबे ने किया। सर्वप्रथम बैठक में विंगत दिनों आतंकवादियों द्वारा पहलगाम में जो सैलानियों की निर्मम हत्या कर दी गई उसे लेकर दो मिनट का मौन धारण किया गया और उनकी आत्मा को शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की गई।इस बैठक में मुख्य रूप से पाँच प्रस्ताव पारित किये गये। जून माह के आखिरी सप्ताह में कार्यकर्त्ता प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने जिसमें पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह, पार्टी के राज्यसभा सांसद सह राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा एवं पार्टी के राज्यसभा सांसद सह झारखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक के पांच प्रस्तावों में आगामी धनबाद में होने वाले नगर निगम का चुनाव में जनता दल यू. द्वारा अपना प्रत्याशी उतारने का निर्णय, धनबाद में एक हवाई अड्डा एवं एम्स अस्पताल बनाने हेतु चरणबद्ध तरीके से आंदोलन पार्टी द्वारा करने का निर्णय। जिले में विधि-व्यवस्था की चरमराई स्थिति एवं बिजली का भी चरमराई स्थिति को लेकर जिला मुख्यालय में एक दिवसीय धरना देने का निर्णय, संगठन को मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान जोर-शोर से प्रखण्ड स्तर पर चलाने का निर्णय लिया गया।इस बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के जिला अध्यक्ष पिन्टु कुमार सिंह, प्रदेश महासचिव उदय कुमार सिंह, दीप नारायण सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी हसीब खान, के.बी. सहाय, प्रदेश सचिव राजु कुमार सिंह आदि मौजूद थे।




## भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप में 48 मरीजों ने कराया जांच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** रविवार को भारतीय रेड क्रॉस समिति धनबाद के द्वारा पूर्वी टुंडी के मनियाडीह में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप में डॉ. प्रमोद कुमार सिन्हा, नोडल पदाधिकारी डॉ. जिम्मी अभिषेक एवं जी. एन. ओझा ने मरीजों की जांच सुचारू रूप से शुरू की। जिसमें 48 मरीजों को परामर्श एवं मुफ्त में दवा आवश्यकता एवं उपलब्धता अनुसार दिया गया। कैंप में निःशुल्क ब्लड शुगर एवं बीपी की जांच की गई। इस निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप में चेयरमैन कौशलेंद्र कुमार सिंह, संयुक्त सचिव दिलीप सिंह, कोषाध्यक्ष श्वेताम्बरा पाठक, कार्यकारिणी सदस्य सह चेयरमैन सलाहकार कुमार मधुरेन्द्र सिंह, डॉ. प्रमोद कुमार सिन्हा, डॉ. जिम्मी अभिषेक, जी. एन. ओझा समेत अन्य उपलब्ध रहें।

## डिगवाडीह डी नोबिली स्कूल एफआईआर के प्रांगण में एनुअल पेरेंट्स नाइट समारोह का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** डिगवाडीह डी नोबिली स्कूल एफआईआर के प्रांगण में शनिवार दिनांक 26 अप्रैल को अत्यंत भव्य एवं आकर्षक एनुअल पेरेंट्स नाइट समारोह का आयोजन किया गया। यह सुंदर संध्या उन बच्चों के माता-पिता का सम्मान करने के लिए हैं, जिनकी ममता और प्रेरणा से बच्चे आगे बढ़ते हैं, साथ ही छात्रों की उनके वार्षिक उपलब्धि को सम्मानित करने हेतु आयोजित किया गया। इस रंगारंग संध्या की शुरुआत सीनियर स्कूल के छात्रों ने प्रार्थना नृत्य के साथ किया गया। फादर रोबेर्टो की मुर्ति को माल्यार्पण कर, मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को सम्मानित किया गया। दीप प्रज्वलित के साथ ज्ञान, उजाले और शुभता के प्रतीक सरस्वती वंदना की गई। जूनियर स्कूल के छात्रों ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों एवं अभिभावकों का अभिनंदन किए।मुख्य अतिथि मोलोय चंदन चक्रवर्ती आयुक्त, पटसन आयोग, भारत सरकार में कार्यरत है। उन्होंने अपने भाषण में कहा स्कूल केवल शिक्षा का केंद्र नहीं बल्कि चरित्र निर्माण की प्रयोगशाला है, शिक्षा के साथ साथ संस्कार, आत्मनिर्भरता और नैतिक मूल्यों का भी विकास करता है। तत्पश्चात् संगीतमय नाटक अरेबियन नाइट्स या हजार रातों की कहानियां, जूनियर एवं सीनियर छात्रों ने इसका मंचन किया। जो आकर्षण का केंद्र रहा। नाट्य, झांकियां एवं नृत्य के माध्यम से प्रसिद्ध कथा संग्रह जो 8वीं से 14वीं शताब्दी के बीच विकसित हुई, समय के साथ अलग-अलग संस्करणों को प्रस्तुत किया गया। जो दर्शकों को जादुई दुनिया की सैर कराई। तत्पश्चात् स्कूल पत्रिका 2025 का भव्य विमोचन हुआ। आई सी एस ई 2024 अरित्रा तियारी, आई एस सी 2024 में उच्चतम अंक मु. आजिम काजिम - साइंस एवं खुशी अग्रवाल - कॉमर्स को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य फादर थॉमस सी जी एस जे ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मंच संचालन का भार उत्कृष्ट पॉल एवं श्रद्धा अग्रवाल ने उठाए। राष्ट्रीय गान के साथ आयोजन का समापन हुआ। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाचार्य फादर थॉमस सी जी एस जे, फादर रेक्टर ऑस्कर होरो, फादर राजेश डुंगडुंग, उप प्रधानाचार्य सुरेश चक्रवर्ती, कोऑर्डिनेटर मधुमीता सरकार, गुरमीत कौर एवं सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



## धनबाद जिला कांग्रेस कि विस्तारित कमेटी की बैठक आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** स्वामी सहजानंद सरस्वती सेवा ट्रस्ट धनबाद में धनबाद जिला कांग्रेस कि विस्तारित कमेटी की बैठक धनबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह कि अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। बैठक का संचालन जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष लक्ष्मण तिवारी ने किया। झारखंड प्रदेश कांग्रेस के द्वारा नियुक्त धनबाद कांग्रेस जिला पर्यवेक्षक सह नोडल प्रभारी अशोक कुमार चौधरी के उपस्थिति में संगठन सृजन-2025 को लेकर कांग्रेस पार्टी को एक नयी ऊर्जा के साथ खड़ा करना, पार्टी की विचारधारा को हर व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करना और संगठन को मजबूत बनायें जाने पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई एवं 3 मई 2025 को राँची मे आयोजित ÷संविधान बचाओ रैली÷ पर सभी प्रखण्ड/नगर एवं सभी मंच मोर्चा के जिला अध्यक्ष से भारी से भारी संख्या में धनबाद से रांची पहुंचने का आह्वान किया गया। विस्तारित कमेटी की बैठक में सभी धनबाद जिला के नगर/प्रखंड कमेटी की सूचियां का पर्यवेक्षक के द्वारा जांच कर सभी को दिशा निर्देश भी दिया गया है कि कांग्रेस के मानने वाले लोग एवं सच्चे सिपाही को कांग्रेस से जोड़ने का काम करें।धनबाद जिला कांग्रेस प्रवेक्षक सह नोडल प्रभारी अशोक कुमार चौधरी ने कहा, कांग्रेस पार्टी ने इस साल को संगठन सृजन वर्ष घोषित किया है। तीन महीने तक यह अभियान चलेगा। बूथ स्तर से लेकर पंचायत, मंडल, प्रखंड और जिला कमेटी तक का गठन किया जाएगा। हर कमेटी में 12 पदाधिकारी होंगे। पुराने पदाधिकारी अगर सक्रिय हैं तो उन्हें रखा जाएगा। जो निष्क्रिय हैं, उन्हें हटाकर नए लोगों को जिम्मेदारी दी जाएगी। पार्टी के नीति और सिद्धांतों में आस्था रखने वालों को ही संगठन में जगह मिलेगी। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं चलेगी। हर स्तर पर सोशल मीडिया और मीडिया सेल भी बनेगा। जिला कांग्रेस कमिटी में निष्क्रिय पदाधिकारीगण को बदल कर नये उर्जावान को शामिल करने का आदेश मिला है। प्रदेश नेतृत्व ने इस संबंध मे जिलाध्यक्ष को आवश्यक निर्देश दिए हैं।बैठक को अजय कुमार दुबे, बृजेंद्र प्रसाद सिंह, शाहिद कमर, मदन महतो, शमशेर आलम, सीता राणा, मुख्तार खान, प्रभात सुरोलिया, बिल्किश खानम, इरफान खान चौधरी, योगेंद्र सिंह योगी, जहीर अंसारी समेत कई लोगों ने संबोधित किया।



## कैंडल मार्च निकाल आतंकी हमले के मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह के निर्देशानुसार पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटको की आत्मा की शांति के लिए आवासीय कार्यालय जोड़ापोखर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई जिसमें सर्वप्रथम 2 मिनट का मौन रख कर शोक संवेदनाएं प्रकट की गई। तत्पश्चात कैंडल मार्च आवासीय कार्यालय से निकल कर शहीद शशिकांत पांडे चौक के पास समाप्त हुई। संवेदनाएं एवं कार्यक्रम का नेतृत्व व्यक्त करते हुए अनुपमा सिंह के प्रतिनिधि सतपाल सिंह ब्रोका ने कहा कि दुख कि इस घड़ी में दिवंगत परिवारों और उनकी शहादत के साथ वे खड़े हैं। पहलगाम में आतंकियों द्वारा कायराना हमला करके क्रूरता की सभी हदें पार कर निर्मम हत्या कर मानवता को शर्मसार किया है। इस अमानवीय हृदय विदारक घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। ऐसे दरिंदों दहशतगर्दो के खिलाफ केंद्र सरकार कड़ी से कड़ी कार्रवाई करे और करारा जवाब दे ताकि ऐसी घटना की पुर्नवृत्ति ना हो। राष्ट्र सर्वोपरि है, देश एकजुट है, कांग्रेस पार्टी आतंकवाद के खिलाफ लिए जाने वाले हर कड़े फैसले के साथ केंद्र के साथ खड़ी है। श्रद्धांजलि सभा और कैंडल मार्च में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# विक्टोरिया : यादों की सवारी और लुप्त होती विरासत : अहमद निसार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** तीन दशक पहले हमारे शहर की गलियों में जब शाम ढलती थी, तो घोड़ों की टापों की आवाज़ और विक्टोरिया गाड़ियों की खड़खड़ाहट एक खास रूमानी माहौल रच देती थी। विवाह समारोह हों या सैर-सपाटा, विक्टोरिया की सवारी शान और रोमांच का प्रतीक मानी जाती थी। आज यह सब मानो किसी पुराने फिल्मी दृश्य का हिस्सा हो गया है, क्योंकि विक्टोरिया अब हमारे शहर से लगभग गायब हो चुकी है। कोयला नगरी झरिया चार नम्बर में तो घोड़ा स्टेंड हुआ करता था जिसको तरक्क़ी की नज़र लग गई, वहां पर अब मार्केट है।

**सवारी के अनोखे मज़े**

विक्टोरिया में बैठकर शहर की सैर करना एक अलग ही अनुभव होता था। खुली हवा में, धीमी गति से चलती यह गाड़ी न सिर्फ मंज़िल तक पहुंचाती थी, बल्कि रास्ते की खूबसूरती भी महसूस कराती थी। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सबके लिए यह सफ़र किसी उत्सव से कम नहीं होता था। विवाह के बारातों में तो इसकी सवारी वर की शान बढ़ा देती थी।

**लुप्त होने के कारण**

विक्टोरिया का अचानक से लुप्त होना महज़ एक संयोग नहीं, बल्कि बदलते वक्त और तकनीक का असर है। ऑटो, टैक्सी और ई-रिक्शा जैसे तेज़, सस्ते और व्यावसायिक साधनों ने इसकी जगह ले ली। साथ ही, पशु अधिकारों की जागरूकता बढ़ने के साथ-साथ घोड़ों की देखभाल और रखरखाव की जिम्मेदारी भी बोझिल लगने लगी। शहरों में बढ़ते ट्रैफिक और चौड़ी सड़कों ने विक्टोरिया के लिए जगह कम कर दी।



**कोचवानों की बदहाली**

जहाँ कभी कोचवान (घोड़ा गाड़ी चालक) सम्मान से अपनी रोज़ी रोटी कमाते थे, आज वे बेरोज़गारी या मज़दूरी के लिए मजबूर हो गए हैं। उनके पास कोई वैकल्पिक प्रशिक्षण या आजीविका का साधन नहीं रहा। ज़िंदगी जीने के लिए कोचवानों को मज़दूरी करने को मज़बूर होना पड़ा, कई कोचवान आज भी अपने पुराने घोड़ों की सेवा करते हैं, लेकिन बिना किसी सरकारी सहायता या संरक्षण के।

**क्या है समाधान?**

यदि स्थानीय प्रशासन और सांस्कृतिक संस्थाएं चाहें, तो विक्टोरिया को एक विरासत सवारी के रूप में संरक्षित किया जा सकता है। विशेष पर्यटन स्थलों या उत्सवों में इसकी वापसी संभव है। इससे न केवल कोचवानों को रोज़गार मिलेगा, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर भी जीवित रह सकेगी। विक्टोरिया महज़ एक सवारी नहीं थी, वह हमारे शहर की आत्मा थी। उसका यूं लुप्त हो जाना एक सांस्कृतिक क्षति है, जिसे समझना और संजोना हमारी सामूहिक ज़िम्मेदारी है। उक्त सारी बातें धनबाद के जाने माने व प्रसिद्ध लेखक अहमद निसार ने कही।

# वर्षों से छोटानागपुर बॉक्साइट एंड कोल वर्कर्स यूनियन मजदूरों के सेवा करते आ रही है और आगे भी करती रहेगी : धीरज प्रसाद साहू

## आगामी 8 मई को किस्को खेल मैदान में होगा यूनियन का ऐतिहासिक महाधिवेशन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शनिवार को पूर्व राज्यसभा सांसद सह महासचिव छोटानागपुर बॉक्साइट एंड कोल वर्कर्स यूनियन लोहरदगा (झारखंड) के द्वारा सामरी ओरसा पाट माइंस पहुंच मजदूरों से मुलाकात कर बैठक की गई। जिसमें यूनियन को धारदार संगठन को बनाने के लिए विचार-विमर्श किया गया साथ ही आगामी 8 मई को किस्को में होने वाली छोटानागपुर बॉक्साइट एंड कोल वर्कर्स यूनियन का महाधिवेशन कार्यक्रम को सफल आयोजन हेतु बैठक की गई। मौके पर मजदूरों के द्वारा धीरज प्रसाद साहू का स्वागत माइंस में जोरदार नारा लगाया गया धीरज प्रसाद साहू जिंदाबाद, छोटानागपुर बॉक्साइड एंड कॉल वर्कर्स यूनियन जिंदाबाद के नारे फूल-माला के साथ किया गया।इस मौके पर धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि छोटानागपुर बॉक्साइट एंड कोल वर्कर्स यूनियन का उद्देश्य मजदूरों का सेवा करना है। आज हमारे क्षेत्र के लोग अधिकतर माइनिंग क्षेत्र में अपने कार्य कर के रोजगार प्राप्त कर रहे। लेकिन कंपनी के द्वारा ऐसे कार्य किया जा रहा है जिससे मजदूरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है जैसे कंपनी के द्वारा मजदूरों से कार्य अधिक और वेतन कम दिया जाता है।तकनीकी युवाओं को भी कंपनी के द्वारा प्रताड़ित कर पत्थल तोड़ने में मजबूर किया जाता है। आदि जैसे काफी समस्याएं आती है। साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार से वंचित करने का प्रयास भी किया जाता है।साथ ही कम्पनी के द्वारा मजदूरों को तोड़ने का काम करती है ताकि वह अपना शोषण कर सके जिसके लिए हमेशा से छोटानागपुर बॉक्साइड एंड कोल वर्कर्स यूनियन मजदूरों के लड़ाई लड़ते आई है और हमेशा मजदूरों के लिए लड़ते रहेगी।मजदूरों के साथ शोषण बर्दाश नहीं करेंगे। आज हम सभी को मिलकर यूनियन को मजदूर करने का कार्य करना है और आगामी 8 अप्रैल को किस्को में आयोजित छोटानागपुर बॉक्साइड एंड कोल वर्कर्स यूनियन लोहरदगा। (झारखंड) का महाधिवेशन में शामिल होकर कंपनी के शोषण ऐसे अपने हक के लिए एक साथ आवाज बुलंद करे और महाधिवेशन को सफल बनाए यह महाधिवेशन मजदूरों के लिए ऐतिहासिक होगी।इस मौके पर मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा मजदूरों के सेवक है धीरज प्रसाद साहू उनका एक ही सिद्धान्त है सेवा है गरीब, मजबूर आदि सभी लोगों का सेवा है।हम सभी मजदूरों को एक साथ मिल कर छोटानागपुर बॉक्साइट एंड कोल वर्कर्स यूनियन और धीरज प्रसाद साहू जी के हाथ से हाथ मिला के चले और सेवा करे। इस मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, इफ्तेखार आलम, सोहराब अंसारी, प्रेम कुमार दत्ता, ऐनुल अंसारी, एकरामुल अंसारी, रौनक इकबाल, असलम अंसारी, रेयाज अंसारी, अमजद खान, मुखिया अमृता देवी, सतेंद्र प्रसाद, अम्बर कुमार, किशोर तिर्की, अभय मिंज, रामनरेश, कोमल किंडो आदि उपस्थित थे।

# कयूम अंसारी ने भूमि संरक्षण में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भूमि संरक्षण कार्यालय में भ्रष्टाचार और लूट खसोट चरम सीमा पर है। उस पर उच्च स्तरीय जांच कराकर संबंधित अधिकारी पर उचित कार्रवाई करने के लिए, भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच जिला सचिव कयूम अंसारी ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन। जिसमें पत्र के माध्यम से बतलाया गया कि भूमि संरक्षण कार्यालय में भ्रष्टाचार लूट खसोट बिचौलियों के द्वारा चरम सीमा पर किया जा रहा है। आए दिन न्यूज समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया पर यह देखने पढ़ने को मिलता है। यहाँ के पदाधिकारी दिनभर बिचौलिया संघ सरकारी योजना का बंदरबांट करने के लिए योजना बनाते रहते है। सेटिंग कर पैसा निकालते है। कार्यालय में बिचौलिया का भीड़ रहता है कोई पानी पंचायत या लाभुक समिति नहीं रहते है। सिर्फ सेटिंग गेटिंग का खेल चलता है। इस विभाग के पदाधिकारी एक से बढ़कर एक भ्रष्टाचारी में लिप्त है। इस पदाधिकारी पर जिला खूंटी में घोटाला का आरोप है जिस पर जांच चल रही है। एक बिहार से कनीय अभियंता है जो जाति पूछकर काम करते है। यहां के सीधा साधा आदिवासी मूलवासी अल्पसंख्यकों को लाभुक समिति। पानी पंचायत बना कर बिचौलिया के माध्यम से चेक में साइन कराकर रख लेते है। पदाधिकारी को पैसा खिलाकर बिचौलिया संघ अपना पैसा बना रहे हैं। इस विभाग में महीनों चक्कर लगाने के बाद भी काम नहीं होता। इसका नतीजा है कि 2024-25 में सिर्फ बड़े जाति के बिचौलिया का काम हुआ और 1 करोड 69लाख 95हजार 900 की इस कार्यालय से भुगतान किया गया है। सिर्फ इन खाता की जांच एवं योजना की जांच फ़ाइल की जाँच कराई जाएगी तो बिचौलिया का खात्मा होगा और सही रूप से काम होने का रास्ता खुलेगा। यहां के अधिकारी का कहना है कि कुछ नहीं होने वाला क्योंकि ऊपर सभी पदाधिकारी को हम लोग पैसा खिलाते हैं। कुछ बिंदु पर जांच करना आवश्यक जरूरी है जो निम्न है। इस विभाग के तालाब जीर्णोद्धार में लूट कुछ इस तरह किया जाता है सिर्फ मेड़ को काटकर बिल बनाकर पैसा की निकासी की जाती है। इस विभाग में 30% रिश्वत लेकर भी भुगतान नहीं कराया जाता है समाचार पत्र मे देखने को मिला है प्रति संलग्न समाचार पत्र का नाम प्रभात मंत्र भूमि संरक्षण विभाग में सामाजिक कार्यकर्ता ने भी लापरवाही और घूसखोरी एवं नियम के विरुद्ध पैसा निकासी करने का आरोप लगा चुके हैं।सभी बिंदु पर एक उच्चस्तरीय जांच कमेटी बनाकर जांच कराई जाती है। तो भूमि संरक्षण पदाधिकारी का काला चिट्ठा सामने आएगी। भूमि संरक्षण पदाधिकारी पर जल्द करवाई नहीं हुई तो भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच बाध्य होकर जिला मुख्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करेंगी।

# भाजपा के द्वारा प्रधानमंत्री के मासिक मन की बात के 121 वें एपिसोड का हुआ आयोजन : सचिन कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 121वें एपिसोड का आयोजन रविवार को लोहरदगा नगर के विभिन्न बूथों पर किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने देशभक्ति की भावना के साथ एकजुट होकर इस कार्यक्रम को सुना। कार्यक्रम का सफल संचालन भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सचिन कुमार साहू के नेतृत्व में हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने उद्बोधन में 22 अप्रैल को देश में हुई आतंकी घटना का जिक्र करते हुए कहा कि पूरा देश आक्रोशित है और आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर कठोर कार्रवाई के लिए तैयार है।उन्होंने विश्वास दिलाया कि आतंकियों को उनके कृत्य की कठोरतम सजा दी जाएगी। प्रधानमंत्री ने भारत की अंतरिक्ष क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत ने एक साथ 104 उपग्रहों का प्रक्षेपण कर विश्व रिकॉर्ड बनाया है और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुँचने वाला पहला देश बनकर इतिहास रच दिया है। साथ ही, प्रधानमंत्री ने युवा वैज्ञानिकों की साधनहीन परिस्थितियों में भी अडिग संघर्ष भावना का उदाहरण देते हुए बताया कि किस तरह बैलगाड़ियों और साइकिलों से वैज्ञानिक उपकरण पहुँचाए जाते थे। संकल्प पत्र नगर संयोजक सत्यम कुमार ने कहा कि कृषि क्षेत्र में नवाचारों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि अब हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले की खूबसूरत घाटियों में भी केसर की खेती प्रारंभ हो गई है,जो आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक नया कदम है।भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का %मन की बात कार्यक्रम देशवासियों को जागरूकता, प्रेरणा और सकारात्मक सोच से जोड़ने का माध्यम बन चुका है।

## पशु पक्षीयों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करना सराहनीय कदम : ओम प्रकाश सिंह

# पशु पक्षियों के दाना पानी को लेकर बर्म्मन हाईवे पेट्रोल पंप के द्वारा चलाया जागरुकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में पड रहे भीषण गर्मी से जहां आमजन हलकान में है वहीं छोटे-छोटे जलाशयों के सूख जाने से पशु पक्षी भी व्याकुल होकर भटक रहे हैं या तो दम भी तोड़ रहे हैं। इन बेजुबान पशु पक्षियों के दाना पानी को लेकर रविवार को साइंस फोर सोसाइटी एवं बर्म्मन हाईवे पेट्रोल पंप के प्रयास से बीएस कॉलेज के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग में टू व्हीलर,फोर व्हीलर, ऑटो, पिकअप, यात्री बस, साइकिल सवार व पैदल राहगीरों के बीच मिट्टी के सिकोरे व चावल के दाने वितरण किया गया, साथ ही अपील की गई कि वह अपने मोहल्ले में भी बेजुबान पशु पक्षियों के लिए जल की व्यवस्था करें।मौके पर सोसाइटी व इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रेसिडेंट डॉ गणेश प्रसाद व डॉक्टर शैलेश कुमार ने कहा कि थोड़े प्रयास से पशु पक्षियों की जान बचाई जा सकती है और यह सभी नागरिकों का कर्तव्य व मानवता भी है। झारखंड प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के पूर्व सदस्य ओमप्रकाश सिंह, अधिवक्ता देवाशीष कार व अधिवक्ता अनिल पांडे ने कहा कि घुमंतू पशुओं व मवेशियों हेतु घर व प्रतिष्ठान के बाहर नाद में जल रखें, ऐसे कार्य से पुण्य भी प्राप्त होता है। लोहरदगा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्य संजय बर्म्मन व रेड क्रॉस सोसायटी सचिव व प्रधानाध्यापक अरुण राम ने कहा कि पेड़ों की अंधाधुंध कटाई, सिंगल यूज्ड पॉलिथीन का जबरदस्त इस्तेमाल, पर्यावरण संरक्षण के प्रति उदासीनता से मौसम लगातार प्रतिकूल होते जा रहे हैं और इसके लिए प्रशासन कम और हम लोग ज्यादा जिम्मेदार हैं।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री की मन की बात सुन कर भाजपा को मजबूत करने का लिया संकल्प



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत प्रखंड क्षेत्र के सेन्हा पंचायत अन्तर्गत बूथ संख्या 43 में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम आयोजित हुआ। मन की सुन कर भारतीय जमता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भाजपा और राष्ट राष्ट्रीयता के लिये राष्ट का विकास का संकल्प लिया। वही जिला उपाध्यक्ष हर्षनाथ महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश का विकास के साथ साथ सर्वांगीण विकास के लिये कृतसंकल्पित हैं। प्रधानमंत्री का सपना और दृढ़ इच्छा है राष्ट को मजबूती के साथ विकास के पथ पर आगे बढ़ाना है। साथ ही कहा की श्री मोदी जी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष हर्षनाथ महतो, केदारनाथ साहू,जोधनारायण साहू, शंकर राम सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 150 वॉ सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल एवं सह सचिव संजय चौधरी ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए और सभी ने भारत माता की जय का जयकारा लगाते हुए नमन किए और पिछले दिनों कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों के द्वारा मारे गए सभी दिवंगत आत्माओं के लिए 1 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई, आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 40 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन,यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बी पी, वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया, एवं अन्य सभी प्रकार की स्वास्थ जांच पैथोलॉजी के माध्यम से आधे खर्च में ही कराई जाती है, जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि स्वस्थ शरीर रहने पर ही जीवन जीने का आनंद ले सकेंगे नहीं तो सभी चीजें व्यर्थ है,और जिला अध्यक्ष ने आतंकवादियों द्वारा पहलगाम में किए गए घटना की निंदा करते हुए कहा कि भारत सरकार आतंकवादियों को मुंह तोड़ जवाब दें और आतंकवाद को सहयोग एवं पनाह देने वाले देश की मिट्टी पलीद करने का काम करें। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा की गर्मी के मौसम पर कड़े धूप में निकलना हो तो छाता या गमछा लगाकर ही निकले एवं पानी का सेवन अधिक से अधिक करें और डाक्टर ने पहलगाम एवं बंगाल में हुई घटना की निंदा करते हुए केंद्र सरकार से सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

# भ्रष्टाचार चरम पर, अनियमितता गबन करने वाले पदाधिकारी को खुला छूट मिला हुआ है : शकील अख्तर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रविवार को होटल केतकी पैलेस में भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच का एक जिला विस्तार कमेटी मनोनयन पत्र देने हेतु संगठन की मजबूती पर चर्चा किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से जिला कार्यकारिणी सदस्य कामिल तोपनो, जावेद खान, संगठन मंत्री रामचंदर भगत,उपाध्यक्ष रंजीत कुमार गिरि, एवम् प्रखंड अध्यक्ष पेसरार एलेक्स टोप्पो, सचिव सुनील तिर्की, प्रखंड सचिव किस्को परवेज खान, प्रखंड सचिव सेन्हा अब्दुल कादिर अंसारी, को बनाया गया एवं सचिव संजय विश्वकर्मा, सह सचिव कयुम अंसारी, संरक्षक प्रदीप राना, उपाध्यक्ष एजाज अख्तर उन सभी पदाधिकारियों को मनोनयन प्रमाण पत्र दिया गया। जिलाध्यक्ष शकील अख्तर ने कहा जिला मे भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है अनियमितता गबन करने वाले पदाधिकारी को खुला छूट मिला हुआ है। इसको काबू करने के लिए कोई भी संगठन नहीं है इसलिए पूरे झारखंड में भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच का गठन किया गया है जिसके लिए लोहरदगा में भी तेज रफ्तार से संगठन को विस्तार किया जा रहा है। सभी प्रखंडों में प्रखंड अध्यक्ष नियुक्त करते हुए पंचायत स्तर पर कमेटी बनाएंगे जिससे आम आदमी को जागरूकता किया जा सके। ताकि भ्रष्टाचार लूट पर अंकुश लगाया जा सके। सरकार की पॉलिसी के तहत सभी अधिकारी को अपनी संपत्तियों का ब्यौरा देना है लेकिन कोई भी अधिकारी अपनी संपत्ति का ब्यौरा नहीं देते हैं।

# पहलगाम हमला कायरो के द्वारा मानवता पर हमला है : नवोदयंस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** नवोदय विद्यालय पूर्ववर्ती छात्र संघ के द्वारा पावरगंज चौक तक पहलगाम में हुए बेगुनाहों के बेरहमी से हत्या के खिलाफ कैंडल मार्च निकाला गया ।इस मार्च में नवोदय विद्यालय के सैकड़ो पूर्ववर्ती छात्र शामिल हुए। आतंकवादियों को सजा दिलाने तथा उन पर कड़ी कार्रवाई की मांग के नारे लगाते हुए यह सुभाष चौक पर जमा हुए और आतंकियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की इन्होंने केंद्र सरकार से मांग की है कि आतंकवादियों और उनके आकाओं को ढूंढ कर ऐसी सजा देनी चाहिए की दोबारा इस तरह की घटना करने से पहले अंजाम को सोचकर उनकी रूह कांप जाए। अपने संबोधन में पूर्ववर्ती छात्र संघ के अध्यक्ष कलिंदर उरांव ने कहा यह घटना बहुत दुखद और कायराना है। निहत्थे आम नागरिकों पर गोलियां बरसाना मानवता के खिलाफ है। सचिव सागर वर्मा ने कहा की पहलगाम में हुए कायरना आतंकी हमले ने हम सब की आत्मा को झकझोर दिया है। यह हमला केवल निर्दोष लोगों पर नहीं था। यह हमला हमारे देश की एकता, शांति और भाईचारे पर था। हम उन सभी मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए यहां इकट्ठा हुए हैं।

# नवनिर्मित हनुमान मंदिर प्राणप्रतिष्ठा का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** एकागुड़ी ग्राम में सनातनियों के सहयोग से नवनिर्मित हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया प्रखंड क्षेत्र के चितरी डांडू पंचायत अन्तर्गत नवनिर्मित हनुमान मंदिर का प्रण प्रतिष्ठा सोमवार को कलश यात्रा के साथ प्रारम्भ हो गया। मन्दिर निर्माण में एकागुड़ी ग्राम व अगल बगल ग्राम के सनातनियों एवं समाजसेवी के सौजन्य से नवनिर्मित हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुरुआत कलश यात्रा के साथ आरम्भ हुआ। जिसमें 151 बालिकाओं द्वारा मेढो कोयल नदी से कलश में जल उठा कर मन्दिर प्रांगण तक लाया गया। साथ ही प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व हनुमान जी का प्रतिमा को नगर भ्रमण कराया गया। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आचार्य पंकज पाठक द्वारा वैदिक मंत्रोचारण के साथ प्राण प्रतिष्ठ आरम्भ किया गया।वही जयचंद्र ठाकुर, सतीश मिश्रा, राजू उरांव, सुरेश उरांव, सरोज उरांव ने जानकारी देते हुए बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम दिन कलश यात्रा दूसरे दिन पंचांग पूजन,वेदी पूजन और नगर भ्रमण होगा। तथा अंतिम दिन प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात हवन, महाआरती और भंडारा का आयोजन किया जायेगा। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में श्यामकिशोर साहु,वीर बहादुर सिंह, ईश्वर साहु, विजय साहु, नरायण ठाकुर, निरातम सिंह, प्रमोद महतो, राजू साहु, आशु कुमार, रोहित यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष भक्तगण उपस्थित थे।

# अंजुमन इस्लामिया ने किया विरोध मार्च, फूंका आतंकवाद का पुतला, मारे गए पर्यटकों के प्रति किया संवेदना प्रकट

➲निर्दोष पर्यटकों पर आतंकी हमला कायराना हरकत, आतंकी संगठन के खिलाफ हो कड़ी कार्रवाई : अब्दुल रउफ अंसारी

➲आतंकी हमले से देश में रहने वाले हिंदू और मुसलमानों के बीच सौहार्द को बिगाड़ने की हुई कोशिश : शाहिद अहमद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** दहशतगर्दो के जरिए कश्मीर के पहलगाम में दो दर्जन से अधिक पर्यटकों की नृशंस हत्या की घटना के खिलाफ शनिवार की शाम अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के तत्वावधान में विरोध मार्च निकाल कर आतंकवाद का पुतला फूंका गया। अंजुमन इस्लामिया के सदर अब्दुल रउफ अंसारी और सचिव शाहिद अहमद बेलू के नेतृत्व में अंजुमन कार्यालय के समीप से आतंकवाद के पुतला के साथ विरोध मार्च निकल कर विभिन्न चौके चौराहों से होते पावरगंज स्थित सुभाष चौक तक पहुंची। वहां पहुंच कर आतंकवाद का पुतला फूंका गया। वहां दो मिनट का मौन रखकर मारे गए सभी पर्यटकों के प्रति संवेदना प्रकट कर श्राद्धांजलि दी गई। मौके पर सदर अब्दुल रउफ अंसारी ने कहा कि इस तरह की आतंकी घटनाओं का उद्देश्य देश में रहने वाले हिंदुओं और मुसलमानों के बीच सौहार्द को बिगाड़ना है। उन्होंने मांग की कि भारतीयों की हत्या करने वाले आतंकवादियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। अंजुमन इस्लामिया के सचिव शाहिद अहमद बेलू ने कहा कि सरकार आतंकी संगठन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे ताकि कश्मीर घाटी में शांति बहाल हो। उन्होंने सरकार से इस जघन्य अपराध में शामिल किसी भी व्यक्ति को न बख्शने का आग्रह किया। कहा कि इस तरह के कृत्यों से गंभीरता से निपटा जाना चाहिए और आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाना चाहिए। विरोध प्रदर्शन में नाइब सदर हाजी नईम खान,सैयद आरीफ हुसैन, कोषाध्यक्ष फिरोज शाह, सहसचिव अल्ताफ कुरैशी, अनवर अंसारी, फारूक कुरैशी, सारफुल अंसारी, सरफुद्दीन खलीफा, इरशाद आलम,अली रहमान कुरैशी, इकरामुल अंसारी, रूस्तम अंसारी, दानिश अली, वासिफ कय्यूम, सरवर खान, सरफुल अंसारी, नेसार अहमद, सफरूद्दीन खलीफा, इरशाद आलम, अली रहमान कुरैशी, इकरामुल अंसारी, सेराज अंसारी, अरशद अंसारी, कम्मू कुरैशी, जहांगीर कुरैशी समेत सभी पदाधिकारी, मेंबर्स व बड़ी संख्या मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद थे।

## 10 मई को लोहरदगा में आयोजित कांग्रेस का जनसभा ऐतिहासिक होगा : सुखैर भगत

# 3 मई को लोहरदगा से सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता रांची रैली में होंगे शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर 3 मई को पूराना विधानसभा रांची में संविधान बचाओ अभियान के तहत राज्य स्तरीय रैली तथा 10 मई को लोहरदगा में जिला स्तरीय रैली तथा समाहरणालय मैदान में विशाल जनसभा करने के संदर्भ में आज लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में राजेंद्र भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखैर भगत की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि 10 मई को लोहरदगा समाहरणालय मैदान में आयोजित विशाल जनसभा ऐतिहासिक होगा जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। इस जनसभा में संविधान बचाओ मुद्दे के साथ-साथ सरना धर्म कोड़ को अविलंब केंद्र सरकार लागू करें, पेसा कानून को अविलंब राज्य सरकार लागू करें तथा केंद्र सरकार द्वारा वक्फ बोर्ड में जो संशोधन किया गया है उसे अविलंब वापस ले सहित अनेक स्थानीय मुद्दे भी होंगे। इस विशाल जनसभा में 66 पंचायत के साथ-साथ सभी बूथों से कांग्रेस का कार्यकर्ता शामिल होगा तथा सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता रांची रैली में भी शामिल होंगे। सुखैर भगत ने कहा कि स्थानीय सांसद,स्थानीय विधायक, स्थानीय पूर्व सांसद, प्रदेश के नेतागण, झारखंड के प्रभारी को इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से आमंत्रित किया जाएगा। जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद ने कहा कि भाजपा धार्मिक एवं जातिवाद उन्माद फैलाकर शासन करना चाहती है। नेशनल हेराल्ड के मामले में किस प्रकार भाजपा एक षड्यंत्र के तहत हमारे नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी सहित अनेक नेताओं को फसाया है जिसका हमें मुंह तोड़ जवाब देना है। आपसी मतभेद बुलाकर हम सब को एकजुट होकर मोदी सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करना है। प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने कहा कि लोहरदगा एवं रांची में आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सामूहिक जनसंपर्क अभियान चलाना होगा। लोहरदगा में कोई भी नेता व कार्यकर्ता अपने आप कोपार्टी के ऊपर नहीं समझें उन्हें पार्टी के सिद्धांत को मानना ही होगा। लोहरदगा में सैकड़ो परिवारों ने कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पार्टी का कार्यक्रम जहां तय है उसके अलावा अगर कहीं भी समानांतर कार्यक्रम किया जाता है तो वैसे लोग पार्टी अनुशासनहीनता के दायरे में आएंगे जिनकि शिकायत प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी फोरम में किया जाएगा। लोहरदगा में 10 तारीख को आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हमें युद्ध स्तर पर कार्य करना होगा। बैठक में लोहरदगा इंटक के अध्यक्ष आलोक कुमार साहू के बनने पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुखैर भगत, कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद, मोहन दुबे नेसार अहमद साजिद अहमद, रीना कुमारी,वारिस कुरैशी सहित बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने आलोक कुमार साहू को बधाई दिए तथा माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया। आज के बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य वारिस कुरैशी, सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद चंगू, आलोक साहू, मोहन दुबे, सदरुल अंसारी, सलीम अंसारी बड़े, हाजी सिकंदर अनिल उरांव, जुगल उरांव, अनीश खान, विनोद खेरवार, यूनुस अंसारी, सत्यदेव भगत, शंभू प्रजापति, सोनू कुरैशी, प्रकाश उरांव, मुश्ताक अहमद, अमृता उरांव, रविंद्र सिंह, मोहम्मद जिलानी मनौव्वर आलम, शुभम सहदेव, समूल अंसारी, ऐनल अंसारी, संतोष महतो, राजू कुरैशी, बिरमत भगत, अनमोल तिर्की, रफीक अंसारी, तारीख अनवर, सरिता देवी, सुशीला देवी, बबीता देवी, मुजाहिर अंसारी, अब्दुल रऊफ, सेराज खान, जफरुल ईमाम, रुस्तम अंसारी, समेत अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### मिडिल-क्लास के लिए घर बनाएगा हाउसिंग बोर्ड




**जयपुर :** राजस्थान हाउसिंग बोर्ड जयपुर के मानसरोवर में मल्टी-स्टोरी फ्लैट की स्कीम लॉन्च करेगा। करीब 14 साल बाद जयपुर शहर में कोई सरकारी एजेंसी आमजन के लिए आवासीय योजना लॉन्च करने जा रही है। इस स्कीम में मिडिल इनकम ग्रुप-ए (एमआईजी-ए) और मिडिल इनकम ग्रुप-बी (एमआईजी-बी) के लिए फ्लैट बनाए जाएंगे।सूत्रों के मुताबिक यह योजना मानसरोवर में सेक्टर-5 शिप्रा पथ सरयू मार्ग स्थित अपेक्स हॉस्पिटल के पास होगी। इस योजना में 160 फ्लैट बनाए जाने प्रस्तावित हैं। कुछ माह पहले इस जमीन पर चल रहे केस को जीतने के बाद बोर्ड प्रशासन ने इस जमीन पर योजना की प्लानिंग की है। योजना में फ्लैट की साइज और रेट्स का निर्धारण करना अभी शेष है। सूत्रों का कहना है कि एक फ्लैट की कीमत 45 लाख रुपए से ज्यादा होगी। फ्लैट 2 और 3 बीएचके के बनाए जाने की योजना है। जो मई या जून में लॉन्च हो सकती है।इससे पहले साल 2010-11 में हाउसिंग बोर्ड ने मानसरोवर में हाउसिंग बोर्ड सर्किल ऑफिस के पास द्वारका अपार्टमेंट के नाम से योजना लॉन्च की थी। इस योजना में मिडिल इनकम ग्रुप के लिए फ्लैट बनाए गए थे। इसके बाद से मानसरोवर में आमजन के लिए कोई योजना नहीं लाई गई।हाउसिंग बोर्ड सूत्रों के मुताबिक जयपुर में ही प्रताप नगर सेक्टर-26 में भी 60 फ्लैट की योजना लॉन्च करने की तैयारी है। इस योजना में एमआईजी-ए के फ्लैट बनाए जाने प्रस्तावित है। इस योजना को मानसरोवर की योजना के साथ ही शुरू किया जाएगा।

### निदेशक ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**पौड़ी गढ़वाल :** निदेशक अर्थ एवं संख्या सुशील कुमार ने विकास खण्ड पाबौ की ग्राम पंचायतों छानी, कोटली तथा भटिगांव का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति का जायजा लेते हुए ग्राम कोटली के बीआरसी मीटिंग हॉल में ग्रामवासियों की समस्याएं सुनी व समाधान के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए।निदेशक ने ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे पलायन को रोकने के लिए कृषि, उद्यान, पशुपालन और मत्स्य विभागों की योजनाओं को अपनाते हुए अपनी आर्थिकी स्थिति को मजबूत करने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया। उन्होंने ग्रामीणों को यह भी कहा कि वे अपने खेतों को बंजर न छोड़ें और विभागीय सहयोग से खेतीबाड़ी व उद्यान कार्यों को अपनाकर अपनी आजीविका सुदृढ़ करें। इस दौरान ग्रामीणों ने ग्रीष्मकाल में पेयजल संकट के समाधान हेतु पेयजल टैंक निर्माण और सौर ऊर्जा लाइट्स की मांग रखी। निदेशक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने को कहा। इस दौरान जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी पौड़ी व एबीडीओ पाबौ द्वारा विभिन्न विभागों की संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। वहीं शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल विकास, पेयजल, सड़क, बिजली, कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, समाज कल्याण तथा ग्राम्य विकास विभागों से संबंधित योजनाओं की जानकारी ग्रामवासियों को दी गई। निदेशक ने ग्रामीणों द्वारा दिये गये सुझावों को आगामी योजनाओं में सम्मिलित करने के भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस मौके पर संयुक्त निदेशक अर्थ एवं संख्या टीएस अन्ना, संयुक्त निदेशक अर्थ एवं संख्या गढ़वाल मंडल चित्रा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राम सलोने, अपर सांख्यिकीय अधिकारी रणजीत रावत, अरविंद मिश्रा, अरविंद सैनी आदि मौजूद रहे।

# गंगा स्नान के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

एजेंसी



**हरिद्वार:** वैशाख अमावस्या पर आज देश के कई प्रांतों से आए लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में डूबकी लगा पुण्य लाभ अर्जित किया। अमावस्या पर लोगों ने अपने परिजनों के निमित्त पिण्डदान, श्राद्ध-तर्पण, नारायण बलि आदि कर्म किए। सप्ताह का अंतिम दिन होने के कारण शहर में जाम की स्थिति भी बनी रही। यातायात सामान्य बनाने के लिए पुलिस को खासी मशक्कत करनी पड़ी।रविवार को वैशाख अमावस्या पर लाखों श्रद्धालुओं ने हरकी पैड़ी ब्रह्मकुण्ड समेत गंगा के विभिन्न घाटों पर पुण्य की डुबकी लगायी। बता दें कि वैशाख अमावस्या पर गंगा स्नान का खासा महत्व बताया गया है। इसी कारण आज तीर्थनगरी में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

लोगों ने गंगा स्नान के पश्चात दान-पुण्य आदि कर्म किए। देवालयों में भी आज खासी भीड़ रही। अमावस्या पर लोगों ने अपने पितरों के मोक्ष की कामना को लेकर पिण्डदान, श्राद्ध, तर्पण व नारायणबलि आदि कर्म किए। नारायण बलि के लिए प्राचीन नारायणी शिला पर भारी भीड़ रही। भीड़ का आलम यह था कि लोगों को नारायणी शिला पर बैठने तक का स्थान नहीं मिला, जिस कारण से काफी संख्या में लोगों ने गंगा के घाटों पर नारायण बलि आदि सम्पन्न कराए।सप्ताहांत के साथ अमावस्या होने के कारण भीड़ के चलते यातायात व्यवस्था भी चरमरायी दिखायी दी। राजमार्ग पर वाहन भीड़ के कारण रेंगते नजर आए। यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस के जवानों को खासी मशक्कत करनी पड़ी। अमावस्या पर तीर्थनगरी के आश्रम, अखाड़ों, मठ-मंदिरों में भी कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया।

## नवंबर में होगा नयार वैली फेस्टिवल

एजेंसी



**पौड़ी गड़वाल :** जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए आगामी नवंबर माह में सतपुली के बिलखेत में नयार वैली फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने फेस्टिवल की तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की।जिलाधिकारी ने प्रस्तावित नयार वैली फेस्टिवल को लेकर जिला पर्यटन विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि फेस्टिवल से संबंधित विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर पर्यटन निदेशालय को भेजना सुनिश्चित करें। कहा कि नयार वैली फेस्टिवल में पैराग्लाइडिंग, माउंटेन बाइकिंग, कयाकिंग, एग्लिंग जैसी रोमांचक खेल गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने पर्यटन अधिकारी को इन सभी प्रतियोगिताओं के आयोजन में होने वाले संभावित खर्च का आकलन कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने को कहा। उन्होंने कहा कि नयार घाटी क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं और इस तरह के आयोजनों से न केवल क्षेत्र की पहचान बढ़ेगी बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। बैठक में मुख्य कोषाधिकारी गिरीश चंद्र व जिला पर्यटन विकास अधिकारी खुशाल सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

## सरकार की गलत नीतियों से किसान दुखी: गर्ग

एजेंसी



**सिरसा :** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने रविवार को सिरसा जिला की अनाज मंडियों का दौरा किया और गेहूं खरीद का जायजा लिया। इस दौरान बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों से प्रदेश का किसान व आढ़ती बेहद दुखी है। मंडियों में आज भी 31 लाख मीट्रिक टन गेहूं पड़ी हुई है। सरकार की लापरवाही के कारण मंडियां गेहूं से भरी पड़ी हैं। बजरंग गर्ग ने कहा कि मुख्यमंत्री के गेहूं खरीद, उठान व भुगतान 48 घंटे में करने के सभी दावे पूरी तरह से फेल सिद्ध हुए हैं जबकि गेहूं की सरकारी खरीद एक अप्रैल से शुरु की गई। आज 27 दिन बीत जाने के बाद भी गेहूं खरीद का उठान व भुगतान नहीं हो पाया है। गेहूं उठान व भुगतान न होने के कारण किसान व आढ़तियों में सरकार के प्रति बड़ी भारी नाराजगी है।फसली सीजन में दो बार बारिश होने के कारण हजारों क्विंटल गेहूं किसान की खराब हो गई है और खेतों में बिजली की तारें नीचे लटकने के कारण हजारों एकड़ फसल जलकर राख हो गई है, जिसके कारण किसानों को करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है। सरकार को गेहूं खराब होने और फसल जलने के नुकसान की तुरंत भरपाई करनी चाहिए। मंडियों में तुरंत प्रभाव से गेहूं का उठान व भुगतान करें। गर्ग ने कहा कि सरकार ने गेहूं उठान का टेंडर व मंडियों में बारदाना लेट देने से गेहूं के उठान से देरी हुई है जिसका खामियाजा किसान व आढ़तियों को भुगतान पड़ रहा है। सरकार को गेहूं उठान में देरी करने वालों ठेकेदार व सरकारी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। गर्ग ने कहा कि मण्डियों में अनाज खरीद करने के लिए पूरी व्यवस्था करनी चाहिए।

## बिहार : दलित बस्ती में आग लगने से दर्जनों घर जलकर राख

एजेंसी



**पूर्वी चंपारण :** जिले के रक्सौल में दलित बस्ती में लगी भीषण आग में दर्जनो घर जलकर राख हो गये। बताया जा रहा है,कि तेज हवा के बीच लगी आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते कई घर इसकी चपेट में आ गए। आग लगने की सूचना स्थानीय लोगों ने तुरंत अग्निशमन विभाग को दी। मौके पर अग्निशमन विभाग की दो गाड़ियां पहुंची और भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।घटना की सूचना मिलते ही रक्सौल पुलिस व एसएसबी के जवान भी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में स्थानीय लोगों की मदद की। अगलगी की इस घटना में लाखों रुपये की संपत्ति के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।स्थानीय निवासी चंद्रिका मलिक ने बताया कि बस्ती में कई घरों में शादियों की तैयारियां चल रही थीं। शादी के लिए खरीदे गए कपड़े, गहने और अन्य सामान भी आग की भेंट चढ़ गए।

उन्होंने बताया कि सभी लोग शादी की तैयारियों में व्यस्त थे, तभी अचानक आग ने सबकुछ तबाह कर दिया।अंचलाधिकारी शेखर राज ने बताया कि अगलगी की सूचना मिलते ही हल्का कर्मचारी को मौके पर भेजा गया है। नुकसान का आकलन किया जा रहा है। जिसके बाद प्रभावित परिवारों को सहायता प्रदान करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। घटना के बाद बस्ती में अफरा-तफरी और मायूसी का माहौल है।

# शहरों की सूरत बदलने से 50 प्रतिशत आबादी का जीवन सुधरेगा : मुख्यमंत्री

एजेंसी



**मुंबई:** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को पुणे में कहा कि शहरों की सूरत बदलने से 50 प्रतिशत आबादी का जीवनस्तर सुधरेगा। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र की 50 प्रतिशत आबादी 500 शहरों में रहती है और शेष आबादी 40,000 गांवों में रहती है। यदि हम शहरों की सूरत बदल सकें तो हम 50 प्रतिशत आबादी को बेहतर जीवन मुहैया करा सकते हैं।मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस रविवार को पुणे में यशदा, बर्वे चैरिटेबल ट्रस्ट, इंटरनेशनल सेंटर और पुणे महानगरपालिका द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित %पुणे शहरी संवाद-चुनौतियां और समाधान% कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि मुंबई में उपनगरीय रेलवे, मेट्रो, मोनोरेल की सुविधा एक ही टिकट पर उपलब्ध कराई जाएगी तथा जल टैक्सी भी उपलब्ध कराई जाएगी। इससे किसी भी व्यक्ति को एक यात्रा योजना मिल सकेगी जिसमें उसके 200 मीटर से लेकर उसके गंतव्य तक के यात्रा विकल्प शामिल होंगे। इसे पहले चरण में अगले 6 महीनों में मुंबई में लागू किया जाएगा और बाद में पूरे मुंबई महानगर क्षेत्र में लागू किया जाएगा। हम भविष्य में मार्गो का मानचित्रण करेंगे और इसके लिए गूगल के साथ सहमति बन गई है। इससे सिग्नल का अनुकरण करके यातायात प्रबंधन किया जाएगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश के शहर वीरान नजर आ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से नागरिक शिक्षा, स्वास्थ्य, नौकरी, अवसर, मनोरंजन आदि के लिए शहरों में आते हैं। ऐसी स्थिति में यदि हम आवास नहीं बनाते हैं तो झुग्गी-झोपडियाँ बनती हैं, नदी-नाले अवरुद्ध होते हैं और अतिक्रमण होता है। जैसे-जैसे शहर बढ़ते हैं, सीवेज और पेयजल की समस्याएं उत्पन्न होती हैं, और अचानक यह एहसास होता है कि शहर असहनीय, असंवहनीय और रहने योग्य नहीं रह गए हैं।इस अवसर पर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत दादा पाटिल, शहरी विकास राज्य मंत्री माधुरी मिसाल, विधायक भीमराव तपकिर, विजय शिवतारे, बापूसाहेब पठारे, हेमंत रासने, पूर्व मुख्य सचिव डॉ. नितिन करीर और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### पहलगाम के बलिदानियों को अर्पित किया श्रद्धांजलि

**नैनीताल:** मल्लीताल स्थित श्री सत्य नारायण मंदिर वाले रास्ते और पानी के स्रोत के आसपास रविवार सुबह एस3 ग्रीन आर्मी की ओर से सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान हाल में पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुए बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और सरकार से आतंकवाद के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की गई।अभियान का नेतृत्व कर रहे गोविंद प्रसाद ने बताया कि लगातार अभियान चलाने के बावजूद कुछ लोग जंगल क्षेत्र में बैठकर न केवल खानपान करते हैं, बल्कि शराब की बोतलें तोड़कर, चिप्स व मोमो के रेपर वहीं फेंक देते हैं, जिससे न केवल स्वच्छता बल्कि वन्यजीवों की सुरक्षा को भी खतरा उत्पन्न हो रहा है। टूटी बोतलों के कांच से जानवरों के हाथ-पांव कटने की आशंका बनी रहती है। टीम को इस दौरान कई स्थानों पर घरों से विसर्जित की गयीं भगवान की मूर्तियां, मिट्टी के दिये व पूजन सामग्री भी फेंकी हुई मिली।

## पशु-पक्षियों के कल्याण के लिए कार्य करें पशु वैज्ञानिक : डॉ. नरेश जिंदल

एजेंसी



**हिसार :** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.नरेश जिंदल ने पशु चिकित्सकों एवं पशु वैज्ञानिकों से आह्वान किया है कि वे जागरूक होकर पशु-पक्षियों के कल्याण के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि पशु व पक्षी प्रकृति एवं पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अति आवश्यक है। कुलपति प्रो. नरेश जिंदल रविवार को विश्व पशु चिकित्सा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विश्वविद्यालय के अधिकारियों, प्राध्यापकों, विद्यार्थियों व कर्मचारियों को विश्व पशु चिकित्सा दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि इस बार विश्व पशु चिकित्सा दिवस 2025 का थीम 'पशु स्वास्थ्य के लिए टीम की आवश्यकताहोती है, जिसमें पशु चिकित्सकों, वैज्ञानिकों, सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों और किसानों के सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि विश्व पशु चिकित्सा दिवस की शुरुआत विश्व पशु चिकित्सा संघ ने वर्ष 2000 में की थी। इसी कार्यक्रम के विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों व हिसार शहर के 13 स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए भाषण, पोस्टर व ड्राइंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया व 26 अप्रैल को सेमिनार का भी आयोजन किया था जिसमें लुवास के यूजी,पीजी व इंटर्न के छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर 2025 की थीम पशु स्वास्थ्य के लिए टीम की आवश्यकता होती है के विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता व् भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता सेंट कबीर स्कूल की छात्रा सिया प्रथम, द्वितीय ठाकुर दास भार्गव स्कूल की छात्रा चितरंगी व तृतीय पुरस्कार सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा नव्या, डीपीएस स्कूल की छात्रा यशिका व सेंट कबीर स्कूल की छात्रा काशवी ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। लुवास के छात्रों के लिए आयोजित ड्राइंग प्रतियोगिता में प्रथम ऋचा, द्वितीय श्रुति व तृतीय रजत रहे। लुवास के विद्यार्थियों के लिए आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रथम तरुण, द्वितीय खुशी व तृतीय अभिनव रहे।

# नगरीय निकायों में एक समान होगी प्रक्रिया और शुल्क




एजेंसी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश सरकार नगरीय निकायों में संपत्ति संबंधी कार्यों की प्रक्रियाओं और शुल्क संरचना में एकरूपता लाने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वसीयत, बंटवारा अथवा अन्य प्रकार के नामांतरण के मामलों में सभी नगर निगमों, नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों में अब एक समान प्रक्रिया और शुल्क व्यवस्था लागू की जाए। यह कदम राज्यभर में नागरिकों को समान और पारदर्शी सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से उठाया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद नगर विकास विभाग द्वारा नई व्यवस्था की कार्ययोजना तैयार की जा रही है।राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि वर्तमान व्यवस्था में नगरीय निकायों में नामांतरण प्रक्रियाओं और शुल्कों में व्यापक असमानता है, जिससे नागरिकों को अनावश्यक असुविधा और आर्थिक भार उठाना पड़ता है। उदाहरण के लिए, गाजियाबाद नगर निगम में वसीयत के आधार पर संपत्ति के नामांतरण के लिए पांच हजार रुपये शुल्क लिया जाता है, जबकि लखनऊ नगर निगम में यही कार्य निशुल्क किया जाता है। मेरठ नगर निगम में संपत्ति के बंटवारे के नामांतरण हेतु संपत्ति के मूल्य का तीन प्रतिशत शुल्क निर्धारित है, वहीं प्रयागराज नगर निगम में यह शुल्क केवल दो हजार रुपये है।नगर पालिका परिषदों की बात करें तो फतेहपुर पालिका परिषद में वसीयत के आधार पर नामांतरण पर 2000 रुपये शुल्क लिया जाता है, जबकि बदायूं पालिका परिषद में कोई शुल्क नहीं लिया जाता। तो वहीं नगर पंचायतों में भी ऐसी ही स्थिति है। इसी भिन्नता के चलते एक ही तरह के मामलों में अलग-अलग शहरों में अलग व्यवहार होता है। इससे आम जनता भ्रमित होती है और कई बार एक ही प्रकृति के कार्य के लिए दो अलग-अलग जनपदों में अलग-अलग आर्थिक भार वहन करना पड़ता है। नागरिकों की शिकायतों और जमीनी स्तर पर पनपती असुविधाओं को देखते हुए मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा है कि अब राज्य में आवास एवं शहरी नियोजन विभाग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार ही सभी नगरीय निकायों में प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

### 12 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में जागरूकता कार्यक्रम

**हरिद्वार :** राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत पोषण पखवाड़ा-2025 के अवसर पर जनपद के 12 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य कुपोषण से निपटने तथा गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों और छह वर्ष से कम आयु के बच्चों में पोषण स्तर को सुधारना रहा। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर पोषण जागरूकता अभियान, स्वास्थ्य जांच शिविर, योग सत्र, खेल गतिविधियां और कार्यशालाएं आयोजित की गई।नोडल अधिकारी डॉ. अवनीश उपाध्याय ने बताया कि पोषण सुधार एक सामूहिक प्रयास है। सही आहार और जीवनशैली को अपनाकर हम कुपोषण से होने वाली समस्याओं से बच सकते हैं। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. स्वास्तिक सुरेश ने कहा कि समुचित पोषण को बढ़ावा देने के लिए पूरक आहार, स्तनपान के महत्व और पोषण से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं पर विशेष चर्चा की गई।

# राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के काफिले पर हमला

एजेंसी



**हाथरस :** समाजवादी पार्टी से राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के काफिले पर रविवार दोपहर को हमला हो गया। आरोप है कि क्षत्रिय समाज के युवकों ने काफिले पर टायर और पत्थर फेंके हैं। भागने के दौरान काफिले में चल रही गाड़ियां आपस में टकरा गईं। पांच से छह लोग घायल हुए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राज्यसभा सांसद को सुरक्षा में ले लिया।बताया जा रहा है कि राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन बुलंदशहर में एक दलित परिवार से मिलने जा रहे थे। अलीगढ़ के गभाना टोल प्लाजा से पहले क्षत्रिय समाज के युवक अचानक हाईवे पर आ गए और काफिले पर टायर व पत्थर फेंकने लगे। सांसद के काफिले में 20 से ज्यादा गाड़ियां मौजूद थीं। हमले से बचने के लिए गाड़ियां तेजी से भागने लगी। इस दौरान पांच गाडियां आपस में टकरा गई, जिसमें पांच से छह लोग घायल हो गये। हमले के बाद समर्थक और पुलिसकर्मियों ने रामजीलाल को सुरक्षा घेरे में लेकर उन्हें बुलंदशहर की तरफ रवाना किया।

हमले के बाद घबराए रामजीलाल सुमन ने कहा कि उनके काफिले पर पथराव हुआ। उस समय पुलिस की आंखें पता नहीं, कहां लगी थीं। यूपी में कुछ वर्ग के लोगों पर सरकार मेहरबान है। दलित अत्याचार से परेशान हैं। बुलंदशहर के सुनेहरा में दलितों को कुचलने जैसे मामले सभी के सामने हैं। प्रशासन कहता है कि इन मामलों में कड़ी कार्रवाई की गई है, लेकिन हम इन कार्रवाई को सख्त नहीं मानते, क्योंकि पुलिसिया एक्शन के बाद भी लगातार दलितों पर अत्याचार हो रहे हैं। उनके नेतृत्व में एक डेलीगेशन पीड़ित परिवार से मिलने जा रहा था। इसमें सपा लोहिया वाहिनी अध्यक्ष, अनुसूचित प्रकोष्ठ अध्यक्ष भी शामिल थे। लेकिन पुलिस-प्रशासन ने रोक दिया। प्रशासन नहीं चाहता कि हकीकत सभी के सामने आए।